


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, मै परिवहन निगम हूं... व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ कृष्ण पक्ष त्रयोदशी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 35, अंक 146, पृष्ठ -14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

लखनऊ, रविवार, 22 जून 2025

**आज का मौसम** 33.0° अधिकतम तापमान | 25.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 17 | सूर्यास्त 07 :05



भारत-पाकिस्तान युद्ध रोकने को मुझे नोबेल पुरस्कार नहीं मिलेगा...14

## एक नजर

### एनडीए उम्मीदवार को अयोग्य ठहराए जाने पर एम्स दे अपनी राय

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके एक अभ्यर्थी को रक्त विकार के कारण चिकित्सीय रूप से अयोग्य घोषित कर दिए जाने पर उसकी अर्हता के बारे में विशेषज्ञ राय प्रदान के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को एक मेडिकल बोर्ड नियुक्त करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति रजनीश कुमार गुप्ता की अवकाशकालीन पीठ एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

### मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का भंडाफोड़

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने सीमा पार से मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है जो कथित तौर पर पाकिस्तान स्थित एक तस्कर के संपर्क में थे। पंजाब के पुलिस डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि पुलिस ने उनके कब्जे से 6 .15 किलोग्राम हेरोइन, .30 बोर की एक पिस्तौल, चार कारतूस और 10,000 रुपये नकद भी बरामद किए हैं। यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आरोपियों की पहचान लवप्रीत सिंह उर्फ लव और बलविंदर सिंह उर्फ बॉबी के रूप में हुई है।

# तनाव से गुजर रही दुनिया के लिए योग पॉज बटन

## 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने विशाखापत्तनम में योगाभ्यास कर दिया देश-दुनिया को संदेश

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि दुनिया किसी न किसी तनाव से गुजर रही है, कितने ही क्षेत्रों में अशांति और अस्थिरता बढ़ रही है और ऐसे में योग से हमें शांति की दिशा मिलती है। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन मानवता के लिए उस प्राचीन प्रथा की शुरुआत का प्रतीक है जहां आंतरिक शांति वैश्विक नीति बन गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि योग एक पॉज बटन है जिसकी मानवता को आवश्यकता है, जिससे कि वे खुलकर सांस ले सकें, जीवन में संतुलन बना सकें तथा पुनः संपूर्ण बन सकें।

मोदी ने कहा कि मेरा दुनिया से अनुरोध है कि आइए, इस योग दिवस को मानवता के लिए योग के दूसरे संस्करण की शुरुआत का प्रतीक बनाएं जहां आंतरिक शांति वैश्विक नीति बन जाए। प्रधानमंत्री ने कहा कि योग का सीधा-साधा अर्थ होता है जुड़ना और ये देखना सुखद है कि कैसे योग ने पूरे विश्व को जोड़ा है। कहा कि योग सभी का है और सभी के लिए है। यह सीमाओं, पृष्ठभूमि, उम्र या क्षमता से बंधा नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस साल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है, जो एक गहरी सच्चाई को दर्शाता है कि धरती पर प्रत्येक इकाई का स्वास्थ्य परस्पर जुड़ा हुआ है। योग हमें इस परस्पर जुड़ाव के प्रति जागरूक करता है। मोदी ने कहा कि योग दुनिया को जोड़ता है और सिखाता है कि लोग अलग-थलग व्यक्ति नहीं हैं बल्कि प्रकृति का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि योग एक महान व्यक्तिगत अनुशासन है। साथ ही, यह एक ऐसी प्रणाली है जो हमें मैं से हम की ओर ले जाती है।



आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● एजेंसी

### योगाभ्यास कर बना डाले 23 वैश्विक रिकॉर्ड

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर यहां 3 .03 लाख लोग एकत्र हुए, जिससे एक ही स्थान पर सर्वाधिक लोगों द्वारा योगाभ्यास का विश्व रिकार्ड बना। कुल 23 वैश्विक रिकॉर्ड बनाए गए, जिनमें 21 वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड और दो गिनीज रिकॉर्ड शामिल हैं। करीब 22,122 आदिवासी छात्रों ने एक ही स्थान पर 108 मिनट तक सूर्य नमस्कार करके दूसरा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।

### करो योग रहो निरोग का चहुंओर शोर

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार के पूरा प्रदेश योगमय नजर आया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में हजारों लोगों के साथ योगाभ्यास करके योग के महत्व गिनाए। करो योग–रहो निरोग के शोर के बीच शहर से लेकर गांव तक योगाभ्यास को लेकर उत्साह दिखा।



योगाभ्यास करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मंच पर प्राणायाम करते हुए फोटो शेयर किया है। उधर, रालोद मुखिया व केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने मेरठ में योग करने के बाद कहा कि अच्छा योग करने वाले कार्यकर्ता को ही टिकट देंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सेंट्रल पार्क, समर विहार कालोनी, कैंट–2 लखनऊ में पार्टीजनों व स्थानीय लोगों के साथ योग किया। उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य गाजियाबाद और ब्रजेश पाठक लखनऊ के योग कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। अम्बेडकर पार्क गोमतीनगर, लखनऊ में प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह डॉ. आम्बेडकर को समर्पित योग शिविर में सम्मिलित हुए। इसी के साथ सभी जिलों में सरकार के मंत्रियों ने अफसरों, कार्यकर्ताओं और आम लोगों के साथ योगाभ्यास करके पसीना बहाया। इस दौरान जगह–जगह योग शिविरों में भाजपा के शीर्ष पदाधिकारी भी शामिल हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री का विशाखापत्तनम से योग का लाइव प्रसारण और संबोधन भी सुना गया है।

# एयर इंडिया के 3 अफसरों पर गिरी गाज

**मुंबई, एजेंसी**

**अहमदाबाद हादसा**

- डीजीसीए ने सभी कार्य दायित्व से हटाने के दिए निर्देश



विमानन सुरक्षा नियामक (डीजीसीए) ने एयर इंडिया से गंभीर चूक के कारण उसके एक डिवीजनल उपाध्यक्ष सहित तीन अधिकारियों को चालक दल कार्य दायित्व से संबंधित सभी भूमिकाओं से हटाने का आदेश दिया है। सूत्रों ने शनिवार को बताया कि डीजीसीए ने 20 जून को अपने आदेश में टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन से इन अधिकारियों के खिलाफ बिना देरी किए आंतरिक अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने को भी कहा।

डीजीसीए के आदेश के अनुसार, तीन अधिकारियों में एयरलाइन के एक डिवीजनल उपाध्यक्ष भी शामिल हैं। एयर इंडिया ने एक बयान में कहा कि उसने नियामक के निर्देश को स्वीकार कर लिया है और आदेश को लागू कर दिया है। एयरलाइन ने शनिवार को कहा कि कंपनी के मुख्य परिचालन अधिकारी एकीकृत परिचालन नियंत्रण केंद्र (आईओसीसी) की सीधी निगरानी करेंगे। एयर इंडिया यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि सुरक्षा प्रोटोकॉल और मानक प्रथाओं का पूरी तरह से पालन हो। डीजीसीए ने अपने आदेश में कहा कि एयर इंडिया ने लाइसेंस और आराम संबंधी आवश्यकताओं में चूक के बावजूद विमान चालक दल की कार्यसूची और संचालन के संबंध में स्वैच्छिक रूप से गंभीर उल्लंघनों का खुलासा किया गया है। आदेश में कहा गया कि इन परिचालन चूकों के लिए सीधे जिम्मेदार प्रमुख अधिकारियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की गई। डीजीसीए ने एयर इंडिया को यह भी चेतावनी दी है कि भविष्य में चालक दल के कार्य दायित्व में उल्लंघन करने पर लाइसेंस निलंबन और परिचालन प्रतिबंध सहित सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## निजीकरण के विरोध में बिजली महापंचायत आज

**लखनऊ।** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में 22 जून रविवार को राजधानी लखनऊ में बिजली महापंचायत होगी, जिसमें देश के प्रमुख ट्रेड यूनियन व संयुक्त किसान मंच के शीर्ष पदाधिकारी शामिल होंगे। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल इंडिया और सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि महापंचायत में पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के पीछे हो रहे कथित मेगा भ्रष्टाचार पर चर्चा होगी।

# फुटेज साझा करना वोटर की निजता का उल्लंघन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- चुनाव आयोग ने कहा-मतदाताओं की सुरक्षा भी होगी प्रभावित

मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग फुटेज सार्वजनिक करने की मांगों के बीच, निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि ऐसा कदम मतदाताओं की गोपनीयता और सुरक्षा से संबंधित चिंताओं का उल्लंघन होगा।

अधिकारियों ने दावा किया कि जो मांग एक तर्कसंगत अनुरोध के रूप में पेश की जा रही है, वह वास्तव में मतदाताओं की गोपनीयता और सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951 में निर्धारित कानूनी प्रावधानों तथा सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के विपरीत है। अधिकारियों का कहना कि फुटेज साझा करने से किसी भी समूह या व्यक्ति द्वारा मतदाताओं की आसानी से पहचान की जा सकेगी, जिससे मतदान करने वाले मतदाता और मतदान नहीं करने वाले मतदाता दोनों ही असामाजिक तत्वों के दबाव, भेदभाव और धमकी के जद में आ सकते हैं।

उदाहरण के तौर पर उन्होंने कहा कि यदि किसी विशेष राजनीतिक दल को किसी विशेष बूथ पर कम संख्या में वोट मिलते हैं, तो वह दल सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आसानी से पहचान कर सकेगा कि किस मतदाता ने वोट दिया है और किस मतदाता ने नहीं और उसके बाद मतदाताओं को परेशान किया या डराया जा सकता है।

निर्वाचन आयोग ने दुर्भावनापूर्ण विमर्श बनाने के लिए उसके इलेक्ट्रॉनिक आंकड़ों के इस्तेमाल की आशंका के चलते, 30 मई को एक पत्र में राज्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया कि यदि फैसले को अदालत में चुनौती नहीं दी जाती है तो वे 45 दिनों के बाद ऐसे फुटेज को नष्ट कर दें।

### राहुल गांधी बोले-फिक्स है मैच



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने इलेक्ट्रॉनिक डेटा से संबंधित निर्वाचन आयोग के निर्देश का हवाला देते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि साफ दिख रहा है कि मैच फिक्स है जो लोकतंत्र के लिए जहर है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि चुनाव आयोग वोटर लिस्ट? मशीन रीडेबल फ़ॉर्मेट नहीं देगा। सीसीटीवी फुटेज? कानून बदलकर छिपा दी। चुनाव की फोटो–वीडियो? अब 1 साल नहीं, 45 दिनों में ही मिटा देंगे। कहा कि जिससे जवाब चाहिए था, वही सबूत मिटा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि साफ दिख रहा है–मैच फिक्स है।

# जमीन के लिए ढाई साल के बेटे को जहर खिलाकर खुद भी खाया, मां की मौत

**संवाददाता, मदनापुर/शाहजहांपुर**

> महिला ने बेटे को जहरीला पदार्थ खिलाने के बाद खुद खा लिया, जिससे उसकी मौत मौत हो गई। परिवार में जमीन का विवाद है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। **–विश्वजीत प्रताप सिंह,** थाना प्रभारी, मदनापुर

**अमृत विचार :** जमीन में हिस्सा न मिलता देख आहत महिला ने अपने ढाई साल के बेटे को जहर खिलाने के बाद खुद भी खा लिया। दोनों को जलालाबाद के नगरिया सीएचसी लाया गया, जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। बेटे को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। महिला का पति हरियाणा में नौकरी करता है।

मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर उत्तरी निवासी सुधीर एक सप्ताह पहले काम करने हरियाणा चला गया था। उसकी पत्नी शिवानी उर्फ राधा (30) अपने ढाई साल के बेटे निशांत के साथ घर पर रहती थी। उसका ससुर से जमीन के हिस्से को लेकर कुछ समय से विवाद चल रहा था। दो दिन पहले उसने अपना हिस्सा मांगा तो जेठानी से विवाद हो गया। शनिवार की सुबह उसने ससुराल वालों से जमीन का हिस्सा मांगा, जिसे ससुराल वालों ने देने से मना कर दिया। जमीन का हिस्सा न मिलने से क्षुब्ध शिवानी ने घर में रखा जहरीला पदार्थ पहले अपने बेटे निशांत को खिलाया और फिर खुद भी खा लिया। उसकी जेठानी ने निशांत को एक कमरे में रोते देखा और शिवानी को बेसुध हालत में जमीन पर पड़ा देखा तो शोर मचाया। ससुराल वाले दोनों को लेकर जलालाबाद सीएचसी पहुंचे, जहां इलाज के दौरान शिवानी उर्फ राधा की मौत हो गई।

## आईपीएस अधिकारी के खिलाफ पॉक्सो केस

**दीफू।** असम की एक विशेष अदालत ने छह साल पुराने कथित छेड़खानी मामले में उप्र कैडर के 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी गौरव उपाध्याय के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम और आईपीसी की अन्य धाराओं के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया है।

कार्बी आंगलोंग स्थित यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अदालत के विशेष न्यायाधीश आर लाल ने आदेश में कहा कि आरोपी द्वारा पीड़िता के साथ यौन हमले की दो घटनाओं को अंजाम दिया गया। इस घटना के समय आरोपी उस जिले के पुलिस अधीक्षक थे। अदालत ने कहा कि यौन हमले की पहली घटना दीफू में एसपी के बंगले में हुई, जबकि दूसरी घटना होटल के कमरे में हुई, जहां पीड़िता अपनी मां और भाई के साथ रह रही थी।

# मोदी सरकार ने पश्चिम एशिया पर भारत के सैद्धांतिक रुख को त्यागा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- ईरान-इजराइल संघर्ष के मद्देनजर सोनिया ने साधा निशाना, कहा-संवाद के लिए राजनयिक मंचों पर होने चाहिए प्रयास

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने गाजा की स्थिति और इजराइल-ईरान सैन्य संघर्ष पर चुप्पी साधते हुए भारत के सैद्धांतिक रुख और मूल्यों को त्याग दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को आवाज बुलंद करनी चाहिए और पश्चिम एशिया में संवाद को प्रोत्साहित करने के लिए उपलब्ध हर राजनयिक मंच का उपयोग करना चाहिए।

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने एक अंग्रेजी दैनिक के लिए लिखे एक लेख में आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने इजराइल और फलस्तीन के रूप में दो राष्ट्र वाले समाधान से जुड़े भारत के सैद्धांतिक रुख को त्याग दिया है। सोनिया गांधी ने लेख में कहा कि ईरान भारत का लंबे समय से मित्र रहा है और गहरे सभ्यतागत संबंधों से हमारे साथ जुड़ा हुआ है। इसका जम्मू-कश्मीर समेत महत्वपूर्ण मौकों पर दृढ़ समर्थन का इतिहास रहा है। उन्होंने उल्लेख किया कि वर्ष 1994 में ईरान ने कश्मीर मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग में भारत की आलोचना करने वाले एक प्रस्ताव को रोकने में मदद की थी। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि हाल के दशकों में भारत और इजराइल के बीच भी रणनीतिक संबंध विकसित हुए हैं।

# तीन जेई निलंबित, सहायक अभियंता को दी गई नोटिस

**संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)**

- पुल का स्लैब ढहने के मामले में शासन स्तर से हुई कार्रवाई
- संबंधित ठेकेदार को भी ब्लैक लिस्ट में डालने की तैयारी

**अमृत विचार :** मऊ-परदवां संपर्क मार्ग पर लगभग ढाई करोड़ रुपये की लागत से जम्हौरा नाले पर बन रहे लघु सेतु की स्लैब ढह जाने के मामले में लोक निर्माण विभाग चित्रकूट के तीन अवर अभियंताओं को निलंबित किया गया है। प्रभारी सहायक अभियंता श्यामलाल को नोटिस दी गई है। बताया जाता है कि शासन स्तर पर यह कार्रवाई की गई है। ठेकेदार को भी ब्लैक लिस्ट किए जाने की तैयारी है।

निलंबित किए गए अवर अभियंताओं में सिंधु राज, महेश यादव और प्रबल प्रताप सिंह हैं। गौरतलब है कि जम्हौरा नाले की एक स्पान पर मंगलवार को लिंटर डाला गया था और सुबह होते-होते यह ढह गया था। इस मामले में विभाग की काफी किरकिरी हुई। मामला शासन तक पहुंच गया। बताया जाता है कि इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के अधिकारी लखनऊ भी तलब किए गए। शनिवार को तीन अवर अभियंताओं को निलंबित कर दिया गया। हालांकि इस निलंबन को लेकर विभाग के अवर अभियंताओं में रोष है।

# भूमि विकास बैंक अब छह प्रतिशत ब्याज पर देगा 6 लाख तक का लोन

**राकेश शर्मा, बरेली**

- सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर बोले-जल्द जारी होगा शासनादेश



सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर

**अमृत विचार :** जिला सहकारी बैंकों को घाटे से निकालकर सौ करोड़ रुपये के फायदे में लाने वाले सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा है कि भूमि विकास बैंक की ब्याज दर जल्द कम होगी। किसानों को छह लाख रुपये का ऋण छह प्रतिशत ब्याज पर उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहमति जता दी है। जल्द शासनादेश भी जारी हो जाएगा।

प्रदेश में इस बैंक की 323 शाखाएं हैं। सहकारिता मंत्री ने कहा कहा कि इससे सिंचाई, बागवानी, कृषि उपकरण खरीदने और पशुपालन जैसी गतिविधियों के लिए ऋण लेने वाले हजारों किसानों को फायदा होगा।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद सर्किट हाउस में अमृत विचार से विशेष बातचीत में बरेली के प्रभारी मंत्री एवं सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने बताया कि भूमि विकास बैंक अभी किसानों को 11 प्रतिशत से अधिक ब्याज पर ऋण दे रहा था। इसकी वजह से किसान ऋण समय पर चुका नहीं पा रहे थे। कई अन्य बैंकों की ब्याज दर का अवलोकन करने के बाद सबसे कम ब्याज पर भूमि विकास बैंक किसानों को ऋण देगा। साधन सहकारी समितियों का भी डिजिटलीकरण किया जा रहा है। सहकारी समितियां अब 10-10 लाख कैश क्रेडिट लिमिट दे सकती हैं। इससे हजारों किसानों को लाभ मिलेगा। बंद चल रहीं 4500 समितियों को भी चालू कराया है। प्रदेश में लागू की गई 10-10 लाख कैश क्रेडिट लिमिट की स्कीम को नाबार्ड ने सराहा है और देशभर में लागू कराने की तैयारी में है।

# लखनऊ समेत 65 जिलों में अगले पांच दिन होगी बारिश

## कई जिलों में तेज हवाएं चलने और वज्रपात की चेतावनी, मौसम विभाग का कई जिलों में भारी वर्षा का पूर्वानुमान

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** राज्य में छिटपुट बारिश और बादलों की आवाजाही से अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज हुई है, मगर उमस भरी गर्मी से हर कोई बेहाल दिखा। मौसम विभाग ने लखनऊ समेत 65 जिलों में अगले पांच दिनों में बारिश का पूर्वानुमान जताया है। चेतावनी दी है कि कई जिलों में भारी वर्षा के साथ तेज आंधी और वज्रपात की भी आशंका है।

मानसून प्रदेश के 56 जिलों में पहुंच चुका है, 24 घंटे में 19 और जिलों तक पहुंच जाएगा। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश के पूर्वी इलाके में लगातार बारिश हो रही है। पूर्वांचल के कई जिलों में 24 जून तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। दो दिनों से हो रही बारिश और बादलों की आवाजाही के बीच अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। लखनऊ समेत 65 जिलों में अगले पांच दिन यानि 26 जून तक भारी बारिश की संभावना है। इस दौरान तेज हवा भी चलेगी। साथ ही कई जिलों में बिजली और वज्रपात का भी अलर्ट जारी किया गया है।



### चलेंगी 40-50 किमी की गति से तेज हवाएं

22 से 26 जून के दौरान पश्चिमी क्षेत्र के अलग–अलग स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। इस दौरान 40–50 किमी/घंटा की तेज हवा चलने की संभावना है। झांसी में दिन का पारा रिकार्ड 28 .7 सेल्सियस दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। लखनऊ का दिन का पारा 35 डिग्री सेल्सियस और रात का 25 डिग्री रिकार्ड किया गया। भीषण गर्मी झेलने के बाद अब लोगों को काफी राहत मिल रही है। यह सिलसिला अगले पांच–छह दिनों तक जारी रहेगा।

### बारिश से प्रदेश में घट गई बिजली की मांग

**लखनऊ।** प्रदेश में मानसून आने से बिजली की मांग में कमी आ गई है। पिछले दिनों जहां बिजली की अधिकतम मांग 31 हजार मेगावाट पार कर गई थी, वहीं अब यह घटकर 27 हजार मेगावाट पर पहुंच गई है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार शनिवार को प्रदेश में अधिकतम बिजली की मांग 27,021 मेगावाट दर्ज हुई। देर शाम के वक्त औसतन मांग 27,758 मेगावाट हो रही थी। सूत्रों ने बताया कि मांग घटने के कारण एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आयात कम हो गया है। भीषण गर्मी से बिजली की मांग 32 हजार मेगावाट पार कर जाने की संभावना थी, पर बारिश के कारण मांग यह आंकड़ा छू नहीं सकी।

# विश्व योग दिवस पर हजारों लोगों ने एक साथ संगम पर किया योग

संवाददाता, प्रयागराज


प्रयागराज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रयागराज में योगाभ्यास का कार्यक्रम आज सुबह संगम से लेकर शहर और गांव में व्यापक स्तर पर आयोजित किया गया जिसमें लाखों लोगों ने एक साथ योग किया। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन संगम पर किया गया जहां पर हजारों लोगों ने एक साथ योग किया। योग कार्यक्रम सुबह 5:30 बजे से 8:30 बजे तक संगम नोज पर हुआ । मुख्य अतिथि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी थे। योग कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा सहित दो दर्जन से अधिक विभागों के बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने योग किया। योग के लिए जमीन पर टाट पट्टियां बिछाई गयी थी। भोर से बारिश हो रही थी लेकिन सुबह करीब छह बजे तक बारिश बंद हो गई और आसमान साफ हो गया। योग के विविध आसन से लोगों ने योग किया। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने स्वस्थ्य रहने के लिए लोगों से प्रतिदिन समय से योग करने के लिए प्रेरित किया। योग कार्यक्रम में कमिश्नर विजय विश्वास पंत, डीएम रवीन्द्र कुमार मांदड, सीडीओ हर्षिका सिंह, डायट प्राचार्य राजेंद्र प्रताप, डीआईओएस पीएन सिंह, बीएसए देवव्रत सिंह, वरिष्ठ शिक्षक नेता

डा. हरि प्रकाश यादव सहित अन्य प्रमुख लोग शामिल हुए। महापौर गणेश केसरवानी ने नगर आयुक्त सहित सभी पार्षदों के साथ नैनी के शिवालय पार्क में योग किया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक परिषद (यूपी बोर्ड) के सचिव भगवती सिंह ने बोर्ड अधिकारियों के साथ सरोजनी नायडू मार्ग स्थित बोर्ड मुख्यालय में योग किया। इस दौरान बोर्ड सचिव भगवती सिंह ने मातहत अफसरों और कर्मचारियों को योग के कई आसन कराते हुए उसके महत्व की जानकारी दिया। डायट में प्राचार्य राजेंद्र प्रताप ने प्रवक्ताओं और छात्राध्यापकों के साथ योग किया। प्रयागराज विकास प्राधिकरण प्रयागराज (पीडीए) के उपाध्यक्ष डा अमितपाल शर्मा और सचिव अजीत सिंह ने कर्मचारियों के साथ प्राधिकरण परिसर में योग किया। सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी कार्यालय एलनगंज प्रयागराज के रजिस्ट्रार वीपेन्द्र सिंह ने उप रजिस्ट्रार एवं कर्मचारियों सहित योग किया।दरियाबाद रोटरी पार्क में सुबह छह बजे से योग कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि डॉ कीर्तिका अग्रवाल प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा भाजपा थी। कार्यक्रम में मुट्ठीगंज मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष, पन्ना एवं मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण, सम्मानित पार्षदगण, मंडल में निवास करने वाले जिला, प्रदेश, क्षेत्र पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं ने योग किया। महर्षि पतंजलि विद्या मंदिर तेलियरगंज, ऋषिकुल विद्यालय तेलियरगंज, ज्वाला देवी इंटर कालेज सिविल लाइंस व ज्वाला देवी इंटर कॉलेज रसूलाबाद समेत अन्य विद्यालयों में प्रधानाचार्यों की मौजूदगी में योग संपन्न हुआ। केन्द्रीय कारागार नैनी, सेना, रैपिड एक्शन फोर्स, पुलिस लाइंस में भी योग कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## 16 हजार से अधिक अमृत सरोवर तैयार गोरखपुर सबसे आगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** जल संकट से निपटने और जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से राज्य में 16 हजार से अधिक अमृत सरोवर तैयार हो गए हैं। इस अभियान में गोरखपुर आगे रहा, जहां 735 अमृत सरोवरों का निर्माण किया गया। महराजगंज में 600 से अधिक व प्रयागराज में 523 अमृत सरोवर बनाकर जल संरक्षण को बढ़ावा दिया गया। आजमगढ़ और बाराबंकी भी टॉप फाइव जिलों में शामिल है। सरकार ने जल निकायों के विकास में समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित की।

# गूंजा योग से निरोग का संदेश

संवाददाता, प्रतापगढ़


पुलिस लाइन में योग करते मंत्री दयाशंकर सिंह, विधायक राजेन्द्र मौर्य, डीएम व एसपी।


बीएसएस एकेडमी फुलवारी में योग करते बच्चे और शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार ।** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पूरे जिले में योग से निरोग का संदेश गूंजा। पुलिस लाइन में प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह, नोडल अफसर मनीष चौहन, डीएम शिव सहाय अवस्थी, सीडीओ दिव्या मिश्रा और एसपी डा. अनिल कुमार ने आमजन के साथ योग किया।

जिले के प्रभारी ने कहा कि पूरी दुनिया योग को अपना रही है। पीएम मोदी ने योग को वैश्विक स्तर पर पहुंचाया है। कार्यक्रम में करीब पांच हजार लोगों ने भाग लिया। इसमें जनप्रतिनिधि, अफसर और आमजन शामिल रहे। इस बार योग की थीम "एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य" थी जिसने सभी को एकजुट होकर स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। डीएम ने प्रभारी मंत्री को पौधा भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर डीडी कृषि विनोद कुमार यादव, सीएमओ डा. एएन प्रसाद, डीआइओएस ओमकार राणा, बीएसए भूपेंद्र सिंह, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी ममता सचान आदि रहीं। प्रभारी मंत्री व डीएम ने योग से जुड़े लोगों को सम्मानित किया। संचालन डा. रंगनाथ शुक्ल ने किया। उधर पतंजलि योग समिति, रोटरी क्लब व जिला योगासन स्पोर्ट्स एसो. के तत्वावधान में योग किया गया। जिसमें कई संगठनों के प्रतिनिधियों समेत समाज के सभी वर्ग के लोगों ने कंपनी बाग में योग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ नपा परिषद अध्यक्ष के प्रतिनिधि विशाल विक्रम सिंह ने किया। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा ओम प्रकाश त्रिपाठी, वरिष्ठ भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, कर्मराज सिंह मंजीत, पूर्व विधायक मुन्ना यादव,संतोष यादव रोटरी क्लब के अश्वनी केसरवानी, संजीव आहूजा, शरद केसरवानी ने भी सहभागिता की।

# बारिश से पानी-पानी हुआ शहर

संवाददाता, प्रयागराज




**अमृत विचार।** प्रयागराज में बीती रात से लेकर आज दोपहर तक जिले में जोरदार मानसूनी बारिश हुई, इससे शहर के कई मोहल्लों में पानी भर गया और सड़कें पानी में डूब गई है जिससे लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। नालों की समय से सफाई ना होने से स्थिति और खराब हो गयी जिससे बारिश का पानी नहीं निकल पा रहा है। महाकुंभ के दौरान बनी सड़कों के किनारे बारिश का पानी जगह-जगह भर गया है इससे भी लोगों की परेशानियां बढ़ गई है। कई जगह पेड़ गिरने से गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई है। सिविल लाइंस में पीवीआर के पास नीम का बड़ा पेड़ गिरने से कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई है लेकिन किसी को चोट नहीं आई है। शहर के प्रमुख मार्गों सिविल लाइंस के एसपी मार्ग, एमजी मार्ग, नवाब युसुफ रोड, चौक, कोठापार्चा, अल्लापुर , जार्जटाउन, टैगोर टाउन, रामबाग, बैरहना, मुट्ठीगंज ,हीवेट रोड, राजरुपपुर सहित अन्य सड़कें पानी में डूब गयी, इससे आने - जाने वालों को भारी परेशानी हुई। उधर, मानसूनी बारिश शुरू होने से किसानों के चेहरे खिल गए। किसान धान की नर्सरी लगाने की तैयारियों में जुट गये। इतना ही नहीं अन्य फसलों के पैदावार के लिए खेत तैयार करने लगे हैं। किसानों ने राहत की सांस लेते हुए कहा कि मानसून की बारिश पहली बार की वर्ष के बाद हो रही है, इससे कम लागत में अच्छी फसल तैयार हो जाएगी। कहां कि बारिश के समय से ना होने से जहां लागत बढ़ जाती है वहीं अच्छी फसल की पैदावार नहीं होती है।

## यूपी बोर्ड के परीक्षा समिति में रखे गये 45 मामले

**प्रयागराज, अमृत विचार।** यूपी बोर्ड मुख्यालय में शनिवार को परीक्षा समिति की बैठक हुई जिसमें परीक्षा केंद्रों पर गड़बड़ी, सामूहिक नकल, साल्वरों से कापियां लिखाने, फर्जी कक्ष निरीक्षकों की तैनाती, कापियां गायब होने और गलत प्रश्न पत्र खुलने से संबंधित 45 मामले रखे गये। अध्यक्ष यूपी बोर्ड सचिव भगवती सिंह, सदस्य वरिष्ठ शिक्षाधिकारी ऊषा चन्द्रा व राज्य शिक्षा संस्थान प्रयागराज के प्रभारी प्राचार्य अनिल कुमार ने सभी लंबित मामलों पर चर्चा की। अनुमोदन के लिए मामला माध्यमिक शिक्षा निदेशक/सभापति के पास जाएगा।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैं **अनिल कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद ग्राम पहाड़पुर तहसील बीकेटी लखनऊ** का निवासी हूं। मेरा आधार अनिल कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद के नाम से बना है जो सही है। त्रुटिवश बीमा के दस्तावेजों पर पिता का नाम सुखराम दर्ज हो गया। जो कि गलत है।

**सूचना**
सूचित हो कि **सोनम पुत्री आसन्न निवासी शांती नगर बहुआ कस्बा तहसील व जिला फतेहपुर**, मेरी पत्नी सरिता देवी से एक पुत्री सोनम का जन्म 16/07/2015 को घर पर ही हुआ था जानकारी के अभाव में उसका जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन सका अतः मेरे पुत्री सोनम का जन्म तिथि 16/07/2015 का पंजीकरण कर जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाय।

**सूचना**
सूचित हो कि **यासीन पुत्र सैयद अली निवासी कृष्णा नगर पूर्वी बहुआ कस्बा तहसील वा जिला फतेहपुर** । मेरी पत्नी मीना से एक पुत्र यासीन का जन्म 01/01/2010 को घर पर ही हुआ था जानकारी के अभाव में उसका जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन सका अतः मेरे पुत्र यासीन का जन्म तिथि 01/01/2010का पंजीकरण कर जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाय।

**सूचना**
मै **महेंद्र पाल पुत्र श्याम बाबू नाई निवासी ऐरवा पछेला थाना ऐरवा कटरा जिला औरैया**, उत्तर प्रदेश का हूँ। मै अपने पुत्र सौरभ व इनकी पत्नी प्रिया के झगडालू स्वभाव के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। आज के बाद इनके द्वारा नैतिक अनैतिक कार्यो से मेरा व मेरे परिवार का कोई संबंध नही होगा। इन दोनों लोगो के द्वारा किये गए किसी भी कृत्यो के लिए यही जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**
मेरा हाईस्कूल प्रमाण पत्र, सह–अंकपत्र वर्ष 2015 अनुक्रमांक 1318855 एवं इंटरमीडिएट प्रमाणपत्र–सह– अंक अंकपत्र वर्ष 2017 अनुक्रमांक 0960375 वास्तव में खो गए हैं। **हर्षित गुप्ता पुत्र राधाकृष्ण गुप्ता, निवासी– ग्राम सुरजीपुर पोस्ट सतवाखेड़ा जनपद रायबरेली।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे बैनामाशुदा जमीन के पूर्व बैनामेदार का मूल दस्तावेज बैनामा संबंधित ग्राम कटहामाफी की गाटा संख्या 13 व 14 दिनांकित 04–01–2018 सहवन कहीं खो गया है, जिस सज्जन को बैनामा की प्रति प्राप्त हो मो. नंबर 9839956774 पर सूचित करने की कृपा करे। **गुड़िया पत्नी अजय कुमार सिंह, ग्राम कटहामाफी गोंडा उत्तर प्रदेश।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम RAMU S/O SITARAM था जो कि आज दिनांक 10/06/2025 को मैने अपना नाम बदलकर RAMU BAHELIYA S/O SITARAM रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। **निवासी ग्राम काशीजोत पोस्ट काशीजोत पयागपुर, जिला बहराइच यूपी।**

**सूचना**
मैं भारतीय सेना में दिनांक 10/11/1983 से नियुक्त था 01/12/2007 को सेवा मुक्त हुआ हूं वहां के अभिलेखों में मेरे पत्नी का नाम KALA BATI गलती से दर्ज हो गया है सही नाम KALAVATI VERMA है । **राम उजागर वर्मा पुत्र मोती लाल वर्मा निवासी किशुनपुर ग्रिंट उतरौला बलरामपुर।**

**सूचना**
पैन कार्ड में मेरा नाम DILEEP KUMAR अंकित है जो कि गलत है। आधार कार्ड में मेरा नाम DILEEP KUMAR YADAV S/O Shesh Ram Yadav है जो कि सही है। अन्य अभिलेख व कागजातों में भी मेरा नाम सही अंकित है। पैन कार्ड में भी मेरा नाम DILEEP KUMAR YADAV S/O Shesh Ram Yadav दर्ज किया जाए। **दिलीप कुमार यादव पुत्र शेषराम यादव ग्राम सुंदरघाट पूरे तेंदुआ जनपद गोंडा**

शोध निदेशालय
Directorate of Research
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
Mahatma Jyotiba Phule Rohilkhand University, Bareilly
Phone No. : 0581-4022293 E-mail : director.dor@mjpru.ac.in
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
Ph.D. Admission Notice
Accredited with Grade A++ NAAC
Applications are invited for the admission to Doctor of Philosophy (Ph.D.) full time / part time and D.Sc./D.Litt. in various subjects from 18 June 2025. Only online applications are acceptable. Online application form and detailed instructions are available on www.mjpru.ac.in and https://mjprudor.ac.in.
REGISTRAR

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ सत्र : 2025–26
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India / Medical Council of India / Dental Council of India / Pharmacy Council of India / Indian Nursing Council / Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council / Association of Indian Universities / Uttar Pradesh State Medical Faculty
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
**मेडिकल साइंसेस**
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
**डेंटल साइंसेस**
डिप्लोमा–डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा–डेंटल मैकेनिक्स
**नर्सिंग विज्ञान**
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
**फार्मेसी**
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी )
**पैरामेडिकल साइंसेस**
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स–रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
**फोरेंसिक साइंसेस**
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
**मैनेजमेंट एंड कॉमर्स**
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
**ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म**
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड–243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Management
UG Programs
• BBA (Finance & Taxation) • B.Com (H)
• BCA (IT & Multimedia)
PG Programs
• MBA • M.Com. • MCA
• MPH • MHA
Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Humanities & Journalism
UG Programs
• BA (Mass Comm.) • BA (Journalism)
PG Programs
• MA (Mass Comm) • MA (Journalism)
• MA (English) • MA (Psychology)
• MA (Sociology) • MA (Pol. Science)
Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## एक नजर

### शराब बिक्री में संलिप्त वाहन जब्त

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस व प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में शराब बिक्री में इस्तेमाल की जा रही एक मोटरसाइकिल को आबकारी अधिनियम के तहत जब्त किया गया है। थाना लोनीकटरा पुलिस द्वारा 26 दिसंबर 2022 को एक मोटरसाइकिल बिना नम्बर प्लेट से अवैध रूप से अंग्रेजी अपमिश्रित शराब बिक्री के उद्देश्य से परिवहन करते समय राजेश कुमार पुत्र रामचन्दर निवासी ग्राम त्रिवेदीगंज को गिरफ्तार किया गया। इसके पास से भारी मात्रा में शराब आदि बरामद कर आबकारी अधिनियम बनाम राजेश कुमार पंजीकृत किया गया। पुलिस द्वारा वाहन के सम्बन्ध में आरटीओ कार्यालय से अभिलेख प्राप्त किया गया तो उसमें वाहन राजेश कुमार पुत्र रामचन्दर निवासी ग्राम त्रिवेदीगंज के नाम से रजिस्टर्ड मिला। डीएम के आदेश के अनुपालन में थाना लोनीकटरा पुलिस एवं प्रशासन द्वारा यह वाहन जब्त कराया गया।

### दम्पति में हुआ समझौता

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वैवाहिक विवादों का त्वरित निस्तारण के क्रम में महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन प्रभारी (परिवार परामर्श केन्द्र) उपनिरीक्षक साधना सिंह द्वारा पति-पत्नी के परिवारिक विवाद संबंधी एक प्रार्थना पत्र में दोनों पक्ष के दम्पति के मध्य आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया।

### चोरी हुई बाइक बरामद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा आज बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त तारिक पुत्र खुर्शीद आलम निवासी मोहल्ला रईस कटरा कस्बा व थाना जैदपुर को बाईपास तिराहे, कस्बा जैदपुर से गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। पूछताछ से पता चला कि इसके द्वारा 18 जून को थाना जैदपुर क्षेत्रान्तर्गत मोहल्ला बाजार कटरा से मोटरसाइकिल चोरी की गई थी।

### आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना मोहम्मदपुर खाला पुलिस टीम द्वारा बीएनएस व पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त धर्मराज पुत्र माता प्रसाद निवासी ग्राम मझगवा गोडा देवरिया थाना रामपुर मथुरा जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया।

### महिला-युवती 2 बच्चों समेत रहस्यमय ढंग से लापता

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उनकी 18 साल की बेटी और उनके सगे चचेरे भाई की पत्नी अपने दो बच्चों के साथ रहस्यमय परिस्थितियों में घर से लापता हो गई हैं। परिजनों के अनुसार, यह घटना 19 जून की शाम लगभग 6 बजे की है, जब महिला अपने दोनों बच्चों के साथ घर से निकलीं तो उसके साथ उनकी बेटी भी थी। देर रात तक जब वह सभी घर वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की, लेकिन कहीं कोई सुराग न मिलने पर कोतवाली बदोसरांय में पत्र देकर दोनों के गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस जांच शुरू कर दी है।

### ऑटो लिफ्टर गैंग के 2 सदस्य दबोचे, 8 वाहन बरामद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मास्टर की का प्रयोग कर बाइक चुराने के बाद रंग रूप, नंबर बदलकर कम दामों में बेंचने वाले अन्तर्जनपदीय दबोचे गए हैं। देवा पुलिस ने इनके बताने पर कई जगहों पर छिपाकर रखे गए 8 दोपहिया वाहन बरामद किए। थाना देवा पुलिस टीम ने मैनुअल इंटेलीजेंस के आधार पर दो शातिर अन्तर्जनपदीय ऑटो लिफ्टर मो. अकरम निवासी खदरा बड़ी पकड़िया थाना मदेयगंज लखनऊ व मो. सरताज निवासी मो. हुज्जाजी-2 कस्बा व थाना देवा को ग्राम खरेहटा के पास से गिरफ्तार किया। इनकी निशांदेही पर चोरी की 8 मोटरसाइकिल व स्कूटी के अलावा मास्टर चाभी बरामद की गई।



पायका मैदान में योग करते भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव व प्रदीप द्विवेदी।



जीआईसी ऑडिटोरियम में योग करते प्रभारी मंत्री सुरेश राही। अमृत विचार



जीआईसी ऑडिटोरियम में योग करते अधिकारी, चिकित्सक व अन्य लोग। अमृत विचार

# तीन लाख लोगों ने योग कर स्वस्थ रहने का लिया संकल्प

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हर वर्ग में दिखा उत्साह, कारागार राज्यमंत्री व प्रभारी मंत्री सुरेश राही के साथ पदाधिकारियों व अन्य ने किया योग

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस शनिवार को जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। राजनीतिक दलों के लोगों से लेकर आम आदमी तक ने इन कार्यक्रमों में शिरकत की। घर, स्कूल, कॉलेज, जेल, पुलिस लाइन, न्यायालय परिसर और खेल मैदान से लेकर गांव तक में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी योग करते नजर आए। जिलेभर में लगभग लगभग तीन लाख लोगों ने योग किया। सभी ने योग के सहारे खुद को स्वस्थ रखने संकल्प लिया। प्रभारी मंत्री, आला अफसर और कर्मचारियों ने भी कपालभाति, सूर्य नमस्कार, पादहस्त व पद्मासन समेत विभिन्न योग किए। योग दिवस पर मुख्य आयोजन सुबह 6 बजे शहर के जीआईसी ऑडिटोरियम में हुआ। जहां योग को लेकर लोगों में गजब का उत्साह दिखा। कारागार राज्यमंत्री व प्रभारी मंत्री सुरेश राही, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, एमएलसी अंगद कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, सीडीओ अ. सुदन, एडीएम डॉ. अरुण कुमार सिंह और एसडीएम आनंद तिवारी समेत आदि योग करते नजर आए। नगरपालिका सभागार में लोगों ने योग किया। वहीं, अपर जनपद न्यायाधीश ज्ञान प्रकाश शुक्ल जिला जज दिनेश चंद की अध्यक्षता में न्यायालय में न्यायिक अधिकारियों ने वकीलों के साथ योग किया। इसके अलावा जनेस्मा में प्राचार्य प्रो. सीताराम ने योग दिवस की अगुवाई की। सतरिख के टीआरसी लॉ कॉलेज में मुख्य अतिथि योगाचार्य डॉ. शशि कुमार अवस्थी ने कार्यशाला में योग का महत्व बताया। रामसनेहीघाट क्षेत्र के पायका मैदान में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव व राज्य मंत्री सतीश शर्मा के प्रतिनिधि प्रदीप द्विवेदी ने योग किया। इसके साथ ही पुलिस लाइन, जिला पंचायत, तहसील सिरौलीगौसपुर, रामसनेहीघाट, फतेहपुर, रामनगर, हैदरगढ़ और ब्लॉक व ग्राम पंचायत स्तर पर योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



जीआईसी ऑडिटोरियम में योग कार्यक्रम का शुभारंभ करते प्रभारी मंत्री सुरेश राही व डीएम शशांक त्रिपाठी। अमृत विचार



योग करते दरियाबाद ब्लॉक प्रमुख आकाश पांडेय। अमृत विचार



ब्लॉक बनीकोडर में योग करते बीडीओ डॉ विनय कुमार मिश्रा और ब्लॉक प्रमुख।

### योग को मिली वैश्विक पहचान : मंत्री राही

योग सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने कहा कि योग भारत की प्राचीन और अमूल्य विरासत है। पहले इसे उपेक्षित रखा गया था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है। आज योग दिवस विश्व स्तर पर धूमधाम से मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक शांति का भी माध्यम है। युवा पीढ़ी को नियमित योग अपनाकर अपने जीवन को संतुलित और सफल बनाना चाहिए।



सतरिख स्थित टीआरसी लॉ कॉलेज में योग करते योगाचार्य व प्रबंधक। अमृत विचार



योगा करते बलरामपुर चीनी मिल हैदरगढ़ इकाई के मुख्य महाप्रबंधक बीके यादव व अन्य।



योग करते न्यायिक अधिकारी और वकील। अमृत विचार



पुलिस लाइन में योग करते एसपी अर्पित विजयवर्गीय।

# 598 शिकायतें आईं, 94 का मौके पर किया निपटारा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जनपद की सभी तहसीलों में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 598 शिकायतें दर्ज की गईं। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में 94 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया।

तहसील फतेहपुर में 74, रामनगर में 149, सिरौलीगौसपुर में 44, रामसनेहीघाट में 112, हैदरगढ़ में 106 और नवाबगंज में 113 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से फतेहपुर में 20, रामनगर में 25, सिरौलीगौसपुर में 12, रामसनेहीघाट में 5, हैदरगढ़ में 22 और नवाबगंज में 10 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया। कार्यक्रम में राजस्व, पुलिस, विकास, खाद्य, विद्युत और समाज कल्याण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने जमीन विवादों को प्राथमिकता देने को कहा। साथ ही शिकायतकर्ताओं के साथ नम्र व्यवहार करने का निर्देश दिया। समाधान दिवस में कुछ त्वरित कार्रवाई के उदाहरण भी सामने आए। फरियादी बीनू देवी को मात्र 15 मिनट में पात्र गृहस्थी राशन कार्ड दिया गया। इसी तरह शत्रोहन लाल की शिकायत पर उनके पोता-पोती का नाम तत्काल राशन कार्ड में जोड़ा गया।



प्रेरणा कैंटीन का लोकार्पण करते विधायक, डीएम, एसपी व सीएमओ। अमृत विचार

### विधायक ने किया प्रेरणा कैंटीन का लोकार्पण

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** तहसील फतेहपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जन सहयोग से निर्मित प्रेरणा कैंटीन का शनिवार को मुख्य अतिथि विधायक कुर्सी साकेन्द्र प्रताप वर्मा और विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा फीता काटकर लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अवधेश कुमार यादव, उपजिलाधिकारी फतेहपुर कार्तिकेय सिंह, सीएचसी अधीक्षक डॉ. अवनीश चौधरी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# फंदे से लटकी विवाहिता, मौत

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** शनिवार की शाम एक विवाहिता ने घर में फांसी के फंदे से लटक कर जान देने की कोशिश की, यह देख पति उसे फंदे से उतार कर जिला अस्पताल लेकर गया लेकिन डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार यह घटना शहर कोतवाली क्षेत्र में लखपेड़ाबाग से सटे वादीनगर इलाके में हुई। यहां के रहने वाले आशीष यादव की पत्नी शिवानी 22 शनिवार शाम अपने घर में मौजूद थी। इस बीच वह कमरे में छत के सहारे फांसी का फंदा बनाकर लटक गई, घर के भीतर खट पट की आवाज सुन पति आशीष अंदर गया तो वह भौचक रह गया। आनन फानन में पत्नी को फंदे से उतार कर आशीष जिला अस्पताल लेकर गया, जहां डाक्टरों ने शिवानी को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा कि दोनों की शादी करीब तीन साल पहले हुई लेकिन कोई संतान नहीं थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शहर कोतवाल रामकिशन राणा ने बताया कि अभी तक परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। शव को पीएम के लिए भेजा गया है।

### गौशाला में कार्यरत कर्मचारी की मौत

**हैदरगढ़, बाराबंकी :** ग्राम सीठूमऊ स्थित गौशाला में शनिवार सुबह कार्यरत एक कर्मचारी अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा। तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ लाए गए कर्मचारी को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी सोभनाथ अपनी पत्नी के साथ लंबे समय से गौशाला में कार्यरत था। रोज की तरह शनिवार सुबह भी वह गौशाला पहुंचा, जहां पशुओं के चारे, भूसे और पानी की व्यवस्था को लेकर अन्य कर्मचारियों के साथ बातचीत चल रही थी। इसी दौरान उसे चक्कर आया और वह जमीन पर गिर पड़ा। परिजनों और मौजूद लोगों ने तुरंत 108 एम्बुलेंस को बुलाया और उन्हें सीएचसी हैदरगढ़ ले जाया गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

# खेत में मिला युवक का शव

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**हत्या की आशंका**

- पुलिस के अनुसार घटना संदिग्ध पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार

**अमृत विचार :** घुंघटेर कोतवाली क्षेत्र के बजगहनी गांव में खेत की रखवाली कर रहे एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। युवक का शव खेत में बनी झोपड़ी के तख्त पर पड़ा मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताई है, जबकि पुलिस फिलहाल मामले को संदिग्ध मान रही है।

जानकारी के अनुसार बजगहनी गांव निवासी अरविंद कुमार (35) शुक्रवार रात रोज की तरह गांव के पास रैंगवा संपर्क मार्ग स्थित पुल के पास खेत में रखवाली करने गया था। शनिवार सुबह जब वह घर नहीं लौटा तो गांव के ही माता प्रसाद की पुत्री उसे बुलाने खेत पहुंची। वहां अरविंद तख्त पर मृत अवस्था में पड़ा मिला था। सूचना पाकर परिजन और गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंचे। परिजनों के अनुसार, अरविंद के शरीर, छाती पर और गले में गहरे चोट के निशान हैं, दाहिना हाथ टूटा हुआ है, और झोपड़ी के खंभे पर खून के धब्बे भी मिले हैं। इन हालातों से परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। माता प्रसाद ने बताया कि अरविंद लगभग 15 साल पहले लखनऊ के आईआईएम रोड पर घूमता मिला था, जिसे वह अपने साथ गांव लाए थे। तभी से वह खेतों की देखरेख कर रहा और परिवार के साथ रह रहा था। इस मामले में क्षेत्राधिकारी जगतराम कनौजिया का कहना है कि फिलहाल मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। गले पर जो निशान हैं, वो किसी जानवर द्वारा नोचने के लगते हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का कारण स्पष्ट होगा।

**बैठक** — बिना टैगिंग, पीओएस मशीन से होगी बिक्री, उर्वरकों की बिक्री पर सख्ती

# किसानों को जोत के हिसाब से दें खाद : डीएओ

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** खरीफ सीजन की बुवाई से पहले उर्वरकों की उपलब्धता और पारदर्शी वितरण को लेकर जिला कृषि अधिकारी (डीएओ) ने सभी उर्वरक प्रदायकर्ता कंपनियों और थोक विक्रेताओं के साथ बैठक की। उन्होंने स्पष्ट किया कि उर्वरकों की बिक्री में किसी भी प्रकार की टैगिंग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। विक्रेता निर्धारित दर से अधिक कीमत पर उर्वरक नहीं बेच सकेंगे। किसानों को उनकी जोत के अनुसार ही खाद मिलेगा। बिक्री केवल पीओएस मशीन से वास्तविक किसानों को की जाएगी। बटाईदार किसानों को अधिक उर्वरक चाहिए तो उन्हें भूमि के अभिलेख और आधार कार्ड का विवरण देना होगा। 10 बोरी से ज्यादा खाद लेने वाले किसानों को जोत बही और खतौनी दिखानी होगी। हर बिक्री का विवरण रजिस्टर में दर्ज करना अनिवार्य है। विक्रेताओं को दुकान पर रेट लिस्ट और स्टॉक बोर्ड लगाना होगा। अनधिकृत व्यक्तियों से उर्वरक नहीं लिया जा सकेगा।

प्रतिबंधित उत्पाद बेचने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम और उर्वरक नियंत्रण आदेश के तहत कार्रवाई होगी। एल-0 श्रेणी की पीओएस मशीन वाले विक्रेताओं को तुरंत एल-1 श्रेणी की मशीन लगानी होगी। ऐसा न करने पर उन्हें उर्वरक की आपूर्ति नहीं मिलेगी। जिला कृषि अधिकारी ने सभी विक्रेताओं को इन निर्देशों का कड़ाई से पालन करने को कहा है।



व्यापारियों को दिशा निर्देश देते जिला कृषि अधिकारी। अमृत विचार

# बाबा बर्फानी के भक्तों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य : गोप



शोभायात्रा को रवाना करने पहुंचे पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी: अमृत विचार :** अमरनाथ यात्रा मार्ग पर बाबा बर्फानी के भक्तों की सेवा के लिए श्री बर्फानीश्वर महादेव सेवा समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भंडारा सेवा के लिए शोभायात्रा का आयोजन किया गया। नगर के प्रसिद्ध नागेश्वरनाथ मंदिर से रवाना हुई इस यात्रा में समिति के सेवादारों को शुभकामनाएं देने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप पहुंचे। गोप ने अमरनाथ गुफा के प्रमुख पुजारी विनीत महाराज के साथ पूजा-अर्चना कर, भंडारे की सामग्री ले जा रहे वाहनों की आरती उतार कर शुभ यात्रा का शुभारंभ कराया। उन्होंने कहा कि बाबा बर्फानी के भक्तों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य है।

## सार-संक्षेप

### छात्रों व स्टॉफ ने किए सूर्य नमस्कार समेत कई आसन



योगाभ्यास करतीं प्रधानाचार्या व अन्य कर्मचारी। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** शहर की आवास विकास कॉलोनी स्थित सेंट्रल एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विश्व योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या संचिता श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने योग का जीवन में महत्व और लाभ के बारे में बताया। विद्यालय के खेल शिक्षक राकेश कुमार और जुबिन जॉय के साथ खेल शिक्षिका आराधना शर्मा तथा शिक्षक सर्वेश तिवारी ने योग का प्रशिक्षण दिया। छात्रों और स्टाफ को सूर्य नमस्कार, वज्रासन, वृक्षासन, ताड़ासन और कपालभाति जैसे आसन सिखाए गए। कार्यक्रम का समापन रिदमिक योग से किया गया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. संगम मिश्रा, डायरेक्टर लक्ष्यजया मिश्रा, श्री हरीश पांडेय और प्रशासिका वीना पांडेय ने सभी को योग दिवस की शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

### सैकड़ों छात्राओं और महिलाओं ने किया योग



रफी मेमोरियल गर्ल्स इंटर कॉलेज में योग करतीं छात्राएं व महिलाएं। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मसौली स्थित रफी मेमोरियल गर्ल्स इंटर कॉलेज में विश्व योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के विकास आयुक्त हस्तशिल्प लखनऊ की ओर से आयोजित किया गया। सहायक निदेशक एचएससी लखनऊ रजा आलम के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में हस्तशिल्प केंद्र लखनऊ के अभिषेक तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कॉलेज की प्रधानाचार्य शबा जहीर और शिक्षक सउद किदवई भी मौजूद रहे। योग प्रशिक्षक डॉ. नगेंद्र सिंह ने सभी प्रतिभागियों को सीवाईपी के तहत योग प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में सदकुन निसा, सकूरा और स्थानीय गणमान्य नागरिक हफीज हसन अहमद सहित कई लोग शामिल हुए। रिद्म फाउंडेशन के अध्यक्ष अश्वनी के रंजन, मैनेजर मुकेश शर्मा और मो. वैश की उपस्थिति में सैकड़ों छात्राओं और महिलाओं ने उत्साह के साथ योग किया।

### मोहर्रम को लेकर हुई बैठक में सीओ ने दिए निर्देश

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** मोहर्रम के मद्देनजर सीओ की अध्यक्षता में थाना परिसर में शनिवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। इस दौरान मोहर्रम शांति व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाए जाने की लोगों से अपील की गई। बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत ने कहा कि मुहर्रम को लेकर प्रशासन सजग है। आप सभी लोग शांति से मोहर्रम मनाएं यदि किसी प्रकार की समस्या आती है तो तत्काल प्रशासन को सूचित करें। थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय ने कहा कि मोहर्रम के जुलूस की अनुमति सभी लोग करवा लें और पूर्व में निर्धारित मार्गो पर ही जुलूस निकाले। ताजिया की ऊँचाई 10 फिट से अधिक नही होनी चाहिए। ताजिया लेकर करबला जाने वाले मार्गो की स्थित पहले जाकर देख लें यदि कोई समस्या आती हैं तो तत्काल सूचित करें जिससे समय रहते उसका निस्तारण किया जा सके। सोशल मीडिया पर पोस्ट करने से बचें। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष बद्री विशाल त्रिपाठी, सीएचसी अधीक्षक प्रणव कुमार, अतिरिक्त थाना प्रभारी निरीक्षक राज बहादुर सरोज, वरिष्ठ उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार सहित भारी संख्या में सभासद ग्राम प्रधान पुलिस व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

### रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के आवेदन 5 जुलाई तक

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी ने बताया कि जनपद के 33 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम तीन माह का होगा। इसमें प्रतिदिन 40 मिनट का प्रशिक्षण शामिल है। प्रशिक्षक पद के लिए योग्यता में भारतीय नागरिकता अनिवार्य है। उम्र 1 जुलाई 2025 को 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदक को जूडो, ताइक्वांडो या मार्शल आर्ट में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया हो या फिर उत्तर प्रदेश कराटे संघ से कराटे या क्राव मागा में ब्लैक बेल्ट होना आवश्यक है। इच्छुक उम्मीदवार 5 जुलाई को दोपहर 2 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। साक्षात्कार 10 जुलाई को सुबह 11 बजे मंथन सभागार, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में होगा। उम्मीदवारों को सभी मूल प्रमाण पत्र लाने होंगे।

## एक नजर

### राजकीय बीज भंडार रामपुर में फ्री बीज किट उपलब्ध

रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार : तिल, ज्वार, बाजरा, रागी, मडुआ के बीज की मिनी किट किसानों को निशुल्क वितरण के लिए उपलब्ध है सहायक विकास अधिकारी कृषि प्रमोद कुमार ने बताया इन बीजों को निशुल्क लेने के लिए किसान को अपना आधार कार्ड, खतौनी, मोबाइल नंबर दर्ज करा कर सोमवार से राजकीय बीज भंडार रामपुर मथुरा से फ्री प्राप्त कर सकते है।

### तंबौर में बाधित रहेगी आपूर्ति

तंबौर, अमृत विचार : अवर अभियंता आकाश वर्मा ने बताया कि रविवार को 33 कवि तंबौर लाइन को छूने वाली पेड़ों की टहनियों की कटाई छंटाई एवं लाइन अनुरक्षण कार्य किया जाना है। जिससे सभी उपभोक्ताओं को सुबह 10 :00 बजे से 5 :30 बजे तक आपूर्ति नहीं मिल पाएंगे। उपरोक्त समय अवधि में उपभोक्ता अपनी वैकल्पिक व्यवस्था कर सकते हैं।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार : रामपुर मथुरा थानाक्षेत्र के भगवतीपुर में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। थाना क्षेत्र रामपुर मथुरा के भगवतीपुर गांव में उमा देवी (23) पत्नी राजकुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पाकर थानगांव थानाक्षेत्र के बैजापुर निवासी नारायण पुत्र समई सहित अन्य लोग पहुंचे। नारायण के मुताबिक, उन्होंने 3 वर्ष पूर्व अपनी पुत्री उमा देवी का विवाह भगवतीपुर निवासी राजकुमार पुत्र चंद्रिका से किया था। प्रभारी निरीक्षक कृष्णानंदन तिवारी का कहना है कि दहेज हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सूरज के परिवार को मिला राहत का मरहम

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार : अनुसूचित जाति- जनजाति आयोग सदस्य ने पिछले दिनों सीवर टैंक में दम तोड़ चुके सफाईकर्मी के परिवार से मुलाकात की। घटनास्थल का भी दौरा किया। ऐसे में प्रशासनिक अधिकारियों को विशेष निर्देश दिये गए। आयोग सदस्य रमेश चन्द्र कुण्डे नगर पालिका सीतापुर के सफाईकर्मी मृतक स्व. सूरज के घर पहुंचे। परिवार से हाल लेकर उन्हें सान्त्वना दी। आश्वासन दिया कि सीवर में गिरने के दौरान हादसे में गई सूरज की जान को लेकर अन्य योजनाओं के तहत परिवार को आर्थिक मदद दी जाएगी। परिवार से मिलकर आयोग के सदस्य आवास विकास स्थित सीवर टैंक स्थल पर पहुंचे। ऐसे में उन्होंने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी वैभव त्रिपाठी को निर्देश दिये। भ्रमण कार्यक्रम के तहत मलिन बस्तियों का भ्रमण, बालक-बालिका छात्रावास और वृद्ध आश्रम का हाल जाना। बाद में प्रशासनिक अधिकारियों से भी मुलाकात करते हुए आवश्यक निर्देश दिये।

# जनप्रतिनिधि, अधिकारी व जनता ने किया योग

## 11 वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम पर मनाया गया

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार : एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम के साथ 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सेक्रेट हार्ट हायर सेकेन्ड्री स्कूल में जनपद स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री, संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग एवं प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह सहित उपस्थित जनप्रतिनिधिगणों एवं अधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। सभी ने एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण महाअभियान के अंतर्गत पौधरोपण कर सभी को अधिक से अधिक पौध रोपण करने का संदेश भी दिया। योग प्रशिक्षक गंगा सागर वर्मा के निर्देशन में ऊषा देवी, पंकज कुमार, रेखा वर्मा एवं राम सनेही द्वारा योग का प्रदर्शन किया गया।

आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम से प्रधानमंत्री मोदी के उद्बोधन एवं योगाभ्यास कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी कराया गया। योग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले योग प्रशिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान नोडल अधिकारी/प्रमुख सचिव, राजस्व, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, पी गुरूप्रसाद, डीएम अभिषेक आनंद, सीडीओ निधि बंसल, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, एडीएम नीतीश कुमार सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव कुमार गुप्ता, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अमित गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी, जनप्रतिनिधि सहित अन्य मौजूद थे।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते प्रभारी मंत्री व अन्य। अमृत विचार

### मिश्रिख विधायक ने डाला योग के महत्व पर प्रकाश

मिश्रिख, अमृत विचार : यशोदा कन्या महाविद्यालय मिश्रिख में योगाभ्यास में मुख्य अतिथि विधायक रामकृष्ण भार्गव रहे। उन्होंने कहा कि 21 जून को इसलिए चुना गया क्योंकि यह उत्तरी गोलार्ध का सबसे लंबा दिन होता है, जो आध्यात्मिक रूप से भी महत्वपूर्ण माना जाता है। कार्यक्रम में प्रमोद वैश्य, डॉ. ज्योति गुप्ता, शोभा चतुर्वेदी, नेहा श्रीवास्तव, भास्कर मिश्रा, देवेश पाण्डेय, संदीप राजवंशी आदि मौजूद थे।



योग की जानकारी देते विधायक मिश्रिख। अमृत विचार

### बिसवां में विधायक ने योग से निरोग रहने का दिया संदेश

बिसवां। विकास खंड बिसवां में आयोजित योग शिविर में विधायक निर्मल वर्मा ने सहभागिता की। उन्होंने कहा कि योग न केवल शरीर को, बल्कि आत्मा को भी संतुलन प्रदान करता है। आयोजित शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा जायसवाल, पालिका अधिकारी, कर्मचारी तथा सभासदगण शामिल हुए। वहीं, सामाजिक संस्था जेसीआई बिसवां एलिट द्वारा पत्थर शिवाला में योग शिविर आयोजित किया गया। दी सेक्सरिया शुगर फैक्ट्री, बिसवां में भी योग शिविर आयोजित किया गया, जिसमें फैक्ट्री के मुख्य अधिशासी अधिकारी आरसी सिंघल समेत अधिकारी एवं कर्मचारीगण ने भाग लिया।

### योग से नवचेतना की ओर भाव को मिला मंच

सीतापुर, अमृत विचार : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला कारागार एवं जिला न्यायालय परिसर में योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला कारागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र नाथ त्रिपाठी ने स्वयं योगाभ्यास करते हुए बंदियों, कारागार प्रशासन एवं प्रशिक्षकों को योग के विविध आयामों से परिचित कराया। पतंजलि योग संस्थान के प्रशिक्षकों द्वारा बंदियों को एक सप्ताह तक योग प्रशिक्षण देने की पहल की गई। जेल अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह, जेलर, डिप्टी जेलर सहित सभी कारागार अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



कारागार में बंदियों को योग कराते अपर जिला जज नरेंद्र नाथ त्रिपाठी।



पुलिस लाइन में योग शिविर के दौरान पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल व अन्य

### लाइन, थानों और चौकियों में सेहत की अलख

सीतापुर, अमृत विचार : एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग को समर्पित योग शिविरों में पुलिसकर्मियों से लेकर उनके परिजनों तक ने सक्रिय भागीदारी निभाई। पुलिस लाइन्स में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह, क्षेत्राधिकारीगण, पुलिस कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारीगण तथा पुलिस परिवारीजन सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने योगाभ्यास किया। कार्यक्रम के दौरान योग प्रशिक्षक द्वारा उपस्थित लोगों को योग की महत्ता से अवगत कराया गया तथा नियमित योगाभ्यास के लाभ बताए गए। प्राणायाम, ध्यान व विभिन्न योगासन कराए गए। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों, चौकियों तथा पुलिस कार्यालयों में भी योग शिविर एवं कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

### दिव्यांगजन शिविर में 80 को मिलेंगे निशुल्क उपकरण

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार : विकासखंड सभागार में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से चिन्हांकन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विकासखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए दिव्यांगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शिविर में डॉक्टर आदित्य प्रताप सिंह द्वारा 80 दिव्यांगों का चिन्हांकन किया गया। इन्हें आवश्यक सहायक उपकरण और कृत्रिम अंग निशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। इस मौके पर बीपीएम गौरव सक्सेना, बीसीपीएम मनोज वर्मा, सहायक विकास अधिकारी ओमेंद्र वर्मा, ग्राम विकास अधिकारी वरुण पटेल और एमआरडब्ल्यू महिपाल मौजूद रहे। अधिकारियों ने दिव्यांगजनों और उनके परिजनों से विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी साझा की।

# सीतापुर जेल में पिता आजम खान से मिले अब्दुल्ला

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार: सीतापुर कारागार में निरुद्ध समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां से उनके पुत्र अब्दुल्ला आजम ने मुलाकात की। पिता-पुत्र के बीच चहारदीवारी के अंदर पौने दो घंटा तक बातचीत हुई। जेल से बाहर निकलने के बाद अब्दुल्ला आजम ने कहा कि तबियत खराब होने की जानकारी मिलने पर वे पिता से मिले। दवाओं के अलावा खानपान का सामान दिया गया।

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां से शनिवार को उनके बेटे अब्दुल्ला आजम ने जिला कारागार सीतापुर में मुलाकात की। वो अपने पिता के लिए दवाइयां, दशहरी आम और खाने-पीने का सामान लेकर पहुंचे थे। जेल से निकलने के बाद अब्दुल्ला आजम ने कहा, उनकी तबियत खराब रहती है। सबको पता है, अब उनकी उम्र भी हो गई है। बता दें, आजम खां अक्टूबर 2023 से सीतापुर जिला कारागार में बंद हैं। अब्दुला आजम ने पिता आजम खां से मिलने के लिए ऑनलाइन पर्ची सहित अन्य प्रक्रियाएं पूरी कीं। इनके साथ सपा नेता यूसुफ मलिक और अनवर हुसैन भी मौजूद रहे। पिता-पुत्र के मध्य हुई बातचीत करीब 1 घंटे 38 मिनट से अधिक रही। जेल से निकलने के बाद उन्होंने बताया कि पिता की काफी उम्र हो गई है, ऐसे में वे बीमार रहते हैं। बीमारी के चलते कई दवाएं चल रही हैं। इसे देने के लिए वे आई थी, कुछ खान-पान का सामान भी था। मुलाकात नियमतः रही, परिवार के अलावा किसी और विषयों पर बातचीत नहीं हुई। उधर, कारागार अधीक्षक सुरेश सिंह का नियमतः मुलाकात नियमानुसार कराई गई, सुरक्षा के हर मानको को ध्यान में रखा गया।



सीतापुर कारागार परिसर में मौजूद अब्दुल्ला आजम।

**मुलाकात**

▸▸ पौने दो घंटे तक चला पिता-पुत्र के बीच बातचीत का क्रम, दो और भी थे साथ

### 29 मार्च को भी मिले थे अब्दुल्ला

जेल की इस मुलाकात से पहले अब्दुल्ला आजम इसी वर्ष 19 महीनों बाद 29 मार्च को पिता आजम खां से मिले थे। न्यायालय से जुड़े कई मामले विचाराधीन होने के कारण सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां जेल से रिहा नहीं हो सके हैं।

**जन्म प्रमाण पत्र में मिल चुकी है सजा :** आजम खां को दो जन्मप्रमाण पत्र मामले में 18 अक्टूबर 2023 को सात साल की सजा सुनाई गई थी। जिसमें डॉ. तजीन फातिमा और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम खां भी शामिल थे। सजा होने के बाद तीनों को अलग-अलग जेल में रखा गया था। आजम सीतापुर, अब्दुल्ला हरदोई और डॉ. तजीन फातिमा रामपुर जिला कारागार में बंद थीं। सबसे पहले डॉ. तजीन फातिमा जमानत पर जेल से बाहर आई थीं। उसके बाद फरवरी 2025 में अब्दुल्ला आजम जेल से बाहर आए थे।

# सरायन नदी तटबंध होंगे सुंदर

संवाददाता, सीतापुर

▸▸ जिलाध्यक्ष ने जलशक्ति मंत्री को सौंपा मांगपत्र

अमृत विचार: शहर की मोक्षदायिनी कही जाने वाली सरायन नदी के पुनर्जीवन और तटबंधों के सौंदर्यीकरण की दिशा में जल्द कार्य शुरू हो सकता है। रामपुर मथुरा क्षेत्र में विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण करने आए प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने इस संबंध में एक मांगपत्र सौंपा। जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि सरायन नदी शहर की आस्था और विरासत से जुड़ी हुई है, लेकिन वर्तमान समय में यह नदी अपना अस्तित्व खोती जा रही है। इसे पुनर्जीवित करना समय की आवश्यकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए जलशक्ति मंत्री से आग्रह किया गया है कि नदी के दोनों तटबंधों का सौंदर्यीकरण कराया जाए। उन्होंने कहा कि सरायन नदी के किनारों को अवैध कब्जों से मुक्त कराकर वहां पैदल पथ, हरियाली, बैठने की व्यवस्था जैसे सुविधाएं विकसित की जाएं, जिससे यह स्थान शहरवासियों के लिए सुबह-शाम सैर और शांति का केंद्र बन सके। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल शहर के पर्यावरण और सौंदर्य को निखारेगी, बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण होगी।



सरायन नदी का बिगड़ा स्वरूप। अमृत विचार

# मक्के के खेत में मिला युवती का शव

संवाददाता, रामपुर मथुरा (सीतापुर)

▸▸ पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवती की गला दबाकर हत्या की हुई पुष्टि

अमृत विचार : रामपुर मथुरा क्षेत्र में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां एक 19 वर्षीय युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घर से किसी जरूरी कार्य के लिए निकली युवती का शव अगली सुबह गांव के पास मक्के के खेत में बरामद हुआ। युवती के शरीर पर कई जगह चोट के निशान पाए गए, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया।

परिजनों के अनुसार, युवती मंगलवार शाम को किसी काम से घर से निकली थी लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने पहले तो खुद ही उसे ढूंढ़ने की कोशिश की, लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला तो सुबह ग्रामीणों के साथ पुनः तलाश की गई। इसी दौरान मक्के के खेत में युवती का शव पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। युवती के सिर, नाक, गले और शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोट के निशान थे। पास ही उसकी चप्पल भी पड़ी मिली, जिससे संघर्ष की आशंका और गहराई। सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह, क्षेत्राधिकारी वेद प्रकाश श्रीवास्तव व स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुंचा। फारेंसिक टीम को भी बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किए गए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवती की गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है। अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह ने बताया कि युवती की हत्या की जांच कई बिंदुओं पर की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पीड़ित परिवार की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### करीबियों पर हत्या का संदेह

जांच पड़ताल में पुलिस ने गुत्थी को सुलझाने के लिए कई फोन नंबर को खंगाला है। संदेह कुछ करीबियों पर है। युवती के 8 और भाई-बहन हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति खस्ताहाल बताई जा रही है। घर और घटनास्थल के बीच पचास मीटर का फासला है। ऐसे में ग्रामीणों के बीच चर्चा रही कि अगर परिवार के लोग ये कह रहे हैं कि रात में उसे हर जगह ढूंढा गया। तो फिर चंद कदम दूर युवती का शव उन लोगों को कैसे नहीं दिखा।

# 304 शिकायतें, 42 का मौके पर निस्तारण

**समाधान दिवस**

अमृत विचार, सीतापुर

अमृत विचार: जनता की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील सदर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने की। इस दौरान अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सहित कई विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**महोली में अवैध कब्जे का उठा मामला :** महोली में डल्लूपुर निवासी सियाराम ने शिकायत की है कि उनके मकान के सामने खाली पड़ी जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। मना करने पर जान माल की धमकी मिल रही है। पुलिस में शिकायत के बावजूद हाल जस के तस हैं। लालपुर सिकटिया गांव के लोगों ने विद्युत ट्रांसफार्मर का मुद्दा उठाया।

**दबंगों ने कर लिया कब्जा, मिल रही धमकियां :** मोहल्ला अंबरसरांय निवासी अनुपम ने गाटों का हवाला देते हुए प्रार्थना पत्र दिया। आरोप है कि विपक्षियों ने जबरन कब्जा कर लिया है। चक मार्ग के लिए निर्धारित भूमि पर अवैध कब्जा कर पेड़ लगा दिए हैं। शिकायतों के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।



सदर तहसील में शिकायतों का निस्तारण करते डीएम-एसपी। अमृत विचार

### साहब! कर्मचारी मांग रहे पैसा

मिश्रिख। तहसील समाधान दिवस में ग्राम पंचायत पनाहनगर के ग्राम हथिया निवासी महिला केसू पत्नी स्व. लालू प्रसाद ने शिकायत पत्र देते हुए कहा कि साहब कर्मचारी पैसे की मांग कर रहे हैं। बताया कि उसके पति की मृत्यु के बाद प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवेदन किया था। बताया कि आवास मंजूर करने को लेकर कर्मचारी पैसा मांग रहे हैं।

# ताजिये को औसत ऊंचाई का बनाएं : विजयेंद्र

संवाददाता लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार: आगामी मोहर्रम को लेकर कोतवाली परिसर में शांति कमेटी की बैठक आयोजित की गई। कोतवाली प्रभारी विजयेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में क्षेत्र के ताजियेदारों की एक बैठक का आयोजन किया गया। कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने उपस्थित लोगों से मोहर्रम को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की और कहा कि आप सभी लोग शासन की मंशानुरूप ताजिये को अधिक ऊंचा न बनाकर औसत ऊंचाई का ही बनाएं, अधिक ऊंचाई होने पर दुर्घटना की संभावना होती है, उन्होंने सभी ताजियादारों से ताजिए को लेकर विवाद की जानकारी ली। कहा कि यदि किसी को किसी भी प्रकार की कोई शिकायत है तो उसे अवगत करा दें। जिससे कि समय रहते उसका निस्तारण किया जा सके। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रधान विवेक शुक्ला उर्फ पोनू, इशरत, सिद्दीक, पवन गिरी, जगगन, फुरकान मास्टर, राज कुमार द्विवेदी, सभासद सुहेल, छोटे, रहमत अली, रवि शाक्य, शिवम अवस्थी, कलीम बीडीसी, हाजी शाबिर, नूर हसन, उस्मान, चांद आलम, आरिफ, हनीफ सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### योगमय हुआ नैमिषारण्य चक्रतीर्थ



यूनानी अधिकारी डॉ. गीता को पटका पहनाकर किया गया सम्मानित।

नैमिषारण्य, अमृत विचार : नैमिषारण्य स्थित चक्र तीर्थ में सैकड़ों की संख्या में योगाभ्यास हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद अशोक रावत ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को योगाभ्यास अवश्य करना चाहिए, योग करने से शरीर निरोग रहता है। कार्यक्रम के दौरान सभी ने कपालभाती, भ्रामरी, प्राणायाम, पद्मासन सहित कई योगाभ्यास किए। इस दौरान उप जिलाधिकारी शैलेन्द्र मिश्रा, चक्रतीर्थ के प्रधान पुजारी राजनारायण पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी मिश्रिख आलोक प्रसाद, ब्लॉक प्रमुख रामकिंकर पाण्डेय, तहसीलदार मिश्रिख सहित क्षेत्रीय यूनानी अधिकारी डॉ. गीता सहित अन्य मौजूद थे।

### तंबौर में योग शिविर में जुटे कस्बा वासी

तंबौर, अमृत विचार : तंबौर स्थित कृष्ण पाल सिंह डिग्री कॉलेज में योग कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद राजेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान अधिशासी अधिकारी प्रदीप कुमार गौतम, अमित सिंह, जयकुमार वर्मा, गिर्जेश गुप्ता, सभासद संघ अध्यक्ष सुवेश श्रीवास्तव, प्रधान संघ अध्यक्ष पंकज मिश्रा, संजय अवस्थी सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। उधर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार ने योग शिविर आयोजित किया।

### रामपुर मथुरा में विद्यालयों में हुआ योग

रामपुर मथुरा, अमृत विचार : रामपुर मथुरा विकास खंड क्षेत्र में विभिन्न शासकीय व निजी संस्थानों में योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ब्लॉक परिसर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, थाना परिसर, राजकीय इंटर कॉलेज, प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों, मान्यता प्राप्त विद्यालयों तथा अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों में योगाभ्यास कराया गया।

### महमूदाबाद में योग दिवस पर अधिकारियों ने की सहभागिता

महमूदाबाद, अमृत विचार : महमूदाबाद में दो प्रमुख स्थलों स्थानीय स्टेडियम और मनोहर लॉन में योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विधायक आशा मौर्या ने नियमित योग का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन की एक संपूर्ण पद्धति है जो शरीर, मन और आत्मा को संतुलित करती है। इस अवसर पर एसडीएम चंद्र भूषण शुक्ला, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, नगर लेखपाल पुरेंद्र, अध्यक्ष रमाकांत, रितेश रस्तोगी, और अन्य अधिकारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### पक्का तालाब तीर्थ से तहसील परिसर तक गूंजा योग का संदेश

लहरपुर, अमृत विचार : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लहरपुर क्षेत्र में विभिन्न स्थलों पर योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। तहसील परिसर, पक्का तालाब तीर्थ, ब्लॉक कार्यालय, नगर पालिका परिसर, कोतवाली परिसर, और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित अनेक स्थानों पर लोगों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। इस अवसर पर भारत स्वाभिमान ट्रस्ट पतंजलि के तहसील प्रभारी एवं योग शिक्षक सर्वेश दीक्षित के नेतृत्व में तहसील परिसर एवं रामलीला मैदान स्थित पक्का तालाब तीर्थ पर विशेष योग शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में क्षेत्रीय नागरिकों के साथ-साथ अधिकारी, कर्मचारी और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर पूर्व भाजपा विधायक सुनील वर्मा, नगर अध्यक्ष विनीत जायसवाल, भगवानदीन त्रिवेदी, रामे बाजपेई, हरीश रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

### पौधरोपण कर दिया प्राकृतिक संरक्षण का संदेश



पौधरोपण करते चिकित्सा अधीक्षक। अमृत विचार

मछरेहटा, अमृत विचार : मछरेहटा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर योग शिविरों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षण संस्थानों, ब्लॉक मुख्यालय और स्वास्थ्य केंद्रों में अधिकारियों, शिक्षकों, चिकित्सकों एवं आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ब्लॉक मुख्यालय पर बीडीओ राजेश तिवारी के नेतृत्व में कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। वंशीधर युवन पब्लिक इंटर कॉलेज में आयोजित योग कार्यक्रम में प्रबंधक हरीश शुक्ल ने शारीरिक संतुलन के आधार बताए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछरेहटा में अधीक्षक डॉ. कमलेश कुमार, डॉ. अमित श्रीवास्तव, डॉ. अवनीश कुमार, डॉ. विश्वविजय, पवन सेठ, कामता प्रसाद सहित स्वास्थ्य कर्मियों ने भी योगाभ्यास किया। इस अवसर पर अधीक्षक डॉ. कमलेश कुमार ने स्टाफ के साथ मिलकर पौधारोपण किया।

### ग्रामीणों ने चंदा जुटाकर बना डाली सड़क

संवाददाता कमलापुर, अमृत विचार : सिधौली विकासखंड के हरदोईया ग्राम पंचायत अंतर्गत अहमदपुर गांव में सड़क बनाए जाने में आगे आए हैं। ग्रामीणों ने समस्या को दूर करने के लिए न सिर्फ आपस में चंदा इकट्ठा किया, बल्कि श्रमदान करके राह भी सुगम बना डाली। ग्रामीण रामाधार, सियाराम और राहुल बताते हैं कि आपसी सहयोग से मिट्टी पटान का कार्य किया गया है। दावा है कि सड़क खराब होने की शिकायत पहले भी की गई लेकिन समस्या हल नहीं हो सकी। फिर आपसी बैठक के बाद तय किया गया कि बारिश के पहले ही सड़क को तैयार कर लिया जाए। इसमें टोलियां बनाई गई। जिसमें संतोष, शिवांशु, लक्ष्मण, मुकेश यादव सहित अन्य का सहयोग लिया गया। चंदे के साथ-साथ सभी ने खुशी-खुशी श्रमदान भी किया। उधर, ग्राम प्रधान बुद्ध प्रकाश कहते हैं कि मार्ग निर्माण को लेकर प्रस्ताव भेजा जा चुका है, ग्राम विकास अधिकारी को भी अवगत कराया गया है।



चंदा इकट्ठा कर श्रमदान करते ग्रामीण। अमृत विचार

### चार बच्चों को दी गई हाफिज-ए-कुरान की उपाधि

संवाददाता, सदरपुर (सीतापुर), अमृत विचार : कस्बा सदरपुर स्थित गौसिया मस्जिद के सामने शुक्रवार को जश्न-ए-दस्तारबंदी का आयोजन किया गया, जिसमें चार बच्चों को हाफिज-ए-कुरान की उपाधि देकर सम्मानित किया गया।

मोहल्ला कुरैशी टोला में स्थित मदरसा गौसिया रिजविया मेराजुल उलूम में कुरान की तालीम हासिल कर रहे इन बच्चों को हाफिज बनने पर कारी मुश्ताक रजा बरकाती की सरपरस्ती में आयोजित जलसे में प्रमाणपत्र और दस्तार (पगड़ी) प्रदान की गई। कार्यक्रम में देश के विभिन्न स्थानों से पधारे उलमा-ए-कराम ने अपने प्रेरणादायक बयानों से उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। मुफ्ती कमालुद्दीन साहब लखनवी, मौलाना डॉ. जाकिर रज़ा मिनाई (बिहार), कारी फहीम अख्तर बरेलवी, शायर सैयद हबीब अहमद, कारी जैनुद्दीन, मौलाना कुतुबुद्दीन, मौलाना रिजवान, कारी नसीम, और मुमताज आलम ने मुसलमानों को दीनी और दुनियावी तालीम के महत्व पर जोर देते हुए समाज में शिक्षा की रोशनी फैलाने की अपील की। कार्यक्रम में मौलाना सैयद हस्सान बिन इस्माइली ने हाफिज-ए-कुरान बने छात्रों के सिर पर अपने हाथों से दस्तार बांधी और उनके उज्जवल भविष्य तथा देश में अमन-चैन के लिए विशेष दुआ की। इस मौके पर क्षेत्रभर से आए बड़ी संख्या में लोगों ने जलसे में शामिल हुए।

### चोरी के जेवरात के साथ शातिर गिरफ्तार

संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार : शातिरों की धरपकड़ को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। तालगांव पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत मोहरइया पुल पटरी के करीब से एक शातिर को गिरफ्तार किया। पुलिस का दावा है कि आरोपी के कब्जे से चोरी किये गए जेवरात बरामद हुए हैं। क्षेत्राधिकारी लहरपुर नागेंद्र चौबे ने बताया कि थाना तालगांव पुलिस टीम ने एक शातिर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अनिल कुमार उर्फ सर्वेश कुमार पुत्र बाबूराम पासी निवासी ग्राम माखपुर थाना तालगांव के रूप में हुई है।

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

## पर हार्दिक मंगलकामनायें



ना कोई दवा, ना कोई बोझ,
योग है जीवन का सच्ची खोज।
शरीर स्वस्थ, मन में हो प्यारा,
योग है सबसे अच्छा उपहार।

आप सभी देश वासियों को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**चंद्रभूषण शुक्ला**
वरिष्ठ भाजपा नेता एवं संयोजक
विधानसभा महमूदाबाद, सीतापुर

आप सभी देश वासियों को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**मनोज श्रीवास्तव**
पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष
बार एसोसिएशन
सीतापुर

आप सभी देश वासियों को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**मोहम्मद हसन**
पूर्व सभासद
नगर पालिका परिषद
महमूदाबाद, सीतापुर

आप सभी देश वासियों को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**डॉ. गीता**
जिला होम्योपैथिक
चिकित्सा अधिकारी सीतापुर

आप सभी देश वासियों को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**शराफत अली**
सीमेंट स्टोर तम्बौर,
सीतापुर

आप सभी देश वासियों को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**डॉ. कमलेश कुमार**
अधीक्षक
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछरेहटा
सीतापुर

आप सभी देश वासियों को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**विपिन कुमार दिनकर**
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत गंगापुर
विकासखंड गोदलामऊ, सीतापुर

प्रवेश प्रारम्भ — सत्र- 2025-26 — प्रवेश प्रारम्भ

**– बधाई संदेश –**
"नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा- 2025"
उत्तीर्ण होने पर बेटियों को विद्यालय परिवार की तरफ से
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



नभी कुमारी — ओम्या पटेल — पलक वर्मा

**अमर बापू शिक्षा निकेतन**
स्थान- गुड़ैचा रोड- सदरपुर (सीतापुर)

शीघ्र प्रवेश लें स्थान सीमित

अध्यक्ष
नईमुद्दीन अंसारी (हिन्नू)
(प्रधान प्रतिनिधि- सदरपुर)
मो0- 9839929945

प्रधानाचार्य
सन्तोष कुमार
(MA, B.Ed., UPTET)
मो0- 9795548464

प्रबन्धक
समीउद्दीन (शौकत)
(अंसार मेडिकल स्टोर, सदरपुर)
मो0- 9918811857

आप सभी देश वासियों को अन्तर्राष्ट्रीय **योग दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएं



**बाबा बालकराम इण्टर कालेज**
गोण्डादेवरिया, रामपुर मथुरा, सीतापुर

प्रबंधक **माया सिंह** — प्रधानाचार्य **अमर बहादुर सिंह**

International Yoga Day

**Vardaan Nursing Home**
Hargaon Road, Kesriganj, Laharpur (Sitapur)



**उपलब्ध सुविधायें**
- ICU की सुविधा उपलब्ध है,
- शुगर व ब्लड प्रेशर का इलाज।
- नवजात शिशु की देखभाल के लिये फोटो थेरेपी व वार्मर की सुविधा।
- सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
- नार्मल डिलीवरी सिजेरियन ऑक्सीजन एवं नेबुलाईजर की सुविधा।



**शीबू खान**
एमडी वरदान नर्सिंग होम
हरगांव रोड केसरीगंज,
लहरपुर, सीतापुर एवं भावी प्रत्याशी
जिला पंचायत सदस्य वार्ड नंबर 10

योग करें, स्वस्थ रहें

Yoga for Harmony & Peace

11वां अन्तर्राष्ट्रीय
# योग दिवस
पर जनपद वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं



**रमेश वाजपेयी "विरल"**
चेयरमैन सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन, महमूदाबाद

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवसः स्वस्थ जीवनशैली की दिशा में योग एक सशक्त माध्यम


योग करते प्रभारी मंत्री सतीश शर्मा व जिले के प्रतिनिधि एवं डीएम, एसपी। अमृत विचार


तिलोई में योग करते वन विभाग के लोग। अमृत विचार


शुकुल बाजार में योग करते प्रधानाचार्य व अन्य। अमृत विचार


फुरसतगंज में योग करते लोग। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को "एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य" थीम पर आधारित योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन जवाहर नवोदय विद्यालय, गौरीगंज में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्यमंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश सतीश चंद्र शर्मा उपस्थित थे। उन्होंने योग को दिनचर्या में शामिल करने की अपील की और कहा कि स्वस्थ जीवनशैली की दिशा में योग एक सशक्त माध्यम है। इसे अपनाकर हम न केवल अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं, बल्कि मानसिक शांति भी प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान नोडल अधिकारी डॉ. रूपेश कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, विधायक गौरीगंज राकेश प्रताप सिंह, विधायक जगदीशपुर सुरेश पासी, जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के अलावा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह आदि उपस्थित रहे।

राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय कौहार (योग वैलनेस सेंटर), अमेठी के तत्वावधान में ब्लॉक शाहगढ़ में आयुष सोसायटी उत्तर प्रदेश के निदेशक हरिकेश चौरसिया के निर्देशानुसार और क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अब्दुल बारी, नोडल अधिकारी डॉ. अनुपम श्रीवास्तव तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक माधवेंद्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में योग शिविर का आयोजन हुआ। प्रशिक्षक राजेश कुमार द्विवेदी ने योगासनों के साथ प्राणायाम का अभ्यास कराया।

शुकुल बाजार प्रतिनिधि के अनुसार, कृष्ण चंद्र राम चंद्र इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य राजेंद्र पांडे के मार्गदर्शन में योग शिविर लगा। सत्र का नेतृत्व शिक्षक राकेश मिश्रा, अंजनी कुमार, निर्मल दूबे और पंकज यादव ने किया। विद्यार्थियों ने योगासनों व प्राणायाम का अभ्यास किया।

गौरीगंज प्रतिनिधि के अनुसार, मनीषी महिला महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में योग कार्यक्रम हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार मिश्र ने किया। उन्होंने सभी छात्राओं को नियमित रूप से योग को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।

मुसाफिरखाना प्रतिनिधि के अनुसार, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कृष्ण नगर में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक विनोद प्रकाश पांडेय, भाजपा मंडल अध्यक्ष राम गोपाल कौशल, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष महेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे। संचालन योगाचार्य हर्ष श्रीवास्तव ने किया। सिद्धधाम हनुमान गढ़ी तिवारीपुर में भाजपा मण्डल के पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश पांडे के नेतृत्व में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया।

तिलोई प्रतिनिधि के अनुसार, वन क्षेत्राधिकारी जहीर मिर्जा के नेतृत्व में समस्त स्टाफ को योग कराया गया। इस मौके पर डिप्टी रेंजर सचिन गौतम वन दारोगा रोहित मिश्रा, बीट प्रभारी रामराज यादव , महेंद्र प्रताप, अंगद सिंह, गुड्डू मौर्य आदि मौजूद रहे।

फुरसतगंज प्रतिनिधि के अनुसार, शनिवार को राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय और थाना फुरसतगंज में योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. भृगुनाथ सिंह ने दैनिक जीवन में योग के महत्व को बताया। थाना फुरसतगंज में पीटीआई संतोष कुमार यादव ने योग सत्र का शुभारंभ किया। इस सत्र में थाना प्रभारी श्रीराम पांडे, एसआई और पुलिसकर्मियों ने भाग लिया।

सिंहपुर प्रतिनिधि के अनुसार, विकासखंड सिंहपुर के सभागार में कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ कमलेश यादव और ब्लॉक प्रमुख अंकित पासी ने किया। राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय कुकहारामपुर में प्रभारी डॉ ऋषिकांत ज्ञानी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रशिक्षक शैलेन्द्र द्विवेदी ने योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर एडीओ पंचायत विजय यादव, एडीओ आईएसबी चंद्रभान सिंह,राममूर्ति कुशवाहा सोनू, सचिव सुरेश यादव, राजेश कुमार, कृष्णा, अमरजीत मौजूद रहें।

# दबंगों ने महिला को पीट-पीट कर मार डाला

## गांव के बाहर मवेशी चरा रही महिला पर घात लगाकर किया हमला

संवाददाता, खीरों, रायबरेली

**दुस्साहस**

- खीरों थाना क्षेत्र के कान्हामऊ गांव का मामला, रंजिश के चलते हुआ था विवाद

**अमृत विचार।** शनिवार को खीरों क्षेत्र के कान्हामऊ में जमीन विवाद को लेकर चली आ रही पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में विवाद हो गया। इसमें एक पक्ष के दबंगों ने घात लगाकर गांव के बाहर अपने मवेशी चरा रही दलित महिला की लाठी डंडों से पीटकर हत्या कर दी। इस घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। खबर सुनते ही स्थानीय पुलिस प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कान्हामऊ निवासी माया देवी पत्नी मिश्रीलाल कुरील के घर के पास ग्राम समाज की कुछ जमीन है जिसके पास ही एक तालाब है। यह तालाब राजस्व विभाग के अभिलेखों में दर्ज नहीं है। इसी तालाब में मिट्टी डालकर माया देवी और प्रतिपक्षियों ने पाटकर कब्जा कर लिया था। इसी जमीन पर कब्जेदारी को लेकर विगत कई वर्षों से दोनों पक्षों में आपसी विवाद और रंजिश चल रही थी। कई बार झगड़ा भी हो चुका है। शनिवार को सुबह लगभग दस बजे माया देवी गांव से बाहर अपने मवेशी चरा रही थी। पुरानी रंजिश को लेकर शनिवार को उसके विपक्षियों ने घात लगाकर उसे लाठी डंडों से पीटकर मरणासन्न कर दिया। घटना की सूचना पर जब तक परिजन पहुंचते तब तक विपक्षी माया देवी को मृत समझकर भाग गए। परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना देते हुए माया देवी को तत्काल सीएचसी खीरों पहुंचाया, जहां से उसे नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। आरोपी घटना के बाद से फरार हो गए हैं। उनके घर पर ताला लगा हुआ है। जिला अस्पताल में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए उपनिरीक्षक और पुलिस बल भेज दिया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। शिकायती पत्र मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सीमेंट फैक्ट्री के कर्मचारियों में मारपीट, रेफर

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के ग्राम कुन्दनगंज में स्थित एमपी बिरला सीमेंट फैक्ट्री के दो कर्मचारियों के मध्य मारपीट हो गई। जिसमें एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एमपी बिरला सीमेंट फैक्ट्री के अंदर फैक्ट्री के मजदूरों के लिए आवास बनाया गया है। उसी आवास में मजदूर तेजबहादुर पुत्र सुंदरलाल निवासी ग्राम अकोरी थाना जगतपुर आराम कर रहा था। उसी के साथ काम करने वाले मजदूर लालबहादुर निवासी ग्राम देबऊ का पुरवा थाना जगतपुर ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिसके चलते तेजबहादुर घायल हो गया। घायल को बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस बाबत थाना इंचार्ज सुरेंद्र कुमार शाही ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# वार्ड ब्वॉय ने सीएचसी अधीक्षक को धमकाया

संवाददाता, खीरों, रायबरेली

**दबंगई**

- खुद को संगठन का पदाधिकारी बताते हुए गम्भीर परिणाम भुगतने की धमकी दी।

**अमृत विचार।** विकास क्षेत्र के गांव एकौनी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में तैनात वार्ड ब्वॉय से अक्सर गायब रहने की शिकायत का स्पष्टीकरण मांगना सीएचसी अधीक्षक को भारी पड़ गया। दबंग वार्ड ब्वॉय अपने दो सशस्त्र साथियों के साथ सीएचसी खीरों के अधीक्षक की ओपीडी में घुस गया। खुद को संगठन का पदाधिकारी बताते हुए गम्भीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। सीएचसी अधीक्षक ने खीरों थाने में शिकायती पत्र देकर आरोपी वार्ड ब्वॉय के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

सीएचसी खीरों के अधीक्षक डॉ भावेश सिंह ने आरोप लगाया है कि उन्हां शिकायत मिली थी कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एकौनी में तैनात वार्ड ब्वॉय मकान संख्या 1348 नेहरू नगर रायबरेली निवासी अजय कुमार अक्सर गायब रहता है। उन्होंने मानव सम्पदा के माध्यम से व्हाट्सएप पर वार्ड ब्वॉय अजय कुमार से स्पष्टीकरण मांगा जिससे नाराज होकर वह अपने दो सशस्त्र साथियों के साथ सीएचसी खीरों पहुंचा और खुद को संगठन का पदाधिकारी बताते हुए ओपीडी से बाहर चलने को कहना लगा। जब वह ओपीडी से बाहर निकल कर नहीं गए तो वे लोग गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देते हुए चले गए।

प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि सीएचसी अधीक्षक के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद वार्ड ब्वॉय और दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# कार सवारों ने झोंका फायर, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** शिव रतनगंज थाने के सेमरौता कस्बे में शुक्रवार की रात कार सवार हमलावरों ने एक युवक के घर पर धावा बोल ताबड़तोड़ फायरिंग की। गोलियों की तड़तड़ाहट सुन सहमा परिवार घर में घुस गया। हमलावर गाली गलौज करते हुए फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से पांच खोखे बरामद किये है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार को नामजद करते हुए पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है। हमले की साजिश में एक अधिवक्ता का भी नाम शामिल है।

कस्बा निवासी हिमांशु अवस्थी का आरोप है कि शुक्रवार की रात 10 बजे कार पर सवार होकर आए हमलावरों ने घर पर धावा बोला और जान से मारने की नीयत से कई राउंड फायर किये। पुलिस को दी गई तहरीर में हमले में गांव के ही आदित्य त्रिपाठी पुत्र रामू त्रिपाठी, मुकेश कुमार उर्फ राम जी बाजपेई पुत्र अरुण कुमार तथा रायबरेली निवासी ऋषभ सिंह व बंछरावा का एक हिस्ट्रीशीटर सलाउद्दीन के साथ ही साजिश में अधिवक्ता रामू त्रिपाठी का नाम भी शामिल किया गया है। अपुष्ट खबरों के मुताबिक एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया है बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है थाना अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया कि जल्द ही नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# वैकल्पिक मार्ग हुआ ध्वस्त, 50 गांवों का आवागमन हुआ प्रभावित

संग्रामपुर अमेठी


रास्ता सही करने की मांग करते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के पूरे तालुकदार का पुरवा विशेषरगंज के पास मालती नदी पुल का निर्माण कार्य हो रहा है। पुल के समीप बनाया गया मानकविहीन वैकल्पिक मार्ग शनिवार सुबह बह गया जिससे अमेठी-किठावर मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बंद हो गया। वैकल्पिक मार्ग बंद होने से अमेठी और संग्रामपुर ब्लॉक के 50 से अधिक गांवों के लोगो का आवागमन प्रभावित हो गया है। सुभाष इंटर कॉलेज के प्राचार्य सीएम तिवारी ने बताया कि संग्रामपुर और अमेठी ब्लॉक के सैकड़ो छात्र-छात्राएँ पढ़ाई करने आते है। सोनू सिंह, चैतन्यमणि तिवारी, हनुमान पांडेय, विजय पाल वर्मा, अशोक गिरी, अनिल वर्मा, लवकुश सिंह, वीरेंद्र यादव शबीना बानो, गुलशन दीपक सोनी आदि ने लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारी के विरोध में प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की। अवर अभियंता लोक निर्माण विभाग एस के मिश्रा ने बताया कि वैकल्पिक मार्ग पानी के बहाव तेज होने के कारण ध्वस्त हो गया है। ठेकेदार को वैकल्पिक मार्ग को दुरुस्त कराने और भारी वाहनों का वैकल्पिक मार्ग पर आवागमन बाधित करके रूट डायवर्जन कराने का निर्देश दिया गया है।

# सांसद राहुल गांधी ने रेल मंत्री को लिखा पत्र

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और रायबरेली के सांसद राहुल गांधी ने रेल कोच मजदूर संघ यूनियन के अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल के ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए रेल कोच कर्मियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए एक पत्र रेल मंत्री को लिखा है। बताते चले कि गत माह मॉडर्न रेल कोच फैक्ट्री लालगंज के अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल ने फैक्ट्री निरीक्षण के दौरान रायबरेली सांसद राहुल गांधी से मिलकर रेलकोच में स्वीकृत पदों में वृद्धि कर सृजित करने हेतु व माल-उत्पादन पर आधारित बोनस लागू कर कर्मचारियों को भुगतान किए जाने की मांग की थी। इसके अलावा आदर्श सिंह बघेल ने समुचित चिकित्सीय व्यवस्था प्रदान करने की भी बात ज्ञापन में कही थी। कुछ संविदा कर्मियों ने दिहाड़ी मजदूरों से की जा रही अवैध व जबरन वसूली को रोकने के लिए आवाज उठाई थी। जिसका संज्ञान लेकर राहुल गांधी ने समस्या का तुरंत निस्तारण करने के लिए रेल-मंत्रालय भारत सरकार को पत्र लिखा है। राहुल गांधी के द्वारा रेल कोच कर्मियों की समस्याओं को गंभीरता से लेने और रेल मंत्री को पत्र लिखने की बात पर रेल कोच यूनियन ने हर्ष जताया है।

# गंभीरता से ले जनसमस्याएं, तत्काल निदान कराएः डीएम


जनता की समस्या सुनते डीएम एवं एसपी। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जनपद अमेठी की चारों तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, तहसील गौरीगंज में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी संजय चौहान ने की।

समारोह के दौरान जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतें सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुना और थानाध्यक्षों को आवश्यक निर्देश दिए।

गौरीगंज तहसील में कुल 38 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 6 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। तहसील अमेठी में 28 शिकायतें मिलीं, जिनमें 1 का तत्काल निस्तारण हुआ। तिलोई में सर्वाधिक 60 और मुसाफिरखाना में 18 शिकायतें प्राप्त हुईं। इन पर कार्रवाई हेतु पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गईं। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाकियू की बैठक में सदस्यता अभियान को गति देने पर हुआ मंथन


बैठक में उपस्थित किसान यूनियन के नेता। अमृत विचार

जगदीशपुर अमेठी

**अमृत विचार।** शनिवार भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक बैठक डाक बंगला परिसर, जगदीशपुर में जिलाध्यक्ष शमीमा खान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन को पंचायत स्तर पर मजबूत करने और सदस्यता अभियान को तेज़ करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में राष्ट्रीय नेतृत्व के दिशा-निर्देशों के अनुसार गांव-गांव में जाकर अधिक से अधिक किसानों को संगठन से जोड़ने की रणनीति बनाई गई। पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान समय में किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है, और इसके लिए संगठनात्मक मज़बूती जरूरी है।

इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष शेषनाथ तिवारी, जिला संरक्षक देवी दयाल शर्मा, मण्डल मीडिया प्रभारी अवधेश दूबे, महासचिव बच्चा शुक्ल, रामप्रसाद रावत, मोहम्मद हलीम, वसीउल्ला, अंसार अहमद, सफीकुन और दुलारा सहित कई पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### स्कार्पियों की टक्कर से छात्र घायल, भर्ती

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** स्कूल से घर को जा रहे 14 वर्षीय साइकिल सवार छात्र को स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद छात्र को गंभीर हालत में स्थानीय लोगों की मदद से सीएचसी लाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। कोतवाली क्षेत्र के मोन गांव निवासी नैतिक साहू (14) पुत्र पवन कुमार सुबह रस्वती विद्यालय में आयोजित योग शिविर में शामिल होने आया था। योग कार्यक्रम के बाद वह साइकिल से घर जा रहा था तभी पूरे सुखई तिराहे पर हैदरगढ़ रोड की ओर से आ रही तेज़ रफ़्तार स्कॉर्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी तेज थी कि इतनी तेज थी कि छात्र 10 मीटर दूर जा गिरा। जबकि उसकी साइकिल स्कार्पियो में फंस गई। घटना में छात्र को गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद स्कॉर्पियो सवार स्कॉर्पियो सहित मौके से भाग निकला। स्थानीय लोगों ने छात्र को सीएचसी पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। चिकित्सक एसके राय ने बताया कि छात्र का बायां पैर फैक्चर हो गया। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि तहरीर मिली है। गाड़ी की तलाश की जा रही है। कार्रवाई की जाएगी।

### परशदेपुर में नलों से निकल रहा कीचड़युक्त पानी


रामसागर मोहल्ले में नल से निकलता कीचड़युक्त पानी।

**परशदेपुर, रायबरेली,अमृत विचार।** नगर पंचायत शनिवार सुबह लोग उस समय आश्चर्यचकित रह गए जब जलापूर्ति के लिए लगाए गए नलों से पानी की जगह कीचड़ निकलने लगा। बताते हैं कि कहीं पर लीकेज की वजह से ऐसी समस्याउत्पन्न हुई है। नगर पंचायत परशदेपुर के रामसागर मोहल्ले में जलापूर्ति के लिए नल लगवाएं गए हैं। शनिवार सुबह जब जलापूर्ति हुई तो नलों से पानी की जगह कीचड़ निकलने लगा। पवन चौरसिया, मोहनलाल गौड़, अंजनी चौरसिया ने बताया कि नलों से कीचड़ निकलने से पानी नहीं मिल पाया। मुकेश चौरसिया ने बताया कि समरसेबल का कनेक्शन काट दिया गया है। पानी का यही सहारा था इसमें भी इतना बदबूदार पानी आने लगा कि पानी ही नहीं भर पाए।बताते हैं कि पाइप लाइन में कहीं पर लीकेज हो गया है जिसके कारण नलों से कीचड़ जैसा पानी आ रहा है। शुद्ध जलापूर्ति ना होने से लोगों को भीषण गर्मी में पीने के पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध के अधिशासी अधिकारी निमिषा भारद्वाज का कहना है कि जलापूर्ति के लिए लगाए गए नलों से बदबूदार पानी आने की जानकारी मिली है। लीकेज का पता लगाया जा रहा है। जल्दी ही साफ पानी की आपूर्ति कराई जाएगी।

### किसान समेत तीन पर जानलेवा हमला, हालत गंभीर

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव एकौनी में जमीन विवाद को लेकर चार लोगों ने एक किसान पर फावड़े से हमलाकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। बीच बचाव करने पहुंची पत्नी और दो बेटियों को भी घायल कर दिया। घायल किसान को नाजुक हालत में सीएचसी खीरों से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जबकि घायल पत्नी और बेटियों का सीएचसी खीरों में उपचार चल रहा है। एकौनी निवासी रेखा पत्नी रामशंकर ने आरोप लगाया है कि जमीनी विवाद को लेकर उसके गांव के सुधीर पुत्र राधेश्याम, राधेश्याम पुत्र सत्यनारायण, शकुन्तला पत्नी राधेश्याम और पूजा पुत्री राधेश्याम ने उसके पति रामशंकर को फावड़े से हमलाकर कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। चीख पुकार सुनकर जब वह और उसकी बेटी कंचन और रूबी पहुंची तो सभी लोगों ने मां और बेटियों को घायल कर दिया। ग्रामीणों को आता हुआ देखकर सभी लोग गाली और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### सपा प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिजनों से मिला, बंधाया ढांढस

**अमेठी अमृत विचार।** जिले के थाना जामो क्षेत्र के बलभद्रपुर गांव में 25 वर्षीय युवक मनोज कुमार लोधी पुत्र राम आनन्द लोधी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता मिला। घटना के बाद से परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। जानकारी मिलने के बाद शनिवार को समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल मृतक के घर पहुंचा और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। सपा जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी पीड़ित परिवार के साथ है और दोषियों को सजा दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने प्रशासन से घटना की गहराई से जांच कर सच सामने लाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में सपा जिलाध्यक्ष राम उदित यादव, ग्राम प्रधान राम बैराती पाती, ब्लॉक अध्यक्ष जंग बहादुर यादव, शिव प्रताप यादव, राम सूरत लोधी, दीपू तिवारी, प्रमोद पासी, अनिल यादव और मनीष मौजूद रहे।

### गेंहू की बोरियों में मिल रहा कबाड़ नमक और मिट्टी

संग्रामपुर अमेठी अमृत विचार। सार्वजनिक वितरण प्रणाली में वितरण के लिए आये गेंहू मिलावटखोरी के शिकार हो रहे है लगातार गेंहू की बोरियों में कबाड़ नमक मिट्टी की शिकायत आ रही है जिसको लेकर विभाग सक्रिय है शनिवार को चार गांवो में आये गेंहू में मिलावट मिलने पर गेंहू को वापस कराया गया। संग्रामपुर थाना क्षेत्र के बनवीरपुर, ठेंगहा, तारापुर सहित पांच कोटेदारों के यहां गेहूं की बोरियों में मिट्टी और कूड़ा, कबाड़ निकल रहे है कोटेदारों ने मामले की शिकायत आपूर्ति निरीक्षक से की है। कोटेदार बनवीरपुर बाबूलाल तिवारी ने बताया कि अम्मरपुर कोटा उनके यहां अटैच है। एक ट्रक पर पांच कोटेदारों का राशन आया था। जिसमें ठेंगहा, चंडेरिया, अम्मरपुर, खौपुर बुजुर्ग और तारापुर में आपूर्ति होनी थी। गेहूं के बोरियों में मिट्टी कंकड़ और कूड़ा कबाड़ निकल रहा है। जिसके चलते वितरण नहीं हो सका है। मामले की लिखित शिकायत आपूर्ति निरीक्षक से की गई है। आपूर्ति निरीक्षक सुषमा सिंह ने बताया कि कोटेदारों की शिकायत मिली थी। जांच रिपोर्ट विभाग को भेजा गया है। जो भी बोरिया आई वापस भेजी जायेगी बोरियों के बदले जाने तक कोटेदारों को वितरण करने से मना किया गया है ।

### आरोप- व्यापारी नेताओं ने हड़पे 43 लाख, केस दर्ज

**रायबरेली, अमृत विचार :** व्यापारी नेता त्रिलोचन सिंह छाबड़ा और एक अन्य व्यापारी की मुश्किलें कम होती नहीं दिखाई दे रही हैं। दो चिकित्सकों द्वारा 90 लाख की ठगी की एफआईआर का मामला अभी चल ही रहा है कि सदर विधानसभा से पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी रहे डॉ. मनीष चौहान ने भी ठगी का आरोप लगा दिया है। उनके द्वारा 43 लाख रुपए हड़पने का आरोप लगाया गया। कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं इस मामले में त्रिलोचन सिंह छाबड़ा ने कहा कि आरोप निराधार है। सरासर झूठ है।

### तमंचा और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**शुकुल बाजार अमेठी अमृत विचार।** शुकुल बाजार थाना क्षेत्र में पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं और वाहनों की चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम पूरे बेचू लाला, मजरा महोना पश्चिम, थाना बाजार शुक्ल निवासी राहुल पाण्डेय पुत्र जगतनरायण पाण्डेय उम्र लगभग 28 वर्ष को पकड़ा तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास से एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुए।पुलिस ने मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

# भारत की महान सांस्कृतिक परंपरा का अभिन्न अंग है योग : राकेश सचान

## जिले में धूमधाम से मनाया गया 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिले भर में आयोजन हुए। मोतीलाल नेहरू स्टेडियम मुख्य अतिथि जनपद प्रभारी/ कैबिनेट मंत्री प्रदेश सरकार राकेश सचान, नोडल अधिकारी वैभव श्रीवास्तव, विधायक सलोन अशोक कुमार, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने जनपद स्तरीय अधिकारियों व आम जनमानस के साथ प्रोटोकॉल योगाभ्यास किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के अथक प्रयासों से योग को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है। जिसके फलस्वरूप आज भारत के साथ पूरे विश्व के लोग अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग कर रहें है। भारत ने पूरे विश्व को योगमय बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। योग भारत की महान सांस्कृतिक परंपरा का अभिन्न अंग है। योग भारत के ऋषि मुनि परंपरा की अमूल्य धरोहर है। योग का कोई जाति धर्म नहीं है यह मानव कल्याण के लिए है। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने लोगों से प्रतिदिन योग करने का आह्वान किया। उन्होंने ने कहा कि योग करने से शरीर स्वस्थ व निरोगी रहता है। योग प्रशिक्षक डॉ रवि प्रताप सिंह के द्वारा प्रोटोकॉल के अनुसार मनमोहक ढंग से योग कराया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चित्रकला, रंगोली, भाषण आदि प्रतियोगिताओं में प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/ छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया।


पं. मोती लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित योग दिवस में शामिल प्रभारी मंत्री राकेश सचान, डीएम हर्षिता माथुर व अन्य।


योग करतीं महाराजगंज तहसीलदार मंजुला मिश्रा। अमृत विचार


एम्स में योगा करते संस्थान के अधिकारी व अन्य। अमृत विचार

### भारतीय परम्परा का अमूल्य उपहार है योग : डॉ. क्षमा

**रायबरेली।** योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास प्राप्त करने का प्राचीन तरीका है। मुख्य रूप से भारत में उत्पन्न, "योग" शब्द संस्कृत से लिया गया है, जिसका अर्थ है एकजुट होना। यह एकता चेतना के साथ शरीर के अंतिम मिलन को दर्शाती है और इस प्रकार निश्चित शांति प्राप्त करती है। शुभाशीष शिक्षा एवं विकास संस्थान की संस्थापक डॉ. क्षमा श्रीवास्तव ने बताया कि योग की उत्पत्ति भारत में हुई है। भारत में योग का अभ्यास वर्षों से किया जा रहा है। भारत में हर व्यक्ति योग के बारे में बहुत पहले से जानता है, लोग इसके लाभों को जानते हैं, और इसे दुनिया में लोकप्रिय होने से पहले ही किया जाता रहा है।


महराजगंज तहसील में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में शामिल लोग।



### स्वास्थ्य और संतुलन का प्रतीक है योग

**सलोन, रायबरेली।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज न केवल शहरों बल्कि ग्रामीणों क्षेत्रो में भी धूमधाम से मनाया गया। सलोन कस्बे के तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी चंद्र प्रकाश गौतम की अध्यक्षता में योग दिवस मनाया गया। इस दौरान तहसीलदार दीपिका सिंह समेत प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। सर्वोदय विद्या पीठ इंटर कॉलेज में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित भारती ने क्षेत्र के गणमान्य लोगों एवम बच्चो के साथ योगा किया। विद्युत उपकेंद्र सलोन में उपखण्ड अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह समेत कर्मियों ने योग्याभ्यास किया। कोतवाली परिसर ने कोतवाली प्रभारी शिवशंकर सिंह और उपनिरीक्षक आर्चित अग्रवाल ने योगाभ्यास किया।


एनटीपीसी ऊंचाहार में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग में शामिल लोग।

### एनटीपीसी में योग दिवस का आयोजन

**रायबरेली, अमृत विचार।** एनटीपीसी ऊंचाहार में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सभी कर्मचारियों, परिवारजनों एवं सीआईएसएफ कर्मियों के लिए एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। वर्ष 2025 की थीम "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" पर आधारित इस सत्र का आयोजन योग प्रोटोकॉल के अनुरूप किया गया। कार्यक्रम में कर्मचारियों, महिलाओं और बच्चों ने मंच पर विविध योगासनों का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक ( मानव संसाधन ) श्रीनिवास शर्मा द्वारा किया गया।

### शिक्षकों के साथ छात्रों ने किया योगाभ्यास


कांतीदेवी पीजी कॉलेज खीरों में योगाभ्यास करते छात्र एवं शिक्षक।

**खीरों, रायबरेली।** शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर खीरों क्षेत्र में विद्यालयों, ब्लाक मुख्यालय आदि अनेक स्थानों पर सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों और आमजन मानस ने योगाभ्यास किया। श्री सूरजदत्त कांतीदेवी पीजी कालेज खीरों में भी शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र छात्राओं ने भी योगाभ्यास किया। विद्यालय के सचिव एडवोकेट राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी, प्रबंधक रावेंद्र त्रिपाठी, पूर्व प्राचार्य तथा पंचवटी विकास समिति के सचिव डॉ एम डी सिंह व अध्यक्ष प्रेम नारायण तिवारी, रामकरन सिंह, राम गुलाम सविता, उमाकांत मिश्रा आदि ने पाकर, पीपल, बरगद आदि पौधे रोपित किए।

### स्वस्थ रहने के लिए व्यायामऔर योग आवश्यक

**महराजगंज, रायबरेली।** तहसील, विकास खण्ड, नगर पंचायत कार्यालय परिसर के अलावा सरकारी व अर्ध सरकारी स्कूलों में योग दिवस पर आयोजन हुए। सुबह तहसील परिसर में योग शिविर में उपजिलाधिकारी सचिन यादव, तहसीलदार मंजुला मिश्रा, नायब तहसीलदार,कानूनगो सहित दर्जनों लेखपाल उपस्थित रहे। वही विकास खंड सभागार में बीडीओ वर्षा सिंह, कोतवाली परिसर में कोतवाल जगदीश यादव, नगर पंचायत परिसर में चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू के नेतृत्व में योग शिविर आयोजित किया गया। कस्बे के स्वदेश सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य नरेंद्र मिश्रा की अगुवाई में छात्रों व अभिभावकों ने विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। चंदापुर थाना परिसर में थाना प्रभारी प्रशांत द्विवेदी की अगुवाई में योग शिविर लगाकर सभी पुलिस कर्मियों को योगाभ्यास कराया गया।

### करें योग रहें निरोग का दिया संदेश

**सरेनी, रायबरेली।** योग जीवन का आधार है ।योग से निरोग रहा जा सकता है ।इसने हमारे देश को विश्व में पहचान निभाने में अहम भूमिका निभाई है। ये बातें विकास खण्ड कार्यालय में पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह उर्फ रामू सिंह प्रधान पहुरी ने ब्लाक सभागार में योग सप्ताह की शुरुआत करते हुए कही। खंड विकास अधिकारी प्रमोदकुमार यादव ने सभी को योग की शपथ दिलाई। इस मौके पर गायत्री व मनोरमा ने सभी को योग की कला सिखाई। इस मौके पर पूर्व मण्डल महामंत्री चंद्रकांत काकुस्थ, अजय तिवारी, आशीष मिश्रा, लल्लन बाजपेई, राजाबाबू द्विवेदी, कुंवर लाल यादव,पवन बारी, अभिषेक काकुश्त, अमन सिंह, छोटू प्रजापति, गुड्डू सिंह, नन्हकाऊ सविता, शिशिर बाजपेई, विशाल चौरसिया, नीशू सिंह अखिलेश यादव आदि उपस्थित रहे।


सरेनी विकास खंड में योग करते लोग। अमृत विचार

### उत्साह पूर्वक मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**शिवगढ़, रायबरेली।** क्षेत्र में योग प्रोटोकॉल के तहत उत्साह पूर्वक ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर ब्लॉक सभागार शिवगढ़, शिवगढ़ थाना परिसर, सरस्वती शिशु मन्दिर इण्टर कालेज शिवगढ़, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय शिवगढ़, श्री बरखण्डी विद्यापीठ इण्टर कॉलेज शिवगढ़, जनता इण्टर कॉलेज गूढ़ा, न्यू पब्लिक एकाडमी इण्टर कॉलेज भवानीगढ़, श्री शिवकुमार त्रिवेदी कैरियर प्लस इंटर कॉलेज शिवगढ़, आरपीटी पब्लिक स्कूल शिवगढ़ में योग प्रोटोकॉल के तहत योगाभ्यास कराया गया। इस मौके पर शिवगढ़ ब्लॉक सभागार में खण्ड विकास अधिकारी बाबूलाल वर्मा, मास्टर ट्रेनर मणिदीप सिंह, योग प्रशिक्षिका राजबाला सिंह, योग प्रशिक्षक महेंद्र सिंह, शिवगढ़ भाजपा मण्डल अध्यक्ष अवधेश त्रिवेदी, पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष डॉ.जीवी सिंह, वीरेंद सिंह, दिनेश सिंह भदौरिया, राजाराम लोधी,प्रमोद कुमार आदि लोग उपस्थित रहे। शिवगढ़ थाना परिसर में उप निरीक्षक विनोद कुमार यादव द्वारा योग प्रोटोकॉल के तहत योगाभ्यास कराया गया। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय शिवगढ़ में उत्साह पूर्वक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य के साथ ही सभी शिक्षक शिकायत मौजूद रहे। सरस्वती शिशु मन्दिर इण्टर कॉलेज शिवगढ़ में प्रधानाचार्य शिवपाल सिंह, योग प्रशिक्षक महेंद्र सिंह, आचार्य, आचार्या तथा भइया-बहन मौजूद रहे।


शिवगढ़ क्षेत्र में योग दिवस मनाते लोग। अमृत विचार

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का बताया महत्व

**लालगंज, रायबरेली।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर लालगंज में अध्यक्ष अनूप पांडे, प्रबंधक सचिन रस्तोगी, कोषाध्यक्ष सतीश त्रिवेदी की देखरेख में योग दिवस आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय परिवार सहित अन्य लोगों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। बाल कल्याण समिति और सरस्वती विद्या मंदिर के अध्यक्ष अनूप पांडे ने कहा कि विश्व योग दिवस का उद्देश्य लोगों को योग के महत्व और इसके स्वास्थ्य लाभों के बारे में जागरूक करना है।। इस मौके पर शिशु मंदिर कोषाध्यक्ष कौशलेंद्र कंचन, विद्या मंदिर प्रधानाचार्य सत्येंद्र शुक्ला,वरिष्ठ आचार्य चंद्र प्रकाश पांडे, नीरज बाजपेई, रवि शंकर बाजपेई, पंकज पांडे, लायक सिंह, सुरेश पाठक, रामशरण अग्निहोत्री, गणेश बाजपेई, कौशिक बाजपेई सहित आचार्य बंधु और समाज के लोग मौजूद रहे।


सरस्वती विद्या मंदिर में योगासन करते लोग।

# चेकिंग अभियान में एक दर्जन वाहनों से हटाए गए विधानसभा के फर्जी पास

**एसपी के निर्देश पर यातायात प्रभारी ने चलाया चेकिंग अभियान**

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** निजी वाहनों में विधानसभा का फर्जी पास लगाकर घूमने वालों को लेकर यातायात पुलिस एक्शन मोड़ में दिख रही है। पुलिस ने शुक्रवार की देर रात जिले के कई स्थानों पर फर्जी पास को लेकर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान लगभग एक दर्जन गाड़ियों से पास हटवाकर विधानसभा के फर्जी पास को जब्त करते हुए चेतावनी भी दी गई। यातायात प्रभारी इंद्रपाल सिंह सेंगर ने सभी वाहन स्वामियों को अगली बार फर्जी पास न लगाने की नसीहत देते हुए आगे कार्रवाई की बात कहीं है।

दरअसल, जिले में विधानसभा का फर्जी पास लगाकर धौंस जमाने वाले लोगों की लगातार शिकायतें आ रही थी। जिसको लेकर एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने यातायात प्रभारी को फर्जी पास लगाकर घूमने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। एसपी के निर्देश को अमल में लाते हुए यातायात प्रभारी इंद्रपाल सिंह सिंगर ने शुक्रवार की देर रात अपनी टीम के साथ रतापुर चौराहा, सिविल लाइन चौराहा, लालगंज कस्बा और बछरावां कस्बे में जाकर 50 निजी गाड़ियों की चेकिंग की। जिसमें लगभग एक दर्जन फर्जी पास लगाकर घूमने वालों वाहन पकड़े गए। पुलिस ने इन सभी वाहनों से पास हटवाकर सभी वाहन स्वामियों को ऐसा न करने की नसीहत देते हुए सारे फर्जी पासों को जब्त कर लिया। यातायात प्रभारी इंद्रपाल सिंह ने बताया कि इस बार नसीहत देकर छोड़ दिया गया है। आगे मुकदमा लिखकर कार्रवाई की जाएगी। यदि विधानसभा के फर्जी पास वाहन स्वामी के सहमति से लगाए गए हैं तो वाहन स्वामियों पर कार्रवाई की जाएगी।


सिविल लाइन चौराहे पर चेकिंग करते यातायात प्रभारी। अमृत विचार

### भाजपा नेत्री के वाहन में मिला फर्जी पास, पुलिस ने हटवाया

शुक्रवार को यातायात पुलिस द्वारा चलाये जा रहे फर्जी पास चेकिंग अभियान में भाजपा नेत्री की गाड़ी भी इसकी चपेट में आ गई। भाजपा नेत्री की गैर मौजूदगी में पुलिस ने उनकी गाड़ी को पकड़ लिया और जब जांच की तो उनकी गाड़ी में लगा विधानसभा का पास फर्जी निकला। पुलिस की इस कार्रवाई से विधानसभा का फर्जी पास लगाकर भौकाल गांठने वाले नेताओं में खलबली मची हुई है।

# प्रधान प्रतिनिधि के 3 हत्यारोपी गिरफ्तार, चौथा अभी भी फरार


मिल एरिया पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी।

**मुर्गी चुराने से रोकने पर हत्यारोपियों ने कर दी थी प्रधान प्रतिनिधि की हत्या**

**अमावां, रायबरेली, अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र में तीन दिन पहले हुई प्रधान प्रतिनिधि की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि चौथा हत्यारोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से कोसों दूर है।

घटना मिल एरिया थाना क्षेत्र के पड़रक मजरे कोडरस बुजुर्ग गांव का है, जहां गांव की प्रधान रामावती के देवर रजत यादव ने कुछ लोगों को बुधवार की देर शाम पोल्ट्री फार्म से मुर्गी चोरी करते हुए पकड़ लिया था। रजत यादव ने मुर्गी चोरों को बुरा भला कहा तो दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया और मुर्गी चोरों ने रजत पर लाठी डंडा व धारदार हथियार से हमला बोल दिया था। घटना में रजत की उपचार के दौरान ट्रामा सेंटर में मौत हो गई थी। परिजनो की सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। आज सुबह शारदा नहर पर घटना में शामिल अमित कुमार, किशन, अनमोल पर पुलिस की नजर पड़ी, जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में इंस्पेक्टर राजीव सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर लाठी डंडा व आलाकत्ल बरामद किया गया है। घटना में शामिल चौथे अभियुक्त की तलाश की जा रही है। जल्दी ही उसे भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## बीईओ ने उच्चाधिकारियों को भेजी समायोजित विद्यालयों की सूची

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** शासन ने 50 छात्रों से कम संख्या वाले विद्यालय के छात्र- छात्रों को दूसरे विद्यालयों में समायोजित करने की तैयारी कर रही है। जिसमें छात्रों के अभिभावकों की सहमति जरूरी होगी। वहीं समायोजित विद्यालयों के शिक्षकों को दूसरे विद्यालय में तैनात किया जाएगा। शासन के निर्देश के बाद ब्लॉक में 50 छात्रों की कम संख्या वाले विद्यालय प्राथमिक जढैया, पूरे फूलसिंह, पूरे त्रिलोक, कूड़, गोवर्धनपुर, शिवगंज, भनुवामऊ, कटरा, कल्याणपुर धूता, बिसुनदासपुर, नरइन, गढ़ी, मनिहर, गूंझी, मखदुमपुर, गोकुलपुर रोझइया, नबाबगंज, शंकरपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय टिक्ठामुसल्लेपुर, बेनीकामा सहित 20 विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों को दूसरे विद्यालय में समायोजित किया जाएगा। जिसमें अभिभावकों की सहमती जरूरी होगी। वे नजदीक के जिस विद्यालय में पढ़ाना चाहते हैं वहां दाखिला करा सकते हैं। खण्ड शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि शासन से निर्देश मिलने के बाद समायोजित विद्यालयों की सूची उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। आदेश आने पर समायोजन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### एबीयूवीम के जिला अध्यक्ष बने प्रभाकर गुप्ता

**रायबरेली, अमृत विचार।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ( एबीयूवीम ) के जिलाध्यक्ष के पद पर सर्वसम्मति से प्रभाकर गुप्ता को चुना गया। उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अतुल गुप्ता, प्रदेश मंत्री सोनू वर्मा, जिला संरक्षक महेंद्र अग्रवाल एवं संदीप जैन ने संयुक्त रूप से इसकी घोषणा की है। प्रदेश अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने बताया कि पूर्व में जिला महामंत्री के पद पर कुशलता से कार्य कर रहे प्रभाकर गुप्ता को संगठन के कार्यों की क्षमता को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। जिला संरक्षक महेंद्र अग्रवाल एवं संदीप जैन ने कहा कि प्रभाकर गुप्ता जिले के प्रतिष्ठित व्यापारी एवं अच्छी छवि के व्यक्ति हैं जो मंडल को निश्चित रूप से नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। जिला वरिष्ठ महामंत्री संदीप शुक्ला एवं नगर अध्यक्ष केके गुप्ता ने नए अध्यक्ष को सभी को साथ लेकर चलने एवं व्यापारियों की किसी भी समस्या पर तुरंत निर्णय लेने की सलाह दी। इस अवसर पर चंद्र प्रकाश गुप्ता, राजेश अग्रवाल, पंकज प्रजापति, गीता सिंह, राजकुमारी सिंह, विमलेश मिश्रा, प्रियंका अवस्थी, दिलदार रायनी, शिखर श्रीवास्तव, शकील अहमद, आलोक सिंह, चंद्रिका शर्मा, आशीष जैन, बीके रावत, अफसर अली, रितेश रस्तोगी, रामकिशोर प्रजापति व मुकेश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### लाठी से हमला और रुपये छीनने का आरोप

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के खोजनपुर गांव के विजय कुमार अग्रहरि रेलवे क्रासिंग के पास ठेलिया लगाकर जीवन यापन करता है। सावन महीने में बाबा धाम कांवड़ यात्रा के लिए उसने तीर्थयात्रियों से रुपए एकत्र किए थे। घटना एक सप्ताह पहले की है। शाम को उसकी दुकान पर उसके गांव का एक युवक आया और शराब पीने के लिए रुपए मांग रहा था। उसने रुपए देने से इनकार कर दिया तो रात को घर जाते समय रास्ते में उसने अपने साथियों के साथ विजय पर लाठी से हमला कर दिया। इस बीच हमला करने वाले तीर्थयात्रियों से एकत्र किए गए 15 हजार सात सौ रुपए छीन लिए और उसका सारा सामान बिखेर दिया। चीख पुकार सुनकर ग्रामीण दौड़े तो आरोपित भाग गए। घटना के बाद पीड़ित कोतवाली पहुंचा और उसने मामले की तहरीर दी। पीड़ित का आरोप है कि कोतवाली पुलिस ने उसकी दी हुई तहरीर बदलवा दिया। न्याय न मिलने पर घटना के तीन दिन बाद उसने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की। इसके बावजूद एक सप्ताह का समय बीत जाने के बावजूद पुलिस के कोई कार्रवाई नहीं की है। कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि मामले की प्राथमिकी दर्ज है। आरोपित की तलाश की जा रही है।

### कांग्रेस पार्टी संविधान बचाने के लिए हर संघर्ष के लिए तैयार

**रायबरेली, अमृत विचार।** जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा सिविल लाइन स्थित एक होटल में सदर विधानसभा ''संविधान बचाओं अभियान'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि केन्द्र सरकार की मंशा संविधान को लेकर सही नहीं है, 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता ने भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं दिया, क्योंकि जनता को यह आभास हो गया था कि पूर्ण बहुमत पाकर भाजपा सरकार देश के संविधान के साथ बड़ा बदलाव कर सकती है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में संविधान बचाने की लड़ाई लड़ी जा रही है। कांग्रेस पार्टी संविधान बचाने के लिए हर संभव संघर्ष के लिए तैयार है।

शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा जातिगत जनगणना कराने की घोषणा के पीछे भी राहुल गांधी के संघर्षो और सरकार पर बनाये गए दबाव का परिणाम था। उन्होंने कहा कि यह संविधान ही है जो हमें विभिन्न भाषाओं, धर्मो और जातियों के साथ समान रुप से जीने का अधिकार देता है ।सदर प्रत्याशी डा.मनीष सिंह ने संविधान बचाने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हर तरह की लड़ाई के लिए तैयार रहने को कहा है। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर, महताब आलम, रोहित सिंह, ओपी श्रीवास्तव, हाजी मो. इलियास, विजयशंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ल, सईदुल हसन, नौशाद हुसैन खतीब, लक्ष्मी सिन्हा, शिवानंद मौर्या, मोहित मौर्या, कामता नाथ सिंह, राहुल बाजपेई, संजीव शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

### युवती से दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

**अमावां, रायबरेली, अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में शादी का झांसा देकर दुराचार का मामला प्रकाश में आया है। मुक्त भोगी युवती की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को जेल भेज दिया है। इस संबंध में इंस्पेक्टर राजीव सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

**आयोजन** समाधान दिवस में आईं 89 शिकायतों में 11 निस्तारित

# शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीएम

संवाददाता, डलमऊ, रायबरेली

**अमृत विचार।** डलमऊ तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में राजस्व, सड़क, सुरक्षा, स्वास्थ्य, राशन और पेंशन आदि से संबंधित शिकायतें आईं। इस दौरान डीएम हर्षिता माथुर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को लंबित शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

साथ ही उन्होंने कहा कि यदि समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में शिथिलता पाई गई तो संबंधित को बक्शा नहीं जाएगा। समाधान दिवस में कुल 89 शिकायतें आई। जिनमें से 11 का तत्काल निस्तारण कर दिया गया। अन्य शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को समय से निस्तारण करने का निर्देश दिया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन चंद्रा, उप जिलाधिकारी अहमद फरीद खान, सीईओ डलमऊ अरुण, तहसीलदार उमेश चंद्र सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।


डलमऊ तहसील में पीड़ितों की फरियाद सुनतीं डीएम हर्षिता माथुर।

### फरियादियों की समस्या पर डीएम गंभीर चार घंटे में मिला आवासीय पट्टे का आवंटन

डलमऊ में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने तहसील दिवस में आई दो महिला फरियादियों की समस्या को सुनकर मात्र चार घंटे में उनको आवासीय पट्टे का आवंटन उपजिलाधिकारी फरीद अहमद खान से करवाया। वृद्ध महिला रामकली पत्नी स्व. चौबे लाल निवासी थुलरई व निराश्रित महिला मंजू पत्नी कमलेश निवासी नरेंद्रपुर, आज के दिन दोनों बेसहारा निराश्रित महिला समाधान दिवस में जिलाधिकारी के सामने अपनी समस्या लेकर आई। फरियादियों की समस्या को सुनकर जिलाधिकारी के आदेश के बाद मात्र चार घंटे में पट्टा आवंटन प्रमाणपत्र उपजिलाधिकारी व तहसीलदार ने दिया। आवासीय पट्टा प्राप्त होने के बाद दोनों निराश्रित महिलाओं ने जिलाधिकारी के शतायु होने की कामना की।

### साहब! दरोगा शिकायत करने पर इनकाउंटर करने की देते हैं धमकी

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** शनिवार को तहसील परिसर में एसडीएम सचिन यादव की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया ।सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व के 20, पुलिस के 16 व अन्य एक सहित कुल 37 मामले आए हैं। जिनमें से मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। समाधान दिवस में कक्केपुर गांव निवासी रमेश ने एसडीएम से बताया कि उपनिरीक्षक व थाने के एक सिपाही ने उसके घर जाकर उसकी पत्नी को लातों से पिटाई की है। इसके अलावा उपनिरीक्षक ने उसकी पत्नी को जाति सूचक गलियां देते हुए कहा कि उसकी जमीन को कब्जा मुक्त नहीं होने देंगे। रमेश का यह भी आरोप है कि दरोगा सुनील चौहान ने धमकी दी कि ज्यादा शिकायत करोगी तो इनकाउंटर कर देंगे। मामले में उपजिलाधिकारी सचिन यादव ने मामले को गंभीरता से लेकर जांच के निर्देश दिए हैं।

# आनंद का विज्ञान है योग

योग आनंद का विज्ञान है। पतंजलि के योगसूत्र में "चित्तवृत्ति के निरोध को ही योग" कहा गया है। चित्तवृत्ति के प्रभाव में ही संसार दुखमय है। आधुनिक विश्व में गलाकाट प्रतिस्पर्धा है। तनाव और अवसाद बढ़े हैं। क्रोध उफना रहा है। मनुष्य अकेला है। परिवार टूट रहे हैं। आस्थाएं धीरज नहीं देतीं। आत्महत्याएं बढ़ी हैं। हिंसा युद्ध रक्तपात भी लगातार बढ़ रहे हैं। दुनिया में अनेक आस्थाएं हैं और अनेक विश्वास। सबके अपने सत्य और विश्वास हैं। आस्था और विश्वास को लेकर हो रहे रक्तपात विश्वमानवता के लिए खतरा है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण का युग है लेकिन वैज्ञानिक शोधों ने हत्या और हिंसा के नए उपकरण दिए हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सत्य का पथ आसान हुआ है लेकिन जीवन का शिव और सुंदर फिसल गया है।

वैज्ञानिक शोधों की अंतर्राष्ट्रीय चर्चा होती है। चिकित्सा विज्ञान के शोध मनुष्य के लिए हितकर भी है। अन्य वैज्ञानिक शोध भी विश्व स्तरीय चर्चा का विषय बने हैं लेकिन आज जैसी अंतर्राष्ट्रीय चर्चा योग दर्शन की है वैसी चर्चा यूनानी दर्शन के दिग्गजों के निष्कर्षों की भी नहीं हुई-न अरस्तू, सुकरात या प्लेटो की और न ही थेल्स, अनसिक्मेनस, हिराक्लिटस या पाइथागोरस की ही। कांट दर्शन की भी अंतर्राष्ट्रीय चर्चा नहीं हुई लेकिन योग दर्शन का नगाड़ा बज रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी को धन्यवाद। दुनिया ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया है। समूचा भारत योग गंध से हहरा रहा है। योग ऋग्वेद के उगने के पहले से परम स्वास्थ्य का मार्ग था। गीता (6.21) में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को योग का लाभ बताया "योग से प्रशान्त हुआ आत्म बुद्धि द्वारा ग्रहण किए जाने योग्य सुख प्राप्त करता है। बुद्धि और इन्द्रिय सुख से परे परम आनंद को भी प्राप्त करता है।" योग साधक संसार को दुखमय नहीं आनंदमय देखता है। आनंद पाता है और आनंद बांटता भी है। योग आनंद का विज्ञान है। भारत के 8 दर्शनों में एक योग दर्शन भी है। प्रकृति आनंद से भरीपूरी है लेकिन मनीषियों ने संसार को दुखमय बताया है। दुख और आनंद साथ-साथ नहीं रह सकते। संसार वस्तुतः हमारे मन का सृजन है। प्रकृति सदा से है। आनंद से भरीपूरी होने के कारण ही वह सतत् सृजनरत है। संसार इसी का भाग है। तो भी हम आनंद के स्रोत से वंचित हैं। ऐसा क्यों है? बीच में चित्त की बाधा है। योग चित्त अतिक्रमण का ही तंत्र है। चित्तवृत्ति का परदा उठे तो आनंद ही आनंद।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> मन स्थिरता आसान कर्म नहीं है। मन अपनी चलाता है, बुद्धि उसी की पिछलग्गू हो जाती है, हम मनमानी करते हैं, हमारी बुद्धिमानी भी मनमानी की पूरक होती है। मन की ताकत बड़ी है। उसे प्रशिक्षित करने के बाद ही बुद्धि के अनुरूप लाया जा सकता है। वरना मन मनमानी ही कराता है।

पतंजलि ने योग सिद्धि के अनेक लाभ बताएं हैं। सुन्दर स्वास्थ्य प्राथमिक है। बुद्धि का अनंत प्रज्ञा से जुड़ना बड़ा लाभ है। पतंजलि ने इसके लिए आधे से भी छोटा श्लोक लिखा है- "ऋतम्भरा तत् प्रज्ञाः"। तब प्रज्ञा ऋत से भर जाती है। ऋत प्रकृति का संविधान है। यह सत्य भी है लेकिन ऋतम्भरा में सत्य के साथ सौन्दर्य और शिव भी है। योग सिद्ध व्यक्ति की लाभ हानि सोचने की परिभाषा बदल जाती है। श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं, "योग से प्राप्त आनंद से बड़ा कोई दूसरा लाभ नहीं।" (गीता 6.22) वे आगे योग की खूबसूरत परिभाषा करते हैं "दुख संयोगं वियोग योगं संजिज्ञम्-दुख संयोग से वियोग हो जाना ही योग है।" (वही 6.23) श्रीकृष्ण और अर्जुन के साथ हुए मित्रवत सम्वाद में योग विज्ञान की सरलतम झांकी है। लेकिन अर्जुन तो भी संतुष्ट नहीं होता। अर्जुन हमारे आपके जैसा सामान्य व्यक्ति था। योग विज्ञान सुनने से ही नहीं समझा जा सकता। योग बातों-बातों का बतरस नहीं है, इसके लिए प्रगाढ़ अभ्यास चाहिए। अर्जुन ने श्रीकृष्ण से पूछा, "आपने जो समत्व भाव वाला योग समझाया है, मनचंचलता के कारण मुझे उसका कोई मजबूत आधार नहीं दिखाई पड़ता। मन चंचल होता है, शक्तिशाली और हठी होता है, मन को वश में करना वायु को वश में करने की तरह बहुत कठिन है। (वही 33 व 34)" अर्जुन बेशक योद्धा है, लेकिन मन चंचलता के रहस्यों से परिचित है।

मन स्थिरता आसान कर्म नहीं है। मन अपनी चलाता है, बुद्धि उसी की पिछलग्गू हो जाती है, हम मनमानी करते हैं, हमारी बुद्धिमानी भी मनमानी की पूरक होती है। मन की ताकत बड़ी है। उसे प्रशिक्षित करने के बाद ही बुद्धि के अनुरूप लाया जा सकता है। वरना मन मनमानी ही कराता है। श्रीकृष्ण ने मनचंचलता की बात स्वीकार की "निस्संदेह मन को वश में करना बहुत कठिन है, यह चंचल है लेकिन इसे अभ्यास और वैराग्य से वश में किया जा सकता है-अभ्यासेन तु कौन्तेय वैराग्येण च गृह्यते।" (वही 35) गीता का यह श्लोक पतंजलियोगसूत्र से मिलता-जुलता है। पतंजलि का योग 'चित्तवृत्ति निरोध' है। श्रीकृष्ण का योग 'मनोनिग्रह' है। दोनो का मन्तव्य एक है। श्रीकृष्ण 'अभ्यास और वैराग्य' को मंत्र देते हैं। पतंजलि की भाषा भी यही है "अभ्यास वैराग्याभ्यां तन्निरोधः-अभ्यास और वैराग्य से इन वृत्तियों का नियंत्रण संभव है।" (पतंजलियोगसूत्र 1.12) पतंजलि की शैली वैज्ञानिक है, वे आगे अभ्यास की परिभाषा बताते हैं "इन दो (अभ्यास, वैराग्य) में अभ्यास स्वयं में दृढ़ता से प्रतिष्ठित होने का प्रयास है-तत्रस्थितौ यत्नो अभ्यासः।" (वही 13) यहां अभ्यास का मतलब योगासन नहीं, स्वयं के कर्म में स्थिर होने का प्रयास है।

अभ्यास स्वयं के प्रति सजग चेष्टा है, वैराग्य इच्छा शून्यता है। अभ्यास और वैराग्य चित्त को संयत करते हैं। असली बात है संयत चित्त। योगासन और ध्यान इसी के उपकरण हैं। व्यक्तित्व की पूरी ऊर्जा को एकाग्र करने का नाम अभ्यास है। फिर वैराग्य बताते हैं, "ऐन्द्रिक सुखों की तृष्णा में सजग प्रयास से भोग आसक्ति के प्रति वितृष्णा वैराग्य की प्रथम अवस्था है, पुरुष के अंतरतम का बोध होने पर सभी इच्छाओं का विलीनीकरण वैराग्य की पूर्णता है।" (वही 15 व 16) श्रीकृष्ण ने कहा, "असंयत के लिए योग कठिन है, लेकिन संयत व्यक्ति संकल्पबद्ध होकर योगलब्ध हो जाता है।" (गीता 6.36) अभ्यास, वैराग्य, असंयत और संयत चित्त मनुष्य की अंतर्यात्रा के पड़ाव हैं।

पतंजलि योग सूत्र सुव्यवस्थित दर्शन है और यथार्थ विज्ञान भी। दर्शन के आत्मिक अनुभव में मन की चंचलता बाधा है। बाधाएं और भी हैं। पतंजलि ने योग सूत्र (30) में बताया है कि "रोग, प्राणहीनता, संशय, प्रमाद, आलस्य, आसक्ति, भ्रान्ति और अस्थिरता बाधाएं हैं। दुख, निराशा, कपकपी और अनियमित श्वसन लक्षण हैं।" यहां 'रोग' ध्यान देने योग्य है। पतंजलि वैद्य या चिकित्सक नहीं थे। चरक संहिता आयुर्विज्ञान की प्रख्यात ग्रंथ है। बताते हैं-"बिना रोग का होना सुख है और रोग दुख है।" आगे स्वास्थ्य के बारे कहते हैं "जब मन और बुद्धि का समान योग रहता है तब मनुष्य स्वस्थ रहता है जब इनका अतियोग, अयोग और मिथ्या योग होता है तब रोग।" रोग मन और बुद्धि के अतियोग, अयोग और मिथ्यायोग के परिणामी है। योग परम स्वास्थ्य है। प्राण और शरीर का योग जीवन है। प्राण का कम होना जीवनी शक्ति का घटना है। आलस्य प्राण शक्ति घटाता है, आसक्ति बढ़ाता है। भ्रान्ति और अस्थिरता मन विक्षेप लाते ही हैं। पतंजलि ने मनुष्य का रहस्यपूर्ण विवेचन किया है और परम स्वास्थ्य के प्राचीन दर्शन को पुनर्जीवित किया है। शरीर, मन, बुद्धि और आत्म से स्वस्थ व्यक्ति हिंसक नहीं हो सकता। आनंदित व्यक्ति सृजन करता है और तनावग्रस्त व्यक्ति ध्वंस। योग तनावग्रस्त विश्वमानवता को भारत का प्रशांत उपहार है।

# योगः परम स्वास्थ्य

भारत ज्ञानात्मक संवेदना और संवेदनात्मक ज्ञान का एक आध्यात्मिक देश है। इसका चिंतन और कर्म सदा सर्वकालिक, सर्वजनीन और वैश्विक रहा है। बहुजन हिताय बहुजन सुखाय की कामना से भरी यहां की पूजा और प्रार्थनाएं होती है। भारत ने विश्व को योग के रूप में अनमोल और अतुलनीय उपहार दिया है। शारीरिक, मानसिक, आत्मिक और आध्यात्मिक विकास में योग परम सहयोगी है। आज दुनिया के लोग इसे अपनी दिनचर्या में सम्मिलित कर रहे हैं। कोरोना-संकट में योग बहुत ही कारगर सिद्ध हुआ है।

शाश्वत चिंतन, जीवन मूल्य और वसुधैव कुटुंबकम कोई अवधारणा मात्र नहीं है बल्कि यह तो भारत का नित्य चरित्र है। इस चरित्र के निर्माण में जिन संसाधनों, तत्वों और कारकों के महत्वपूर्ण योगदान हैं उनमें योग सर्वोपरि है। योगीश्वर शिव से योगेश्वर कृष्ण तक योग के दिग्दर्शन हैं। वेद और उपनिषद से आगे बढ़ता हुआ यही योग महर्षि पतंजलि तक आते-आते कुछ बाह्य रूपाकार भी ले लेता है। उसमें आसनों का समावेश होता है। अष्टांग योग के अंतर्गत शरीर सौष्ठव से लेकर आत्मा और चेतना तक को शुद्ध, बुद्ध और प्रबुद्ध बनाने का प्रावधान सन्निहित किया गया है। यद्यपि योग का सीधा अर्थ जोड़ है मगर इसके अर्थ-विस्तार में सात्विक वृत्ति, परम सत्य, आत्मबोध और वैश्विकता का सहज प्रवेश होता है। मन और बुद्धि योग के कारण सदा सही ठिकाने पर स्थित होते हैं। जहां आसनों से शरीर निरोग रहता है वहीं योग की चरम शक्ति से चित्त समग्रतः स्वस्थ होता है। स्वस्थ तन और मन ही परिवार, समाज, परंपरा, प्रगति और विश्व को समरसता में समाहित करने की शक्ति से संपन्न होता है। महर्षि पतंजलि ने योग को आकार और विस्तार दिया। उसे व्यवहारिक स्वरूप प्रदान किया।



डॉ. संजय पंकज
वरिष्ठ लेखक, मुजफ्फरपुर

अनेक ऋषियों, महर्षियों, योगियों और चिंतकों से आलोकित होता हुआ यह योग अब वैश्विक हो गया है। इसकी वैज्ञानिकता सिद्ध और सर्वमान्य है। यह और बात है कि कुछ एक धर्मबीमार तथा विचार संकीर्ण लोग इसे किसी जातिविशेष से संबद्ध कर देते हैं। जबकि खुली दृष्टि से देखा जाए तो यह सर्वधर्म और किसी न किसी रूप में सर्वजन स्वीकृत और क्रियान्वित है।

जैसे विभिन्न प्राणियों की ध्वनियों से मनुष्य की कला-बुद्धि ने सरगम का संयोजन किया और संगीत की बहुविध श्रीवृद्धि होती चली गई। राग-रागिनी में ढालते हुए स्वर और सुर को अनुशासित करते हुए आत्मझंकृति पैदा करने की संगीत साधकों ने शक्ति अर्जित की। सबकुछ प्रकृति से ही प्राप्त होता है। योग भी सहज प्राप्त मनुष्य की अनमोल निधि है। मानवेतर कई प्राणियों से योगासनों का कौशल प्राप्त किया गया तो मनोयोग की साधना भी कुछेक प्राणियों से ही हासिल की गई। हम छात्रों को सीख देते हुए सजग करते हैं- 'काक चेष्टा बको ध्यानं श्वान निद्रा'। अंतर्वृत्तियों को साधने की सीख भी हमें प्रकृति से मिलती है। दिनानुदिन तेजी से कृत्रिम जीवन के अभ्यासी होने के कारण मनुष्य प्रकृति से कटता चला जा रहा है। प्रकृति को मनुष्य बुरी तरह से विकृत कर रहा है। इसका दुष्परिणाम केवल समय समय पर ही नहीं बल्कि अब तो हर समय किसी न किसी रूप में भोगना पड़ रहा है। नए-नए रोग आ रहे हैं। नएपन के दौर में हमारी परंपरा और विरासत नष्ट हो रही है। परंपरा को हम अकारण ही लीक पीटना और रूढ़िवादिता मान लेते हैं। नए रोग के इलाज में नई दवाइयों के सेवन से रोज-रोज नए विकार पैदा हो रहे हैं। हम समृद्ध परंपरा से कटकर सिर्फ सांस भरते हुए जीवन जीए चले जा रहे हैं। इस जीने में अलौकिक आनंद नहीं, एक विवशता है। योग ज्ञान और विज्ञान भर नहीं है, यह वह आलोक है जिससे सर्वलोक परमात्म दर्शन से ज्योतित होता है।

# कोबरा की एवरेस्ट तक चढ़ाईः जलवायु परिवर्तन की आहट

हिमालय की बर्फीली ऊंचाइयों पर, जहां सदियों से केवल शांति, तप और प्रकृति की पवित्रता के लिए जानी जाती थी वहां अब कोबरा जैसे विषैले सरीसृप का दिखाई देना केवल एक विचलित कर देने वाली खबर नहीं, बल्कि बदलते युग की सबसे खतरनाक चेतावनी है। यह सिर्फ एक जंगल से दूसरे जंगल तक जीवों के स्थानांतरण की घटना नहीं है, बल्कि यह धरती की जलवायु में हो रहे उस मौलिक परिवर्तन की जीवित मिसाल है, जिसे विज्ञान ने वर्षों पहले आंकड़ों में परिभाषित किया था और जिसे आज हम अपनी आंखों से घटित होते देख रहे हैं। यह चेतावनी केवल हिमालय के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए है- क्योंकि जब बर्फ में सांप रेंगने लगें, तो यह समझ लेना चाहिए कि पृथ्वी की नाड़ी अब सामान्य नहीं रही।



डॉ. जितेंद्र शुक्ला
वन्य जीव विशेषज्ञ

नेपाल के हिमालयी क्षेत्रों में हाल ही में ऐसी खबरें सामने आईं, जिन्होंने वैज्ञानिकों, पर्यावरणविदों और सरकारों को समान रूप से स्तब्ध कर दिया। काठमांडू घाटी और उसके आसपास के क्षेत्रों जैसे सोखोल, गोपालेश्वर, फूलचौक, भञ्ज्याङ आदि में एक महीने के भीतर नौ राजा कोबरा और एक मोनोकल्ड कोबरा पाए गए। ये सांप केवल जीवित ही नहीं थे, बल्कि उनके अंडे और घोंसले भी उन जंगलों में मौजूद थे, जो इस बात का स्पष्ट संकेत थे कि वे वहां रहने के लिए उपयुक्त वातावरण पा चुके हैं। यह स्थिति सामान्य नहीं है, क्योंकि कोबरा सदैव से उष्णकटिबंधीय, समतल, और आर्द्र जलवायु वाले क्षेत्रों में पाए जाते रहे हैं। उनका हिमालय की तलहटी से होते हुए बर्फीली पहाड़ियों के करीब पहुंच जाना यह दर्शाता है कि वहां का पारिस्थितिक तंत्र अब उनके अस्तित्व के अनुकूल बनता जा रहा है।

वर्षों पहले तक जहाँ हिमालयी क्षेत्रों में सर्दियों के दौरान तापमान शून्य से 10 से 15 डिग्री नीचे चला जाता था, वहां अब यह धीरे-धीरे बढ़ रहा है। वैज्ञानिक रिपोर्टों के अनुसार, हिमालयी क्षेत्र में हर वर्ष औसतन 0.05C की वृद्धि हो रही है। यह वृद्धि दिखने में बहुत कम प्रतीत हो सकती है, लेकिन उच्च पर्वतीय पारिस्थितिकी में, जहां हर एक डिग्री का प्रभाव सौ वर्षों की स्थिरता को डगमगा सकता है, वहां यह परिवर्तन अत्यंत विनाशकारी है। तापमान में यह सूक्ष्म किंतु लगातार बदलाव न केवल बर्फ के तेजी से पिघलने का कारण बन रहा है, बल्कि इससे वहां की जैव विविधता में भी अप्रत्याशित परिवर्तन हो रहे हैं। यही कारण है कि अब ऐसे जीव, जिनका वहां कभी अस्तित्व नहीं रहा, वहां पाए जाने लगे हैं।

कुछ विशेषज्ञों ने प्रारंभ में यह आशंका जताई कि ये सांप संभवतः लकड़ी, घास या अन्य मालवाहक ट्रकों के माध्यम से इन क्षेत्रों तक पहुंचे होंगे। लेकिन समस्या केवल उनके पहुंचने की नहीं है, बल्कि यह अधिक गंभीर इस कारण है कि वे वहां पर जीवित रह पा रहे हैं, सामंजस्य बना रहे हैं, और यहां तक कि प्रजनन भी कर रहे हैं। यह साबित करता है कि अब वह क्षेत्र, जो कभी ठंडे वातावरण के कारण इन जीवों के लिए प्रतिकूल था, अब धीरे-धीरे उनके लिए अनुकूल हो गया है। यह



अनुकूलता केवल एक जीव के स्तर पर नहीं, बल्कि पूरी पारिस्थितिक श्रृंखला में असंतुलन का संकेत है। कोबरा जैसे शिकारी जीव यदि इन क्षेत्रों में बसने लगे, तो यह न केवल छोटे स्तनधारियों, पक्षियों और सरीसृपों के लिए खतरा है, बल्कि यह पारिस्थितिक स्थिरता को भी पूरी तरह छिन्न-भिन्न कर सकता है।

कोबरा की यह चढ़ाई केवल नेपाल तक सीमित नहीं है। भारतीय हिमालय के क्षेत्रों से भी ऐसी रिपोर्टें सामने आ रही हैं। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और सिक्किम के कुछ हिस्सों में भी अब उन क्षेत्रों में विषैले सर्प देखे जाने लगे हैं, जहां पहले कभी इनकी उपस्थिति की कोई संभावना नहीं थी। मुक्तेश्वर, नैनीताल, गढ़वाल, कुल्लू और सिरमौर जैसे क्षेत्रों में अब कोबरा के दिखाई देने की घटनाएं बढ़ रही हैं। ये घटनाएं जलवायु परिवर्तन के उस अदृश्य जाल की गवाही देती हैं, जिसमें एक-एक कर सभी जैविक कड़ियां फंसती जा रही हैं। हिमालय, जो अब तक भारत और दक्षिण एशिया के लिए एक प्राकृतिक सुरक्षा कवच था, अब खुद कमजोर होता दिख रहा है। कोबरा जैसे जीवों की ऊंचाई तक चढ़ाई केवल जीवविज्ञानियों के लिए एक शोध विषय नहीं रह गई, यह अब नीति निर्माताओं और सामान्य नागरिकों दोनों के लिए एक चेतावनी का स्वर बन चुकी है। जब हिमालय में पहले से ही ग्लेशियरों का तीव्र गति से पिघलना, असामान्य वर्षा, और भूस्खलन जैसी आपदाएं बढ़ रही हैं, तब इन विषैले जीवों का वहां दिखाई देना उस संकट को और अधिक गहरा बना देता है। यह जैविक आक्रमण नहीं है, बल्कि एक पारिस्थितिक शिफ्ट है-जो न केवल वन्यजीवों के जीवन पर असर डालेगा, बल्कि मानव जीवन, कृषि, पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सीधे प्रभावित करेगा। ग्लेशियरों का पिघलना, नदियों का रुख बदलना, दुर्लभ पक्षियों का गायब होना और अब कोबरा की चढ़ाई- ये सभी एक ही चेतावनी के अलग-अलग रूप हैं। प्रकृति अब धीरे नहीं, बल्कि स्पष्ट और तेज़ स्वर में बोल रही है। पहले यह स्वर आंकड़ों और रिपोर्टों में था, अब यह जीवन के हर पहलू में दिखने लगा है। यदि हम अब भी नहीं चेते, तो यह बदलाव आने वाले वर्षों में और अधिक गंभीर रूप ले लेगा।

यह समय है जब जलवायु परिवर्तन को केवल 'भविष्य की समस्या' मानने की भूल से बाहर निकलना होगा। कोबरा का हिमालय तक पहुंचना इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि अब भविष्य नहीं, वर्तमान ही खतरे में है। यह पृथ्वी का वह संकेत है, जिसे हम अनदेखा नहीं कर सकते। यह केवल विज्ञान की चिंता नहीं, यह नैतिकता की पुकार है। यदि हम चाहते हैं कि हिमालय आने वाली पीढ़ियों के लिए भी बर्फ, शांति और पवित्रता का प्रतीक बना रहे, तो हमें अभी, इसी क्षण जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध निर्णायक कदम उठाने होंगे।

# इतिहास के टुकड़े और देश प्रेम

देशप्रेम का गहरा संबंध देश को जानने से है। देश को जानने के मार्ग में मुख्य बाधाएं हैं- इतिहास की औपनिवेशिक समझ, बहिष्कारपरक राष्ट्रवाद और एकायामी आधुनिकता। आज हमारे सामने इतिहास नहीं इतिहास के टुकड़े हैं- 'फ्रैग्मेंटेड पास्ट' और सबका अपना-अपना अतीत है। कोई साझी भावना नहीं बची है, कोई साझा जीवन-लक्ष्य नहीं है। स्वाधीनता आंदोलन के दौर में अतीत लड़ रहा था, आज वह लड़ा रहा है। आनंद कुमारस्वामी एक श्रीलंकाई कला-दार्शनिक थे। उन्होंने देश के स्वदेशी आंदोलन में भाग लिया था। वे रवींद्रनाथ के भी नजदीक थे। उन्होंने इतिहास से ज्यादा महत्व कला-साहित्य की परंपराओं को दिया और कहा कि इनकी रोशनी में अपने को देखो। इतिहास खंड-खंड करता है, खासकर अंग्रेजों की औपनिवेशिक धारणाओं से प्रेरित खंड-खंडवादी इतिहास, जबकि कला और साहित्य जोड़ते हैं! ऊपर से पश्चिमी आधुनिकता ने लोगों को कबंध बना दिया जिसके पास सिर नहीं है, केवल धड़ है। कुमारस्वामी किसी बिंदु पर रहस्यमय हो जाते हों, पर उन्होंने 'राष्ट्र' की यूरोपीय धारणा का विरोध किया। दरअसल भारत में राष्ट्रीयता का विकास न पश्चिमी पद्धति से हुआ न स्त्री-दलित-आदिवासियों को अलग रखकर। इसलिए भारत को भारत की दृष्टि से ही जाना जा सकता है। देशप्रेम के लिए देश को जानना पहली जरूरत है। इसके लिए 'अ-पर' की खोज करने वाले वैदिक ऋषियों, बौद्धों, जैन साधकों, प्राचीन कवियों, भक्तों-सूफियों-संतों को जानना जरूरी है। उन सभी ने 'अदर्स' को लेकर बुद्धिपरक चिंतन किया, 'अ-पर' का महत्व बताया और पर-पीड़ा को 'अधमाई' माना। उन्होंने हमेशा प्रेम को महत्व दिया जो मनुष्य संसार से आगे बढ़कर पेड़-पौधों, पर्वत-नदियों, पशु-पक्षियों बल्कि संपूर्ण पर्यावरण तक विस्तृत था- 'पाती तोरै मालिनी, पाती पाती जीव' (कबीर)। रामायण में जब लक्ष्मण सीता को वन में छोड़कर जाते हैं, सीता के क्रंदन के साथ संपूर्ण वन रो पड़ता है, 'रूदितं वनेपि' और रोने की आवाज कवि वाल्मीकि तक पहुंचती है। कवि हमेशा बहिष्कृत की आवाज सुनता है! प्राचीन ऋषियों-कवियों की दृष्टि में जो भारत है उसका संबंध कभी किसी छोटे राज्य या साम्राज्य से नहीं रहा है। वे 'परस्पर मिलो-परस्पर संवाद करो-साथ सोचो' (वेद) गणतंत्र (बौद्ध-दर्शन), वृंदावन के कल्पलोक (सूरदास), 'ठाढ़े सिंह चरावै गाई' की अहिंसा (कबीर), राम राज्य (तुलसी), बेगमपुरा (रैदास), भूमा लोक (शैव दर्शन) आदि का स्वप्न देखते रहे हैं। भक्त कवियों में तुलसी ने अवधी से प्रेम के बावजूद 'भारत' का नाम लिया था- 'भलि भारत भूमि' और एक जगह गंगा के साथ दक्षिण भारत की नदियों का भी उल्लेख किया था। उन सभी ने अपने-अपने 'लोकेल' से अपनी सीमा में भारत को लेकर बड़े सपने रचे। कहना न होगा कि भारत के लोगों के सपने उनकी स्मृतियों से महान है।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

# डिजिटल भंवर में फंसे रिश्ते

गौर से देखकर यदि कहूं तो तीन पीढ़ियों में पिता की छवि समय के साथ लगातार बदलती गई है। एक समय था जब अधिकतर पिता किसानी और मेहनत-मजदूरी से परिवार पालने वाले व्यक्ति हुआ करते थे। वे कम बोलते थे, लेकिन उनकी मेहनत की गंध पूरे घर को सुरक्षा और स्थायित्व का एहसास देती थी। उस दौर का पिता अपनी मौजूदगी से परिवार की नींव को मजबूती देता था। वह अपने बच्चों के भविष्य के लिए खुद को मिटा देता था, लेकिन कभी एहसान नहीं जताता था। घर के बड़े फैसलों में उनकी अंतिम बात ही मान्य होती थी, लेकिन वह कोई तानाशाही नहीं बल्कि अनुभव का निचोड़ होती थी।



> पिता की भूमिका अब जिम्मेदारी से अधिक 'रोल' बनकर रह गई है– जिसे निभाना है, दिखाना है, शेयर करना है। भावनात्मक रूप से पिता कहीं अकेले पड़ते जा रहे हैं।

दूसरी पीढ़ी के पिता थोड़ा और बदले। अब वे खेत-खलिहान से निकलकर दफ्तरों में, फाइलों और पेंशन के चक्र में आ गए थे। वे बच्चों की फीस भरते थे, स्कूल छोड़ते थे, रिपोर्ट कार्ड देखते थे, लेकिन संवाद की गहराई अब भी सीमित थी। उस दौर में पिता का प्यार अक्सर अनुशासन के रूप में देखा जाता था। उनका जीवन कर्तव्यों में बंधा था। वे चाहते थे कि उनके बच्चे उनसे आगे निकलें, लेकिन अपने अनुभव के आधार पर उन्हें रोकने-टोकने की कोशिश भी करते थे। वे अपनी भावनाओं को शब्दों में नहीं, कार्यों में व्यक्त करते थे। उनके भीतर एक संघर्ष था-परंपरा और परिवर्तन के बीच संतुलन साधने का।



प्रवीण त्रिवेदी
फतेहपुर

तीसरी पीढ़ी के पिता अब स्मार्टफोन, गूगल कैलेंडर और इंस्टाग्राम के साथ जीने लगे हैं। अब वे बच्चों के 'बेस्ट फ्रेंड' बनने की कोशिश करते हैं, उन्हें खुलकर बोलने की आज़ादी भी देते हैं और उनके निर्णयों में दखल देने से बचते हैं। वे कूल डैड बनना चाहते हैं जो बच्चों को गाइड करें, लेकिन कंट्रोल न करें। पर इसी कोशिश में कहीं न कहीं वह परछाईं धुंधली पड़ने लगी है, जो पिता को पिता बनाती थी। अब संवाद तो है, लेकिन गहराई कम है। सहमति तो है, पर वह अधिकार नहीं जो पहले वाली पीढ़ियों के पिता सहज रूप से रखते थे। आज के पिता बच्चों के साथ चैट करते हैं, लेकिन क्या वे उनके मन की खामोशी को सुन पाते हैं? पिता की भूमिका अब जिम्मेदारी से अधिक 'रोल' बनकर रह गई है-जिसे निभाना है, दिखाना है, शेयर करना है। भावनात्मक रूप से पिता कहीं अकेले पड़ते जा रहे हैं। पहले की पीढ़ियों में पिता चुप रहकर भी बच्चे का मन समझ लेते थे, आज के पिता बोलते हैं, पूछते हैं, लेकिन जवाबों के बीच खो जाते हैं।

समय के साथ पिता की छवि में जो बदलाव आया है, वह केवल बाहरी नहीं है। यह समाज की संरचना, परिवार के ताने-बाने और हमारी जीवनशैली में आए व्यापक परिवर्तन का परिणाम है। अब यह जरूरी हो गया है कि हम पिता को फिर से केवल जिम्मेदारी या भूमिका के दायरे से निकालकर एक भावनात्मक, मानवीय और संवेदनशील संबंध के रूप में पुनर्स्थापित करें। क्योंकि चाहे कोई भी समय हो, पिता वही होता है- जो बिना कहे सब कुछ दे देता है और बदले में सिर्फ एक मुस्कान चाहता है।

# नए टोल टैक्स भुगतान नियम से उम्मीदें

'टोल टैक्स' पर आए दिन घटित होती नाना प्रकार की सामान्य-असामान्य घटनाओं को ध्यान में रखते हुए आखिरकार केंद्र सरकार ने एक दफे फिर पुरानी टोल्स नीतियों में बदलाव करते हुए नए फास्टैग नियम लागू करने का ऐलान किया है। बदले नियमों को केंद्र सरकार ने 'सुपरफास्ट फास्टैग' बताया है। हालांकि, ये नवीनतम योजना दो महीने बाद यानी आगामी 15 अगस्त से देशभर में अमल आएगी। इसके संबंध में मोटी-मोटी सूचनाएं विभागीय मंत्री नितिन गडकरी ने बीते गुरुवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिए देशवासियों से साक्षा की। नई नियमों को लेकर लोगों के जेहन में सिर्फ दो सवाल प्रमुखता से उठ रहे हैं। अव्वल, क्या अब टोल टैक्स पर लगने वाली लंबी-लंबी कतारें कम होंगी। वहीं दूसरा, क्या इससे वाहन चालकों को थोड़ी बहुत रियारत मिल पाएगी?



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी मंत्री नितिन गडकरी ने एक ऐलान किया था कि 60 किमी अंतराल में आने वाले टोल से वसूली नहीं की जाएगी। लेकिन अफसोस वह योजना सिरे नहीं चढ़ पाई। कम दूरी वाले किसी टोल को बंद नहीं किया गया, आज भी टोल्स पर वसूली बदस्तूर जारी है। ज्यादातर पुराने टोल की दूरी 60 किमी से काफी कम हैं। 30-40 किमी की दूरी में ही बने हैं। विगत सालों पहले सरकार ने टोल से नगद वसूली के नियमों को बदलकर जब से फास्टैग योजना को लागू किया था, तब से उसकी आमदनी में चार चांद लग गए। दरअसल, फास्टैग एक इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली है, जिसे एनएचएआई लीड करती है।

फास्टैग से टोल वसूली का पैसा धीरे सरकार के खजाने में जाता है। फास्टैग रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन तकनीक से उपयोग होती है, जिससे ग्राहक टोल भुगतान सीधे प्रीपेड या बचत खाते से आसानी से करते हैं। वित्तीय वर्ष-2024 में भारत भर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल संग्रह राजस्व का मूल्य 648 बिलियन भारतीय रुपए से अधिक रहा। यही कारण है कि सरकार इस सब्जेक्ट को इतनी गंभीरता से लेकर चल रही है। सरकार का मकसद है कि नए नियमों का फायदा ग्राहकों को भी हो और उनकी आमदनी में भी इजाफा हो?

केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम-1956 और शुल्क नियम-2008 के तहत टोल प्लाजा के माध्यम से शुल्क वसूलती है। नियमों में बदलाव पहले भी कई मर्तबा किए गए। पर, बीते एकाध दशक से टोल वसूली में बेहताशा इजाफा हुआ। जिसे कम करने का आमजन का भारी दबाव सरकार पर है। आम लोगों को मिलने वाली किफायत की जहां तक बात है, तो नई पॉलिसी फिलहाल निजी वाहनों पर लागू होगी। तीन हजार रुपए का वैध वार्षिक पास बनवाने के बाद ग्राहक साल




भर की अवधि में 200 टोल टैक्स क्रॉस कर सकेंगे। ये पास मौजूदा फास्टैग में ही संचालित होगा, नया बनवाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

हालांकि, इसमें पेंच एक फंसाया गया है। योजना सिर्फ भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों में प्रयोग होगी। राज्य स्तरीय मार्गों-सड़कों, निकाय और नगर निगम की अधिकृत सड़कों को इससे नहीं जोड़ा गया है। योजना से ग्राहकों को जो फायदा होगा, वह ये है कि अभी तक अमूमन प्रत्येक एनएचएआई टोल टैक्स पर भुगतान करने की कीमत 50 रु से लेकर 200 रुपए के बीच होती है। लेकिन 3 हजारी वैध पास के बाद मात्र 15 रूपए ही प्रत्येक टोल पर वसूले जाएंगे। ये फायदा निजी वाहन चालकों को सीधे तौर होगा।

योजना की एक अच्छी बात ये है। चालक अगर साल में 200 टोल्स को क्रॉस नहीं करता है, तो उसकी वैधता अगले वर्ष भी जारी रहेगी। राष्ट्रीय राजमार्गों पर रोजाना और नियमित चलने वालों के लिए 'सुपरफास्ट फास्टैग' योजना निश्चित रूप से कारगर साबित होने वाली है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय पर बीते कुछ वर्षों से टोल प्लाजा पर ट्रैफिक को कम करने का भारी प्रेसर पड़ा है। प्रत्येक दिन कहीं न कहीं मारपीट की घटनाएं रिपोर्ट होती रही हैं। इन सभी से छुटकारा पाने के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इस योजना को लागू किया। भारत में राष्ट्रीय राजमार्गों का विशाल नेटवर्क बिछ चुका है। वर्ष-2014 तक राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 91,287 किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 1,46,195 किलोमीटर हो चुकी है।

अगले 10 सालों में राजमार्गों की लंबाई डेढ़ गुनी तक बढ़ने की संभावनाएं हैं और उसमें नए टोल भी जुड़ेंगे। आंकड़ों के मुताबिक हिंदुस्तान में करीब 1,063 टोल प्लाजा हैं जिनमें 457 टोल प्लाजा का निर्माण वर्ष 2025 में किया गया। टोल नीति केंद्र सरकार की वह इकाई है जो सबसे बड़ी कमाउ है। नई 'सुपरफास्ट फास्टैग' नीति से भी उसे ढेरों उम्मीदें हैं। टोल पॉलिसी को केंद्र सरकार राजस्व वसूली का सबसे बड़ा जनरेटर मानती ही है, तभी इसमें नित नए नियमों को जोड़ती चली जा रही है। मात्र दिल्ली-मुंबई मार्ग पर एनएच-48 के वडोदरा-भरूच खंड पर स्थित टोल प्लाजा ने पिछले 5 पांच सालों में 400 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाकर दिए हैं। सरकार को सुविधाओं पर भी ध्यान देना होगा। निर्बाध और सुगम सड़क यात्राओं की इच्छाएं सभी में हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### किशोरी की फोटो वायरल करने पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित किशोरी का फोटो गलत तरह से सोशल मीडिया पर वायरल करने पर किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित मां के अनुसार उसकी पंद्रह वर्षीय पुत्री का फोटो थाना क्षेत्र के ग्राम चंद्रपुर निवासी अनूप ने खींचकर उसे अश्लील तरह से एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल कर रहा है। वह एक विधवा औरत है, उसने जब विपक्षी से इस बात की शिकायत की तो आरोपी ने पिता के साथ मिलकर गाली–गलौज कर पुत्री को बदनाम कर देने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर के आधार पर बेहटा गोकुल पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ऑटो की टक्कर से बाइक सवार घायल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र में 20 जून को ऑटो चालक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मारकर घायल कर दिया है। घायल की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम मगनपुर निवासी रेवती देवी पत्नी रामू के अनुसार उसका पुत्र सचिन शर्मा शुक्रवार को बाइक से सकाहा गांव से लौट रहा था। रास्ते में बाइक रोककर किसी से बात करने लगा, तभी तेज रफ्तार ऑटो के चालक ने उसके पुत्र के टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुत्र को राहगीरों ने 108 एंबुलेंस से इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है। जहां उसके पुत्र का इलाज हो रहा है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने ऑटो चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नर सेवा ही है सबसे बड़ी नारायण सेवा : गौरव

**हरदोई, अमृत विचार।** प्रत्येक शनिवार अथवा रविवार क़ो एस एस एन जनकल्याण समिति के माध्यम से होने वाली भोजन वितरण श्रृंखला में शनिवार को 103वां सप्ताह को जिला चिकित्सालय मे बिस्कुट, भोजन वितरण कराया। संस्था के सदस्य गौरव अग्रवाल ने भोजन वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए उन्होंने बताया कि नर सेवा ही सबसे बड़ी नारायण सेवा है। जिला चिकित्सालय में ग़रीब व असहाय लोगों को भोजन प्रदान करके उन्हे आत्मिक सुख प्राप्त हो रहा है। उन्होंने जनपद के प्रत्येक सक्षम नागरिक से बढ़ चढ़कर इस महाअभियान में सहयोग की अपील की।

### दबंगों पर भूमि व चकरोड कब्जा करने का आरोप

**टोडरपुर, हरदोई, अमृत विचार।** गांव के दबंगों पर ग्राम सभा की भूमि व चकरोड को कब्जा कर लेने का आरोप लगाया है, जिसमें ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी को लिखित शिकायती पत्र देकर ग्राम सभा की अवैध भूमि व चकरोड कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। मामला विकासखंड टोंडरपुर क्षेत्र के करसुआ ग्रंट गांव का है।



11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्पोर्ट्स स्टेडियम में योगाभ्यास करते आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, डीएम अनुनय झा व अन्य। अमृत विचार



शाहाबाद के श्रीहर्ष पाण्डेय आदर्श इंटर कॉलेज में योगासन करते शिक्षक।

# योग हमारी संस्कृति व परंपरा का महत्वपूर्ण अंग

## 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्पोर्ट्स स्टेडियम में मंत्री नितिन अग्रवाल ने किया योगाभ्यास

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** स्पोर्ट्स स्टेडियम में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों ने ताड़ासन, वृक्षासन, अर्ध चक्रासन, दंडासन, भद्रासन, वज्र आसन, उत्तान मंडूक आसन, मकरासन, भुजंग आसन, सेतु बंधासन, पवन मुक्तासन, शवासन आदि आसन व प्राणायाम करवाये गए। मंत्री व जिला पंचायत अध्यक्ष ने बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों के साथ योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में योग किया। आसन व प्राणायाम के उपरांत योग संकल्प दिलाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने सभी लोगों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग स्वस्थ जीवन व स्वस्थ मस्तिष्क के लिए बहुत आवश्यक है। यह हमारी भारतीय संस्कृति व परंपरा का महत्वपूर्ण अंग है।

मुख्य अतिथि ने मुख्य अतिथि द्वारा योग सप्ताह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले विजयी प्रतिभागियों व महत्वपूर्ण योगदान देने वाले संस्थानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर जिलाधिकारी अनुनय झा ने मुख्य अतिथि, मुख्य विकास अधिकारी ने विशिष्ट अतिथि को रुद्राक्ष का पौधा भेंट किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन, अपर जिलाधिकारी विरा प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी, जिलाध्यक्ष भाजपा अजीत सिंह बब्बन, नगर पालिका अध्यक्ष सुख सागर मिश्र मधुर, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला भाजपा कार्यालय पर जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन सहित तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने किया योगाभ्यास।

हरदोई रेलवे स्टेशन पर कर्मचारियों ने आरपीएफ बैरक में एकत्र होकर योग आसन किया एवं योग को आगे बढ़ाने के लिए संकल्प लिया। योग प्रशिक्षण का कार्यक्रम संजीव ने कराया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संजीव शुक्ला की अनुमति से न्यायिक अधिकारियों व कर्मचारियों ने दस कक्षीय भवन दीवानी न्यायालय परिसर के सभागार में शनिवार को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। योग दिवस में योग प्रशिक्षक अधिवक्ता हरिवंश सिंह ने सभागार में उपस्थित न्यायिक अधिकारियों व कर्मचारियों को योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए योग करने से होने वाले लाभ के बारे में बताया गया। इस अवसर पर अपर जिला जज कुसुम लता, योगेंद्र चौहान, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भूपेन्द्र प्रताप, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अनुराग यादव, कल्पना यादव, न्यायिक मजिस्ट्रेट कुमार आशीष, अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन मोहम्मद यूनिस, सिविल जज जूनियर डिवीजन/एफटीसी (महिला) व न्यायालय कर्मचारीगण मौजूद रहे।



योग दिवस पर अभ्यास करते एसपी नीरज कुमार जादौन। अमृत विचार



प्रशस्ति पत्र प्रदान करते मंत्री नितिन अग्रवाल। अमृत विचार

## ग्रामीण क्षेत्रों में भी दिखा क्रेजः लोगों ने घर, खेत, खलिहान व पार्कों में किया योग

**हरदोई, अमृत विचार।** लोग अपनी सेहत को लेकर जागरूक हुए हैं 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर गांव, शहर, खेत खलिहान, घर,दफ्तर, जिसको जहां भी मौका मिला योगाभ्यास कर सेहत को फिट करने में जुटा रहा। बिलग्राम संवाददाता के अनुसार तहसील एसडीएम पूनम भास्कर, तहसीलदार अमित यादव, सभी नायब, लेखपाल ने योग किया। कोतवाली परिसर में कोतवाल अरविन्द राय ने पूरे स्टाफ में योगाभ्यास किया।

शाहाबाद संवाददाता के अनुसार भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दीपकमल राठौर के नेतृत्व में महमंद में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दीपकमल राठौर ने स्वयं लोगों को योग के प्रति जागरूक किया। कहा कि योग करें और स्वस्थ रहें। इसके अतिरिक्त ब्लॉक मुख्यालय, नगर पालिका कैंपस, सीएचसी शाहबाद और कांशीराम कालोनी में भाजपा नगर अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू के नेतृत्व में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मल्लावां नगर पालिका में चेयरमैन पति रियाज अहमद और ईओ राजेश राणा ने पालिका कर्मचारियों के साथ योग किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉ. संजय सिंह ने स्टॉफ के साथ योग किया। माधौगंज की ग्राम पंचायत खुर्दा मदारपुर पंचायत भवन में ग्राम प्रधान पूजा सिंह व प्रधान प्रतिनिधि अशोक सिंह ने ग्रामवासियों के साथ योग किया है। पिपरावां गांव में पंचायत भवन में ग्राम प्रधान नन्हीं देवी व सचिव आकाश पटेल ने प्रतिदिन करें योग रहें निरोग का संदेश दिया है। गांव बढैया खेड़ा स्थित पंचायत भवन में प्रधान प्रतिनिधि रजत मिश्रा ने योगाभ्यास किया है। किसान मजदूर बेरोजगार विकास समिति के कार्यालय रुदामऊ तिराहे पर संस्थापक सुभाषचन्द्र ने पदाधिकारियों के साथ योगाभ्यास किया गया है। बेनीगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय यादव ने कहा कि फिट रहने के लिए योग बहुत जरूरी है, सभी को प्रतिदिन योग करना चाहिए जिससे निरोगी काया और स्फूर्ति मिल सके। अतरौली में थाना परिसर, विकास खण्ड कार्यालय, एबीएसए कार्यालय में योग दिवस मनाया गया। सांडी विकासखण्ड परिसर पर ब्लॉक प्रमुख अनिल राजपूत, खण्ड विकास अधिकारी अदयवीर दुबे के साथ कर्मचारियों ने नगर पालिका परिषद में अधिशासी अधिकारी जयप्रकाश यादव ने कर्मियों को योगाभ्यास कराया।



बिलग्राम में योगाभ्यास करते लोग। अमृत विचार

### रेडक्रॉस भवन में लोगों ने किया योग

**हरदोई, अमृत विचार।** रेडक्रॉस भवन में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में प्रशिक्षकों नं अर्ध चक्रासन,दं डासन, भद्रासन, वज्र आसन, मकरासन, भुजंग आसन, पवन मुक्तासन, शवासन आदि आसन व प्राणायाम करवाए गए। इस अवसर पर सोसाइटी के गोपाल द्विवेदी, महेश चंद्रा, शिव प्रकाश त्रिवेदी, रमेश सिंह तोमर, लक्ष्मी कांत तिवारी, एम के दीक्षित, जय भगवान अग्रवाल, मोनू, गुड्डू, रमा कांत, फरीद खान आदि ने उपस्थित रहकर योग किया। भारत विकास परिषद ने शहर के एक लॉन में योग शिविर का आयोजन किया। योग गुरू कमल वर्मा ने योग अभ्यास कराया गया। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

# गड्ढे में गिरकर तीन बच्चों की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** मिट्टी खनन होने से बने गड्ढे में बरसात में पानी भर गया था। शनिवार की शाम ननिहाल आए दो मौसेरे भाई अपने ममेरे भाई के साथ वहां पहुंच गए और उसी गड्ढे में गिरकर डूब गए। परिजन बच्चों को तलाश रहे थे। करीब डेढ़ घंटे बाद जानकारी होने पर बच्चों को गड्ढे से निकाला गया, लेकिन तीनों की मौत हो चुकी थी।

बताया गया है कि 11 वर्षीय दुर्गेश पुत्र पिंटू निवासी लालपुर भैंसरी थाना टड़ियावां और पिहानी कोतवाली के चंदेली निवासी रतिराम का 10 वर्षीय पुत्र कार्तिक शुक्रवार को टड़ियावां थाने के गौराडांडा निवासी अपने मामा नरेंद्र के घर आए थे। शनिवार की शाम दोनों मौसेरे भाई कार्तिक व दुर्गेश अपने 12 वर्षीय ममेरे भाई पवनीश पुत्र नरेंद्र के साथ गांव के बाहर खेल रहे थे। तीनों गांव के बाहर पुनपुन सिंह के खेत में मिट्टी खनन से बने गड्ढे के पास पहुंचे गए। गड्ढे में पानी भरा हुआ था, उसी बीच तीनों किशोर गड्ढे में गिर गए। काफी देर तक घर न पहुंचने पर परिजन बच्चों को तलाशने लगे। करीब डेढ़ घंटे बाद कार्तिक, दुर्गेश और पवनीश के गड्ढे में गिरने की बात पता चली। आनन-फानन में उन्हे गड्ढे से बाहर निकाला गया, लेकिन उससे पहले तीनों की मौत हो चुकी थी। हादसे की खबर सुनते ही इलाके में भगदड़ मच गई।



बिलखते मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाते एसडीएम सदर सुशील मिश्रा।

**मिट्टी खनन से बना था गड्ढा, मरने वाले दो मौसेरे व एक ममेरा भाई**

## करंट की चपेट में आए किशोर की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** सिंचाई के लिए मोटर का तार लगा रहा किशोर करंट की चपेट में आ गया। मेडिकल कालेज में उसकी मौत हो गई। कोतवाली देहात के डुड़ैला मजरा दानियाल गंज में शनिवार की दोपहर हादसा हुआ। डुड़ैला मजरा दानियाल गंज निवासी वीरेंद्र का 16 वर्षीय इकलौता पुत्र आनंद शनिवार को घर के बाहर था,सिंचाई के लिए उससे मोटर में लगा बिजली का तार लगाने के लिए कहा गया,बताते है कि आनंद ने जैसे ही तार लगाया, उसी बीच उसके करंट लगा और वह गिर पड़ा, उसे गिरता हुआ देख कर वहां मौजूद लोग दौड़ पड़े, आनंद के घर वाले पहुंचे और उसे वहां से उठा कर मेडिकल कालेज पहुंचे,लेकिन उससे पहले उसकी मौत हो गई।

# तीन दिनों से ठप है विद्युत आपूर्ति, उपभोक्ता बेहाल

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

**ट्रांसफॉर्मर में टेक्निकल फॉल्ट से एक सैकड़ा घरों में अंधेरा**

**अमृत विचार।** नगर के पीपल चौराहे के पास स्थित ट्रांसफॉर्मर में टेक्निकल फॉल्ट के कारण लगभग 100 घरों में पिछले तीन दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित है। इस दौरान 58 घंटों में केवल दो घंटे ही बिजली की आपूर्ति हो पाई है।इस समस्या से मोहल्ला खुर्दपूरा, बजरिया और मोहल्ला मलकंठ के निवासी प्रभावित हैं। बिजली न होने से लोगों को पीने के पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों को दूर-दूर जाकर पानी लाना पड़ रहा है।

अवर अभियंता संतोष कुमार के अनुसार, ट्रांसफॉर्मर की मरम्मत की गई थी, लेकिन कुछ समय बाद फिर से फॉल्ट हो गया। उन्होंने बताया कि नया ट्रांसफॉर्मर लाया जा रहा है और शनिवार शाम तक बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। गोपाल गुप्ता, दिलीप, अभिषेक, आलोक, सुरेश कुमार, अमरेश, मनीष कुमार, नसीम सुएब, अब्दुल रशीद पप्पू, इरफान और कलाम सहित कई उपभोक्ताओं ने बताया कि बिजली की अनुपलब्धता से उनकी दैनिक दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

## सार-संक्षेप

### मच्छरों से निजात दिलाने की मांग

**पाली, हरदोई, अमृत विचार।** नगर पंचायत द्वारा फागिंग मशीन न चलाए जाने के कारण नगर में दिनों दिन मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, जिससे नगर में बीमारियों का भी फैलने का खतरा बना रहता है। मच्छरों की ज्यादा पैदावार से लोग रात में नींद नहीं ले पा रहे हैं। नगर की विद्युत आपूर्ति भी सुचारू रूप से नहीं मिल पा रही है। इसकी वजह से भी लोग रात भर जगराता करते हैं। नगर पंचायत की उदासीनता के चलते नगर के लोग मच्छरों से रात भर लड़ाई करते देखे जा सकते हैं, जबकि बरसात का महीना चल रहा है। इस महीने में मच्छरों की पैदावार अधिक हो जाती है। समय रहते फारिंग मशीन नहीं चलाई गई तो नगर में बीमारियों का फैलने का खतरा अधिक बना रहता है। नगर पंचायत के एक कर्मचारी जिनकी जिम्मेदारी फागिंग मशीन नगर में चलाएं जाने की है उनसे जब फागिंग मशीन चलाएं जाने के संबंध में जानकारी ली तो उन्होंने कहा अभी मूड सही नहीं है फिर मिलेंगे तो बताएंगे नगर के लोगों ने मच्छरों से निजात दिलाए जाने की नगर पंचायत प्रशासन से मांग की है।

### दो वाहन किये सीज, 25 का किया चालान

**हरदोई, अमृत विचार।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन अरविन्द कुमार सिंह ने बताया है कि जनपद में बिना पूर्ण प्रपत्रों के (फिटनेस, टैक्स, बीमा, परमिट, प्रदूषण नियन्त्रण) संचालित एवं निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी लेकर चलने वाले वाहनों की जांच की गई, जिसमें एक बस तथा एक ओवरलोड वाहन को सीज किया गया। उन्होंने बताया कि बिना हेल्मेट के बाइक चला रहे 18 लोगों का चालान किया गया तथा चार लोगों का सीट बेल्ट न लगाने पर चालान की कार्यवाही की गयी। कुल 25 लोगों का चालान किया गया। उन्होंने समस्त वाहन चालकों से अनुरोध किया है कि अपने प्रपत्र सही करा कर वाहन का संचालन करें, बिना लाइसेंस व अन्य प्रपत्र के वाहन संचालन करने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

### पहली बरसात भी नहीं झेल सका नाला, ढहा

**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** नगर पालिका द्वारा एक वर्ष पूर्व मोहल्ला औलद गंज मे पानी निकास के लिए आरसीसी नाला निर्माण कराया गया था जो कि पहली बरसात मे है एक तरफ की नाले की आरसीसी गिर गई। बुधवार रात्रि बरसात में घटिया सामग्री से बाने आरसीसी नाला उफना गया और एक तरफ का गिर गया। नाला निर्माण खोल रहा है नगर पालिका की भ्रष्टाचार की पोल अधिकारी ठेकेदार की मिलीभगत से बना लगभग 150 मीटर का आरसीसी नाला निर्माण लगभग 23 लाख रुपये की लागत से बना है। लिपिक शकिल ने बताया कि यह 15 मीटर नाला कच्चे मकान दीवार गिरने से एक तरफ का नाला गिरा है। इस संबंध अधिशासी अधिकारी ने बताया कि एक दो दिन मे ठेकेदार से सही करवा दिया जाएगा।



**सम्पूर्ण समाधान दिवस** | शिकायत सुनने से पहले डीएम और एसपी ने मां के नाम लगाया एक पेड़

# डीएम और एसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

शाहाबाद- बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अनुनय झा व पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने बड़ी संख्या में आम जन की समस्याओं को सुना। समाधान दिवस में जन सुनवाई से पूर्व जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया। इसके उपरांत जन सुनवाई प्रारम्भ हुई। इस दौरान ने कई पात्रों के मौके पर ही आयुष्मान कार्ड, पेंशन आवेदन, राशन कार्ड आदि बनवाए। मेड़बंदी की कार्रवाई में अनावश्यक विलम्ब पर जिलाधिकारी में राजस्व निरीक्षक प्रमोद मिश्रा का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि भूमि विवाद के मामले में राजस्व विभाग व पुलिस विभाग की टीम समन्वय बनाकर मौके जाकर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें। किसी भी विवाद को गंभीर न होने दिया जाये। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार, उप जिलाधिकारी शाहाबाद तान्या सिंह व सभी सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

बिलग्राम तहसील सभागार में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी पूनम भास्कर ने जनता की समस्याओं को सुना। उन्होंने भूमि संबंधी विवादों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि भूमि पर अवैध कब्जे के मामलों में राजस्व विभाग और पुलिस विभाग की टीम मौके पर जाकर कार्रवाई करेगी। कार्यक्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी रवी प्रकाश सिंह, तहसीलदार अमित यादव और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



शिकायत सुनते जिलाधिकारी अनुनय झा साथ में मौजूद एसपी नीरज कुमार जादौन।

## एसपी ने प्रशिक्षण को आए आरक्षियों का जाना हाल

**हरदोई, अमृत विचार।** एसपी नीरज कुमार जादौन प्रशिक्षण के लिए बघौली थाने पहुंचे 130 आरक्षियों के बीच पहुंचे और उनका हाल जाना,साथ ही उन्हे कर्तव्य और निष्ठा का पाठ पढ़ाते हुए उन्हे उनकी ज़िम्मेदारी के बारे में बताया। रहन-सहन या खान-पान के बारे में भी बातचीत की। एसपी श्री जादौन ने प्रशिक्षण पर बघौली थाने पहुंचे 130 आरक्षियो को ज़रूरी दिशा-निर्देश दिए गए। शुक्रवार को एसपी श्री जादौन ने बघौली के सुन्नी गांव के एक मैरिज लान में उनसे बातचीत के दौरान ज़रूरी दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी लोग कि प्रशिक्षण पूरा होने के बाद अपने कर्तव्य और निष्ठा को ध्यान में रखते हुए ईमानदारी व लगन के साथ लोगों की सेवा करें। इस बारे में भी पूछा,रहन-सहन और खान-पान के बारे में सवाल किए। इस दौरान सीओ सिटी अंकित मिश्रा,सीओ बघौली प्रवीन कुमार,एसएचओ बघौली ब्रजेश मिश्रा सहित वहां का स्टाप मौजूद रहा।

# समाधान दिवस में 193 शिकायतों में से 7 का निस्तारण

## विधायक बंबालाल दिवाकर व एसडीएम शिवेन्द्र वर्मा ने जनसामान्य की समस्याएं व शिकायतें सुनीं

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार की मंशानुरूप जन समस्याओं व शिकायतों के प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के लिये तहसील सफीपुर में आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में विधायक बंबालाल दिवाकर व एसडीएम शिवेन्द्र वर्मा ने जनसामान्य की समस्याएं व शिकायतें सुनीं।

समाधान दिवस पर तहसील सफीपुर में एसडीएम ने राजस्व विभाग की 98, पुलिस की 35, विकास की 8, विद्युत की 6, पूर्ति की 7 सहित अन्य विभागों की 39 शिकायतों व समस्याओं को सुना। इसमें कुल 193 शिकायतें आईं।


सफीपुर तहसील में लोगों की समस्याएं सुनते विधायक व अधिकारी। अमृत विचार


सदर तहसील में लोगों की समस्याएं सुनते जिलाधिकारी व एसपी। अमृत विचार

जिनमें से 7 का मौके पर निस्तारण कराया गया। इस दौरान विधायक ने क्षेत्र वासियों की समस्याओं को सुना और निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व आईजीआरएस पोर्टल से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करते समय विशेष सावधानी बरतें। आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के दौरान जो भी असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त होते हैं अधिकारी उन्हें अच्छे से पढ़ें और इसके बाद गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। इस दौरान तहसील परिसर में संबंधित विभागों द्वारा पोषण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फार्मर रजिस्ट्री, पूर्व माध्यमिक विद्यालय कन्या सुफीपुर व स्वास्थ्य के कैंप लगाकर जनसमुदाय को सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस दौरान सीएमओ डॉ. हरिनंदन प्रसाद, जिला पूर्ति अधिकारी राज बहादुर सिंह, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रकाश पांडे, जिला सेवायोजन अधिकारी प्रीति चन्द्रा, जिला कृषि अधिकारी शशांक, उपायुक्त उद्योग करूणा राय, जिला मत्स्य अधिकारी बीके दुबे, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी सुबोध कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक सिन्हा, तहसीलदार सफीपुर आशुतोष उपाध्याय, सीओ सफीपुर मधुपनाथ मिश्रा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व स्थानीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

इसके अलावा सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी गौरांग राठी व एसपी दीपक भूकर ने अपनी समस्या लेकर आए लोगों की समस्याएं सन उनके निस्तारण के निर्देश मातहतों को दिए। वहीं, बांगरमऊ, हसनगंज, पुरवा व बीघापुर में भी अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनीं।

## गेट में उतरे करंट की चपेट में आकर विवाहिता की मौत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** बारिश के बीच घर का मेन गेट बंद करने गई महिला की करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। इसकी जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

माखी थानाक्षेत्र के बंदाखेड़ा गांव निवासी दीपिका (30) पत्नी श्याम प्रताप सिंह शुक्रवार देरशाम हुई बारिश के दौरान अपने घर का गेट बंद करने गई थी। तभी गेट के करीब से विद्युत केबिल के कटे होने से गेट में करंट उतर आया था। इससे वह करंट की चपेट में आकर झुलस गई। बच्चों ने मां को फर्श पर अचेत पड़ा देख शोर मचाया। इस पर पड़ोसी पहुंचे और उसे जिला अस्पताल लाए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मां की मौत से तीन बच्चों रौनक, रौशन व बंधन के सिर से मां का आंचल हमेशा के लिए छिन गया। पत्नी की मौत से पति भी बेहाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद महिला के शव को पोस्टमार्टम को भेजा है।

## संदिग्ध हालात में फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव

▸▸ मायके वालों ने ससुरालियों पर लगाया हत्या का आरोप

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव चकमीरापुर में एक विवाहिता का शव घर में संदिग्ध परिस्थिति में फंदे पर लटकता मिला। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गांव चकमीरापुर निवासी विपिन की शादी करीब 7 वर्ष पूर्व मैकूलाल निवासी गांव पथरौली थाना कासिमपुर हरदोई की बेटी नीलम उर्फ रोशनी से हुई थी। उसके चार बच्चे हैं। बीती शुक्रवार देरशाम संदिग्ध परिस्थिति में उसका शव घर में फंदे पर लटकता मिला। ससुरालियों ने पुलिस को जानकारी दी कि नीलम ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जबकि सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोग बेटी के पति सहित ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। मृतका के पिता मैकूलाल ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीती शुक्रवार देरशाम उसे ग्रामीणों से सूचना मिली कि उसकी बेटी की मौत हो गई है। सूचना पर जब वह अन्य परिजनों के साथ बेटी की ससुराल पहुंचा तो उन्हें ससुर के पुराने घर में उसकी बेटी का शव पड़ा मिला। पिता ने बताया कि बेटी के शरीर पर चोट के निशान थे और गला दबाने जैसी स्थिति दिख रही है। मृतका के पिता मैकूलाल ने पति विपिन, ससुर दर्शन, ननद रामबेटी व नजदीकी रिश्तेदार प्रकाशी के विरुद्ध बेटी की हत्या करने की तहरीर दी है। सीओ अरविंद कुमार ने बताया कि पीएम रिपोर्ट में मृतका के शरीर पर चोटें नहीं पाई गई हैं। वहीं, मृत्यु का कारण भी स्पष्ट नहीं है।


नीलम उर्फ रोशनी की फाइल फोटो।

### परिजनों ने कोतवाली गेट के सामने शव रखकर किया हंगामा

पोस्टमार्टम के बाद शव आते ही मायके वालों ने कोतवाली गेट के सामने शव रख कर सड़क पर आवागमन अवरुद्ध करने का प्रयास किया। तभी कोतवाली से फोर्स पहुंचा और सड़क पर खड़ी महिलाओं को समझाने की कोशिश की। कोशिश नाकाम देख महिला पुलिस ने जबरन महिलाओं को सड़क से किनारे कर आवागमन बहाल कराया और एक सिपाही शव लदा लोडर लेकर संडीला मार्ग की ओर चला गया। फिर भी मायके पक्ष की महिलाएं सड़क पर हो-हल्ला मचाती रहीं।

## सार-संक्षेप

### शुक्रवार रात फिर फेल हुआ सिग्नल, लूप लाइन से चलीं ट्रेनें

**संवाददाता, शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** शुक्रवार रात गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर एक बार फिर अप लाइन की मेन लाइन का स्टार्टर सिग्नल फेल हो गया। जिससे रेल संचालन प्रभावित रहा। रात 11:17 बजे सिग्नल फेल होने से पैनल में रेड लाइट जलने लगी। सूचना पर एसएनटी विभाग ने उच्चाधिकारियों को जानकारी दी। इसके बाद सिग्नल एंड टेलीकॉम विभाग की विशेषज्ञ टीम मौके पर पहुंची। दिल्ली से चीफ सिग्नल एंड टेलीकॉम राजीव कुमार, सीनियर डीएसटीईसी अमित कुमार मणि व डीएसटीई अनुराग श्रीवास्तव सहित लखनऊ से तकनीकी विशेषज्ञ गंगाघाट स्टेशन पहुंचे और मौके पर सिग्नल का निरीक्षण कर मरम्मत शुरू कराई। इस दौरान सभी ट्रेनों को लूप लाइन से गुजारा गया। करीब 53 मिनट की मशक्कत के बाद रात 12:10 बजे सिग्नल दुरुस्त कर ट्रेनों को फिर से मेन लाइन से चलाया गया। गौरतलब है कि एक दिन पूर्व गुरुवार शाम 7:05 बजे भी अप लाइन का सिग्नल फेल हुआ था। जिससे आधा सैकड़ा से अधिक ट्रेनें प्रभावित हुई थीं। शुक्रवार शाम 4:40 बजे के बाद ही संचालन सामान्य हो सका था।

### जीआरपी 27 को करेगी लावारिस व सीज वाहनों की नीलामी

**उन्नाव, अमृत विचार :** जीआरपी उन्नाव में वर्षों से जमा लावारिस और सीज किए गए वाहनों की नीलामी 27 जून को की जाएगी। जीआरपी प्रभारी अरविंद पांडे ने बताया कि इन वाहनों के स्वामी ने इन्हें अब तक रिलीज नहीं कराया है। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर अब इन वाहनों की नीलामी की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। यह नीलामी 27 जून को सुबह 11 बजे उन्नाव जीआरपी कार्यालय में संपन्न कराई जाएगी। इच्छुक व्यक्ति तय तिथि और समय पर पहुंचकर नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि नीलामी की सूचना पहले ही सार्वजनिक की जा चुकी है ताकि अधिक से अधिक लोग इसमें भाग ले सकें।

### निजी बस में जहरखुरानी का शिकार हुआ युवक

**संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार :** जयपुर से कमाई कर निजी बस से वापस घर आ रहा युवक रास्ते में जहरखुरानी का शिकार हो गया। बस चालक ने उसे अज्ञात में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर अस्पताल आये मामा ने उसे रेफर कराकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। कन्नौज जिला के थाना मानीमऊ अंतर्गत गांव गदनपुर नरहा निवासी कल्लू का 26 वर्षीय बेटा मुस्तकीम जयपुर में कपड़े की सिलाई करता है। वह निजी बस से जयपुर से गांव आ रहा था। तभी बीती शुक्रवार रात रास्ते में वह जहरखुरानी गिरोह का शिकार बन गया। शनिवार सुबह बस चालक जीशान ने उसे बेहोशी हालत में अज्ञात में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। किसी तरह खबर पाकर उसका मामा नन्हे निवासी गांव सिरधरपुर बांगरमऊ अस्पताल आया और उसकी शिनाख्त अपने भांजे मुस्तकीम के रूप में की। चिकित्सक ने गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### कमरे में मृत मिला युवक, परिजनों ने किया अंतिम संस्कार

**उन्नाव, अमृत विचार :** बारासगवर थानाक्षेत्र के गांव बरदहा के मजरे कुर्मिनहार निवासी नीरज (35) पुत्र गोकुल प्रसाद पटेल बीघापुर के शांति नगर मोहल्ले में मकान बनाकर कभी-कभी रात में वहां रुकता था। वह कस्बे की एक इलेक्ट्रिक दुकान में मोटर बाइंडिंग का कार्य करता था। शुक्रवार शाम उसने परिजनों को फोन कर कस्बे के मकान में रुकने की बात बताई थी। सुबह 4 बजे परिजनों ने उसे फोन किया तो बात नहीं हो सकी। जिस पर परिजनों ने पड़ोसी को फोन कर बेटे का हाल लेने की बात कही। काफी देर तक नीरज द्वारा गेट न खोलने पर पड़ोसी ने इसकी जानकारी दी। सुबह जब नीरज के परिजन बीघापुर के घर में पहुंचे और मेन गेट का ताला तोड़कर अंदर गए तो नीरज बरामदे में मृत पड़ा था। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव गांव ले गए और बक्सर घाट पर उसका अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक की पत्नी रोशनी व बेटी शृंगारिका एक पखवाड़े से अपनी रिश्तेदारी में हैं। मृतक का भाई पंकज बीघापुर कस्बे में मोबाइल दुकान में काम करता है। एसओ राजपाल ने घटना की जानकारी न होने की बात बताई है।

## टिकट के लिए अभ्यर्थियों को करनी पड़ी मशक्कत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** रात होते ही हरदोई रेलवे स्टेशन पर अनारक्षित टिकट का वितरण सिंगल काउंटर से शुरू हो जाता है, बाकी काउंटर बंद कर दिए जाते हैं। जिससे यात्रियों को टिकट लेने में परेशानी होती है। बीते 15 दिनों में यह तीसरी बार है जब हरदोई रेलवे स्टेशन पर रात में एक अनारक्षित टिकट काउंटर के चालू होने से रेल यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा।

हरदोई रेलवे स्टेशन पर बिना किसी कार्य योजना के कार्य हो रहे हैं जिसका खामियाजा लगातार रेल यात्रियों को उठाना पड़ रहा है। 13 जून को भी हरदोई रेलवे स्टेशन पर एक टिकट काउंटर संचालित था। ऐसे में अनारक्षित टिकट काउंटर के बाहर लंबी लाइन देखने को मिली थी। रात होते ही स्टेशन पर लगी ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन भी बंद कर दी जाती हैं। शुक्रवार को एनटीपीसी रेलवे की परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल के लिए जाना था। ऐसे में भारी संख्या में अभ्यर्थी स्टेशन पहुंचे जहां उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। रात में एक ही अनारक्षित टिकट काउंटर चालू होने से अभ्यर्थियों को टिकट के लिए घंटों लाइन में लगना पड़ा। जबकि कुछ अभ्यर्थी तो बिना टिकट लिए ही यात्रा करने को लेकर बाध्य हो गए।


अनारक्षित काउंटर पर लगी अभ्यर्थियों की लाइन। अमृत विचार

## बहन की ससुराल में बाइक की टक्कर से भाई की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** बहन की ससुराल पहुंचा भाई सड़क के किनारे खड़ा था। तभी तेज़ रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी, गंभीर रूप से घायल युवक की मेडिकल कालेज में मौत हो गई। साण्डी थाने के मुरौली कठेरियान निवासी 42 वर्षीय राम बेटा की शादी नहीं हुई थी। वह बुधवार को अपनी बड़ी बहन मुन्नी देवी के घर सहिजना कोतवाली सवायजपुर गया था। राम बेटा शुक्रवार की शाम वहीं गांव में सड़क के किनारे खड़ा था, उसी बीच तेज़ रफ्तार बाइक उसे टक्कर मारते हुए भाग निकली। राम बेटा को सीएचसी सवायजपुर से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई।



## दिनभर उमड़ते-घुमड़ते रहे मेघ, बरसे नहीं

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** शनिवार की सुबह आसमान में मेघ व सूर्य देव की लुकाछिपी होती रही। दोपहर में छह किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलती रहीं। पिछले कई दिनों से भी हवा के बहाव में कोई अंतर नहीं आया। इससे उमस भरी गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। बताते चले कि कई दिनों से धूप इतनी तीखी थी कि लोगों को घर से निकालना मुश्किल हो गया था। शनिवार दोपहर 12 बजे के बाद हालात और भी बिगड़ने लगे थे। राहगीर सिर पर अंगौछा, टोपी और छाता लेकर भी पसीने से तरबतर नजर आए। साइकिल और बाइक चालकों को तपती सड़कें और गर्म हवाएं पूरी तरह परेशान करती रहीं थी। गर्मी से सिर्फ इंसान ही नहीं, जानवर भी परेशान नजर आए। प्रभारी मौसम वेधशाला के अनुसार शनिवार का अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री सेल्शियस रहा। मौसम में आर्द्रता सुबह 78 प्रतिशत व शाम 68 प्रतिशत रही।


धूप से बचाव करते राहगीर। अमृत विचार

| दिनांक | न्यूनतम | अधिकतम | |
|---|---|---|---|
| 21 जून | 26.5 | 35.6 | 6 |
| 20 जून | 24.0 | 32.0 | 6 |
| 19 जून | 26.5 | 36.0 | 8 |



## भाई-बहन को बाहर भेजकर युवती ने लगाई फांसी, मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** 18 साल की युवती ने अपने छोटे भाई-बहनों को खेलने के लिए घर के बाहर भेज दिया, उसके बाद कमरें के अंदर दुपट्टे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। फिलहाल आत्महत्या करने की वजह का पता नहीं लग सका है।

सुरसा थाने के पौथेपुरवा निवासी अर्जुन पेशे से मज़दूर है, उसकी तीन बेटों व तीन बेटियों में 18 वर्षीय मालती बड़ी थी। अर्जुन 10 जून को कानपुर गया हुआ था, घर में उसकी पत्नी राजकुमारी और बच्चे थे। शुक्रवार की दोपहर राजकुमारी खेत पर गई हुई थी, बड़ी बेटी मालती अपने छोटे भाई-बहनों के साथ घर में थी, उसने अपने छोटे भाई-बहनों को खेलने के लिए बाहर भेज दिया और खुद कमरें में अपने दुपट्टे से फांसी लगा ली। राजकुमारी खेत से वापस लौटी और बेटी का शव लटका हुआ देख कर चीखती-चिल्लाती हुई बाहर भागी, उसका शोर सुन कर आस-पड़ोसी दौड़ पड़े, वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। मालती ने ऐसा कदम क्यों उठाया ? इसका फिलहाल कुछ भी पता नहीं चल पा रहा है, पुलिस जांच कर रही है।

## टप्पेबाजी करने वाले तीन गिरफ्तार

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस ने तीन शातिर टप्पेबाजों को सुजानपुर अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 2000 रुपये नगद, सोने-चांदी के जेवर, नकली जेवर और एक कार बरामद की गई है। साथ ही मध्य प्रदेश और दिल्ली की फर्जी नंबर प्लेट भी मिली हैं।

एएसपी पूर्वी नृपेंद्र कुमार ने बताया कि 28 मार्च को कछौना थाना क्षेत्र के जसवंतपुर निवासी सुशीला देवी के साथ टप्पेबाजी की घटना हुई थी। आरोपी उन्हें कार में बैठाकर जेवर लेकर फरार हो गए थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पूछताछ में आरोपियों ने कछौना, बघौली और मल्लावां में टप्पेबाजी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया। ये लोग लोगों को झांसे में लेकर असली जेवर ले लेते थे और नकली जेवर दे देते थे। वारदात के लिए कार पर अलग-अलग फर्जी नंबर प्लेट का इस्तेमाल करते थे।गिरफ्तार आरोपियों में शमसाद और इदरीश (मोहल्ला नूरनगर, रामगढ़, फिरोजाबाद) तथा मोहर्रम (समदन गोसाईगंज, कन्नौज) शामिल हैं। कछौना के प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल और उनकी टीम ने इन्हें गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।


बरामद माल सहित पकड़े गए टप्पेबाज शातिर। अमृत विचार

## मारपीट की घटनाओं में कई घायल, रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई मारपीट की घटनाओं में संबंधित थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुजनिया पुर निवासी राकेश के अनुसार वह 15 जून को आगमपुर तिराहे से अपने गांव पैदल जा रहा था। विपक्षी गांव निवासी अजयपाल पुत्र रामबक्स साइकिल से आगमपुर की ओर जा रहा था। उसके साथ उसका साला पाली थाना क्षेत्र के ग्राम रमापुर निवासी सागर पुत्र मंशा भी था। विपक्षी ने उसके साइकिल से टक्कर मार दी। टक्कर मारने की वजह पूछने पर आरोपियों ने उसे गाली गलौज करते हुए डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मार डालने की धमकी दी।

## बाइक की टक्कर से भाभी की मौत, बाल-बाल बचा देवर

**हरदोई, अमृत विचार।** देवर अपनी भाभी को उसके मायके से ले कर बाइक से वापस लौट रहा था, उसी बीच कोथावां-बेनीगंज रोड पर पुराने पेट्रोल पंप के पास उसे दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे भाभी सड़क पर गिर कर बुरी तरह ज़ख्मी हो गई, जबकि उसका देवर बाल-बाल बच गया। उसने पुलिस को फोन किया और अपनी भाभी को एम्बुलेंस-108 से सीएचसी पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई।

बेनीगंज कोतवाली के बरगदिया निवासी शारदा यादव की 55 वर्षीय पत्नी मालती देवी सोहिलामऊ कोतवाली सण्डीला गई हुई थी, शुक्रवार को उसका देवर सतीश मालती देवी को उसके मायके से ले कर बाइक से घर लौट रहा था, उसी बीच रास्तें में कोथावां-बेनीगंज रोड पर पुराने पेट्रोल पंप के पास एक तेज़ रफ्तार बाइक ने सतीश की बाइक में टक्कर मार दी, जिससे मालती सड़क पर गिर पड़ी, उसका देवर सतीश बाल-बाल बच गया, उधर सिर में चोंट पहुंचने से बेहोश हुई मालती को एम्बुलेंस-108 से सीएचसी कोथावां पहुंचाया गया, जहां से उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, वहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मालती के परिवार में उसके तीन बेटे अनुज, सुरेंद्र व भोलू के अलावा एक बेटी अर्चना है।

## घर में घुसकर लाखों के जेवर व नकदी ले गए चोर

संवाददाता, भरखनी, हरदोई

**अमृत विचार।** पचदेवरा थाना क्षेत्र के कमालपुर गांव में शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाया और यहां से 50 हजार रुपए की नगदी और करीब 5 लाख रुपए के जेवरात चोरी कर लिए, गृह स्वामी जब सुबह उठा तो उसे घटना की जानकारी हुई और सामान बिखरा देखकर उसके होश उड़ गए। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार पचदेवरा थाना क्षेत्र के कमालपुर गांव में राजन और राहुल परिवार सहित रहते हैं, प्रतिदिन की भांति वह शुक्रवार की शाम को खाना खाने के बाद सो गए। शनिवार सुबह 6 बजे जब वह उठे तो कमरे में उन्हें सामान बिखरा हुआ दिखाई दिया, पास जाकर देखा तो नगदी जेवरात चोरी हो गए चुके थे। घटना से परिवार में हड़कंप मच गया। पीड़ित ने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और परिवार से इस संबंध में पूछताछ की, पीड़ित ने बताया कि चोर करीब 50 हजार रुपए की नगदी और करीब 5 लाख रुपए के जेवरात चोरी कर ले गए। वहीं पचदेवरा थाना पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है, फोरेंसिक टीम भी बुलाई गई है जो घटनास्थल से साक्ष्य जुटाएगी।


चोरों द्वारा बिखराया गया सामान।

### मकान का ताला तोड़कर लाखों का सामान चोरी

**संवाददाता, सुरसा, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में चोरों ने एक मकान का ताला तोड़ कर सोना-चांदी समेत लगभग पांच लाख की चोरी कर ले गए। पीड़ित की ओर से पुलिस में तहरीर दी गई, जिसकी पुलिस जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ओदरा पचलाई निवासी मान सिंह पुत्र अभिमन्यु काफी दिनों से नोएडा में काम करते हैं। इधर गांव पर रह रही उनकी मां कई दिनों से बीमार थी। अपनी मां के इलाज कराने के लिए अपने मकान में ताला डालकर अपने परिवार के साथ नोएडा चले गए थे। शनिवार को सुबह पांच जब घर वापस आए तब देखा कि बाहर का ताला पड़ा मिला, जब गेट का ताला खोला तो गेट नहीं खुला। अंदर से कुंडी पड़ी हुई को छत के रास्ते जब वह नीचे उतर कर गए तब उन्होंने देखा कि पांच कमरों की खिड़कियां टूटी हुई थी। कमरों का सामान इधर-उधर बिखरा हुआ पड़ा था। पीड़ित ने बताया कि अलमारी में रखा सोना, चांदी व कीमती कपड़े जिसकी कीमत लगभग पांच लाख रुपये की चोरी हुई है। पीड़ित ने सुरसा थाने पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## ट्रकों से डीजल चोरी में 4 गिरफ्तार

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** ट्रकों से डीजल चुराने वाले चार अंतर्जनदीय चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। यह लंबे समय से पेट्रोल पंप व ढाबों या सड़क किनारे खड़े ट्रकों से डीजल चुराने का काम करते थे।

बताते चले कि 20 जून को संडीला व कस्बा निवासी सद्दाम ने पुलिस को सूचना दी थी कि भटठ़े के पास खड़े उनके ट्रक से कुछ लोग डीजल चुरा कर एक इनोवा गाड़ी से भाग गए। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने खोजबीन शुरू कर दी। थाना अतरौली की पुलिस ने विकास सक्सेना पुत्र विजय निवासी सामतगंज सदर शाहजहांपुर, मो. आदिल निवासी सैदिक कालोनी, आशिक हुसैन निवासी मो. अहमदजई जलालनगर तथा नरेंद्र कुमार निवासी रोशन नगर शहजबान थाना सदर जनपद शाहजहांपुर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से चोरी किया गया 80 लीटर चोरी किया गया डीजल भी बरामद हुआ। अभियुक्त विकास सक्सेना पर अयोध्या, शाहजहांपुर, लखीमपुर, हरदोई सहित विभिन्न जिलों में 22 मुकदमे दर्ज हैं, वहीं आशिक व नरेंद्र पर भी विभिन्न जनपदों में तीन-तीन मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



पुलिस अभिरक्षा में गिरफ्तार अभियुक्त। अमृत विचार


पुलिस लाइंस में योगाभ्यास करते सांसद, विधायक व पुलिस और प्रशासनिक अफसर। अमृत विचार


नगर पंचायत कार्यालय में योगाभ्यास करते लोग। अमृत विचार

# योगाभ्यास करके शरीर स्वस्थ रखने का लिया संकल्प

## 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस: जिले भर में हुए विभिन्न आयोजनों में सांसद, विधायकों, अधिकारियों व लोगों ने भी लिया हिस्सा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार को जहां जिला प्रशासन द्वारा पुलिस लाइन स्थित हाल में भव्य योग व प्राणायाम का अभ्यास किया गया। वहीं, सप्ताह भर कराई गई प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा अन्य स्थानों पर कहीं पतंजलि की ओर से तो कहीं विद्यालयों की ओर से योग और प्राणायाम के आयोजन किए गए।

पुलिस लाइंस में आयोजित हुए कार्यक्रम में सांसद साक्षी महाराज, सदर विधायक पंकज गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी, आईएएस विजय किरन आनंद, जिलाधिकारी गौरांग राठी, एसपी दीपक भूकर समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी व यूनानी अधिकारी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुना गया। दिव्या अवस्थी द्वारा खड़े होकर, बैठ कर व लेट कर विभिन्न प्रकार केबकासन, तोलासन, चक्रासन, नटराज आसन, पश्चिमोत्तानासन, गरुड़ासन, अर्ध चंद्रासन, गौमुखासन, उष्ट्रासन, भुजंगासन आदि आसनों तथा कपालभांति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी का अभ्यास कराया गया। संचालन विश्वनाथ तिवारी ने किया। जिले के नोडल अधिकारी डॉ. कप्तान सिंह, एसडीएम सदर क्षितिज द्विवेदी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, नवागंतुक क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी वैद्य नीरज सोनी ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

**स्कूल व कालेज के साथ मंदिरों में भी हुआ योगाभ्यास, सफीपुर:** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार को कस्बे के महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें विधायक बंबालाल दिवाकर, एसडीएम शिवेन्द्र कुमार वर्मा, खंड विकास अधिकारी श्वेता त्रिपाठी, एडीओ पंचायत छोटेलाल समेत ब्लॉक व तहसील कर्मियों, विद्यालयों के शिक्षकों आदि ने सहभागिता की। कार्यक्रम में महात्मा गांधी इंटर कॉलेज, कालिंदी गुप्ता बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज व सनडीसन इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने योगाभ्यास किया। वहीं भिनकीपुर स्थित प्राचीन श्री हनुमान मंदिर आश्रम में संत स्वामी रामस्वरूप ब्रह्मचारी के सानिध्य में विशेष योग शिविर आयोजित हुआ। इसमें विहिप अध्यक्ष बद्री नाथ मिश्रा, मंगल सिंह फौजी, रज्जन बाबा, धनंजय सिंह, मंडल अध्यक्ष कमलेश गुप्ता, कौशल सिंह, संघ के जिला बौद्धिक प्रमुख देवेंद्र, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामकिशन राठौर, योगाचार्य मिंटू गुप्ता ने भाग लिया।

**फतेहपुर चौरासी नगर पंचायत में हुआ योगाभ्यास, फतेहपुर चौरासी:** नगर पंचायत कार्यालय में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। नगर पंचायत चेयरमैन मिथलेश कुमार ने सभासदों व कार्यालय के कर्मचारियों के साथ योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया।कार्यक्रम में आरिफ, राधेश्याम, कुलदीप, विजय, पवन, किशन पाल, शिवम, अनिरुद्ध रहे।

**डीएसएन महाविद्यालय में कराया गया योग, उन्नाव:** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत डीएसएन महाविद्यालय सभागार में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजित हुआ। प्राचार्य डॉ. राजेश श्रीवास्तव की उपस्थिति में रमेश सोनी ने छात्रों को सहज योग के बारे में बताया। आयोजन डॉ. रचना त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर अनिल साहू, डॉ. बीपी श्रीवास्तव, विनय तिवारी, सरोज यादव, रोहित मिश्रा, डॉ. प्रिंस, डॉ. हरिशंकर कार्यालय अधीक्षक आशीष शुक्ला और संजय मिश्रा ने भाग लिया।

**महिला पतंजलि योग समिति की महिलाओं ने किया योग, उन्नाव:** महिला पतंजलि योग समिति द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अटल उपवन पार्क पीडी नगर में योग कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसका शुभारंभ भारतमाता के चरण वंदन, स्तुति व पुष्पांजलि से हुआ। जिला प्रभारी मंजुमूर्ति शर्मा ने उपस्थित लोगों को योगाभ्यास कराया। जबकि योग शिक्षिकाएं नीलम सिंह, सरिता कुशवाहा व तारा रानी ने सहयोग किया। मुख्य अतिथि योग संरक्षिका संतोष श्रीवास्तव ने सभी को नियमित योग करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में उर्मिला, राधा, प्रिया सिंह, दीपा, शकुंतला, मंजू सिंह, राकेश कुमारी, अनीता, आशा, रत्नेश, प्रकाश वीर आदि उपस्थित रहे।

**सेंट लॉरेंस में योग अभ्यास करते छात्र-छात्राएं, उन्नाव:** सेंट लॉरेंस स्कूल पीडी नगर में प्रधानाचार्य फादर ऑल्विन मोरस ने बच्चों को योग का महत्व को बताया। शारीरिक प्रशिक्षक कपिल पांडेय व उत्कर्ष बाजपेई ने बच्चों को योग करने के लिए प्रेरित किया।

**चंद्रशेखर आजाद इंटर कॉलेज में योग करते शिक्षक एवं छात्र, उन्नाव:** योग दिवस पर रसूलपुर गांव स्थित शहीद चंद्रशेखर आजाद इंटर कॉलेज में विद्यालय स्टाफ के साथ बच्चों ने योगाभ्यास किया। योगाचार्य अजय सिंह ने योग के विभिन्न आयामों व उनके लाभों के बारे में जानकारी दी। विद्यालय व्यवस्थापक अवधेश सिंह सेंगर के अलावा प्रधानाचार्या राज दुलारी, जया तिवारी, रुबी राजपूत, जितेंद्र सिंह, गौरव शुक्ला, विमल कश्यप, शिवम सिंह, पप्पू आदि शामिल रहे।

### शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है योग

**बांगरमऊ, अमृत विचार :** क्षेत्र के संडीला रोड स्थित आरएस पब्लिक स्कूल में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। सीओ अरविंद चौरसिया व प्रबंधक रिज़वान अहमद ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कानपुर से आई योग गुरु मनीष अरोरा ने बताया कि योग शिक्षा के साथ ही शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने आम्रपाली आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज बेहटा मुजावर में मेडिकल छात्र-छात्राओं व शिक्षकों के साथ योग किया। योग शिक्षक ने सभी को अनुलोम विलोम, भद्रासन, कपाल भारती व सूर्य नमस्कार और प्राणायाम कराए। गांव माढ़ापुर स्थित खेल मैदान में भी योग दिवस पर शिक्षक कोमल यादव ने प्रधान विजयपाल कुशवाहा सहित सभी शिक्षकों व ग्रामीणों को नियमित योग करने हेतु जागरूक किया।


बांगरमऊ में योगाभ्यास करते विधायक श्रीकांत कटियार।

### योग दिवस पर भाजपाइयों ने किया योग

**औरास, अमृत विचार :** कस्बा औरास स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ में भाजपा मंडल अध्यक्ष व सरोज सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने योग प्रशिक्षक संतराम दादा के निर्देशन में योग किया। सीएचसी में चिकित्सा प्रभारी अनूप तिवारी व स्वास्थ्य कर्मियों ने योगाभ्यास किया। वहीं, क्षेत्र के सीमऊ स्थित अमरनाथ महाविद्यालय के प्रबंधक नरेंद्र उर्फ सोनू यादव द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ो छात्रों ने योग किया। ब्लॉक मुख्यालय पर भी योग कार्यक्रम आयोजित हुआ। जहां बीडीओ दीप शिखा वर्मा के नेतृत्व में योगाभ्यास किया गया। वहीं क्षेत्र के विभिन्न सरकारी व निजी विद्यालयों में भी योग का कार्यक्रम शिक्षक व छात्रों ने किया। नगर पंचायत कार्यालय में नगर अध्यक्ष राकेश कुमार के नेतृत्व में योगसभ्यास किया

### बेनहर ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन में योग का हुआ अभ्यास


बेनहर में योगाभ्यास करते लोग। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार :** योग दिवस पर बेनहर इंटर कालेज सिविल लाइन व बेनहर इंटरनेशनल स्कूल अब्बास पुर में गेम टीचर रफ्तार अहमद व कौशल किशोर ने योगासन कराया। प्रबंधक फैज अलवी व प्रधानाचार्या पल्लवी हरमन ने योग की महत्ता पर प्रकाश डालकर कहा कि योग ही है रोग मुक्त जीवन का मूल मंत्र। अत: योग से जुड़े और जीवन सुन्दर बनाएं। इस दौरान इंचार्ज जेपी वर्मा व शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शुक्लागंज में जगह-जगह हुए विभिन्न आयोजन में लोगों ने किया योगाभ्यास


नमामि गंगे घाट पर योग करतीं पालिकाध्यक्ष, ईओ, सभासद व अन्य। अमृत विचार

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस शनिवार को नगर और देहात क्षेत्रों में पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। विभिन्न संगठनों, स्कूलों, मोहल्लों और सरकारी संस्थानों में योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। लोगों ने सामूहिक योग कर निरोग रहने का संदेश दिया।

सुबह नमामि गंगे पार्क में मुख्य योग कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा, एसबीएम प्रभारी अनूप शुक्ला सहित सभी सभासदों ने योगाभ्यास किया। जय हो फ्रेंड्स फाउंडेशन के संयोजक जय सिंह कुशवाहा ने संस्था से जुड़े बच्चों के साथ योग किया। पतंजलि योग पीठ के तत्वावधान में डीएसएम स्कूल में योग गुरु उमाशंकर यादव ने विभिन्न आसनों और प्राणायामों का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में पूर्व पालिकाध्यक्ष उमा गुप्ता मुख्य अतिथि रहीं। योग शिक्षकों ने उपस्थित लोगों को ताड़ासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, सेतुबंध आसन, अनुलोम-विलोम आदि का अभ्यास कराया। इस मौके पर आशुतोष शुक्ला, डॉक्टर तारकेश्वर पाण्डेय, अवनीश शुक्ला, पवन अवस्थी, अंजनिकांत मिश्रा, जयराम सेंगर, रंजना शुक्ला, सुषमा वर्मा, राजीव मिश्रा मौजूद रहे। महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल, सहजनी में प्रबंधक मयंक शुक्ला, शिक्षक-शिक्षिकाओं और बच्चों ने योग के साथ पौधरोपण भी किया। कंचन नगर स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती मिशन इंटर कॉलेज में भी योगाचार्य उमाशंकर यादव के मार्गदर्शन में योग हुआ। इस अवसर पर प्रभात शुक्ला, विराट शुक्ला सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहा। स्थानीय निवासियों ने भी उत्साहपूर्वक योग दिवस मनाया। पोनी रोड पर विकास मिश्रा, सुरेश शुक्ला और विनय तिवारी ने योग किया। सरस्वती विद्या मंदिर, गंगानगर, गोपीनाथपुरम और शिशु मंदिरों में भी योग सत्र आयोजित किए गए। राजधानी मार्ग पर गिरिजाशंकर दीक्षित, योगेंद्र त्रिपाठी, तरुण त्रिपाठी और गोवर्धन सैनी ने योग कर सहभागिता निभाई।

**सरकारी कार्यालयों में भी आयोजन:** गंगाघाट थाने में प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस कर्मियों के साथ योगाभ्यास किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉ. राजेश चंद्रा, अवनीश मिश्रा ने स्टाफ के साथ योग किया। इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रेलवे स्टेशन, आयुर्वेदिक चिकित्सालय और पशु चिकित्सालय में भी योग कार्यक्रम संपन्न हुए।

# सब्जीमंडी बनने वाले स्थल पर जलभराव से लोगों में नाराजगी

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)


सर्वोदय नगर बनने वाली सब्जी मंडी स्थल में इस तरह से हुआ जलभराव।

**अमृत विचार:** नगर पालिका द्वारा राजधानी मार्ग की सब्जीमंडी को स्थानांतरित कर वार्ड-11 के सर्वोदयनगर स्थित महर्षि दयानंद स्कूल के पीछे निर्माण कार्य शुरू कराया गया था, लेकिन कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने से अब वह स्थान गंदे पानी के तालाब में तब्दील हो चुका है। आसपास के लोग बदबू और मच्छरों से परेशान हैं और बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है।

जनता कल्याण समिति के अध्यक्ष गोविंद शर्मा, रानी, मनोज, छोटू, प्रमोद, हनुमान आदि ने बताया कि गहरी खुदाई के बाद काम रोक दिया गया। एक माह तक कार्य न होने पर आसपास के लोगों ने घरों की नालियों का पानी उसी ओर मोड़ दिया, जिससे गंदा पानी जमा होने लगा। अब वहां नाला और घरों का गंदा पानी लगातार भर रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, गंदगी और बदबू से सैकड़ों लोग बुखार, खुजली और त्वचा रोगों की चपेट में हैं। पालिका को कई बार जानकारी देने के बाद भी कोई कदम नहीं उठाया गया है। लोग चेतावनी दे रहे हैं कि शीघ्र कार्रवाई न हुई तो जिलाधिकारी से शिकायत करेंगे। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी मुकेश मिश्रा ने बताया कि जमीन दलदल हो चुकी है, जिससे कार्य में बाधा आ रही है।

# निर्माणाधीन गौशाला में गिरने से मजदूर की मौत


गौशाला गेट पर बैठे मृतक के परिजन। अमृत विचार


हंगामे के दौरान परिजनों को समझाती पुलिस। अमृत विचार

संवाददाता, नवाबगंज उन्नाव

**परिजनों का हंगामा**

- पुलिस ने गौशाला मालिक से मदद दिलाकर कराया शांत

**अमृत विचार:** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के पाली गांव में बन रही गौशाला में मजदूरी करने गया मजदूर गिरकर घायल हो गया। अन्य साथी उसे नवाबगंज सीएचसी लाए। जहां से उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया। गंभीर चोट होने पर डॉक्टर ने उसे कानपुर के हैलेट अस्पताल भेज दिया। लेकिन परिजन उसे एक निजी अस्पताल ले गए। जहां से ट्रामा सेंटर ले जाते समय उसकी मौत हो गई।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के पाली गांव में बन रही गौशाला में हंसमान (50) पुत्र रामबहादुर निवासी गांव पकरिगांव थाना अजगैन मजदूरी करने गया था। शनिवार दोपहर सीढ़ियों से उतरते समय वह गिरकर गंभीर घायल हो गया। साथी उसे नवाबगंज सीएचसी ले गए। जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया। सिर में गंभीर चोट होने से डॉक्टर ने उसे कानपुर के हैलेट रेफर कर दिया। लेकिन परिजन उसे एक निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर ले जाने को कहा। परिजन उसे लेकर जा ही रहे थे कि रास्ते में उसकी मौत हो गई। इसके बाद गुस्साए परिजनों ने गौशाला के गेट पर शव रखकर हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गौशाला मालिक से 1.75 लाख की आर्थिक मदद दिलाकर मामला शांत कराया। उसकी मौत से बेटा सचिन व दो बेटियों शिल्ली व शुभी के अलावा पत्नी आशा रोरोकर बेहाल हैं। कोतवाल सुरेश सिंह ने बताया कि पीड़ित परिवार को मुआवजा दिला दिया गया है। शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

## सार-संक्षेप

### टैबलेट पाकर छात्रों के खिले चेहरे


मुख्य अतिथि के साथ टैबलेट लिए छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार :** शिवशंकर सिंह शिवराम सिंह पीजी कालेज बिरसिंहपुर उन्नाव में परास्नातक हाल में एमए व एमएससी के 77 छात्र-छात्राओं को सफीपुर विधायक बम्बालाल दिवाकर ने टेबलेट वितरण किये। विधायक ने कहा कि टैबलेट के उपयोग से टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में छात्र आगे बढ़ सकेंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. मदन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को टैबलेट बांटे गए तो उनके चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर रविंद्र सिंहं, रावेन्द्र सिंह, टीएन जगन सिंह, सिमरन जायसवाल, मानसी तिवारी, प्रियको पाल, महेश शर्मा, ज्ञान शंकर द्विवेदी, राजेश द्विवेदी, सत्यम शर्मा थे।

### ट्रेन से कटने पहुंची महिला, आरपीएफ ने बचाया

**शुक्लागंज, अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र की कर्बला निवासी शबा बानो शनिवार दोपहर गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर आत्महत्या का प्रयास करने पहुंची। करीब 1:30 बजे वह अपलाइन पर खड़ी हो गई, तभी गोरखपुर-साबरमती ट्रेन आ रही थी। यह देख स्टेशन पर मौजूद पोर्टर ने तुरंत लाल झंडी दिखाकर ट्रेन को रुकवाया और आरपीएफ को सूचना दी। मौके पर पहुंची आरपीएफ टीम ने महिला को समझा-बुझाकर सुरक्षित हटाया और स्टेशन लाकर परिजनों को जानकारी दी। परिजनों ने बताया कि वह मानसिक रूप से परेशान है। आरपीएफ ने उसे परिजनों को सौंप दिया।

### विकास कार्यों में अनियमितता परखने पहुंची टीम ने की जांच

**संवाददाता सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार :** विकासखंड क्षेत्र के गांव सराय सकहन में कराए गए विकास कार्यों में अनियमित्ताओं की शिकायत पर जांच करने जिला स्तरीय टीम गांव पहुंची। टीम का नेतृत्व जिला कृषि अधिकारी शशांक चौधरी ने किया। उनके साथ जेई (आरईडी) रमाशंकर राम और ग्राम सचिव सर्वेश दीक्षित मौजूद रहे। टीम ने गांव में इंटरलॉकिंग, खड़ंजा मरम्मत, आरआरसी सेंटर निर्माण व हैंडपंप मरम्मत जैसे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। टीम जैसे ही गांव में निरीक्षण कर आगे बढ़ी प्रधान राजू पाल व उनके समर्थकों ने शिकायतकर्ता प्रदीप व क्षेत्र पंचायत सदस्य अरुण से मारपीट और अभद्रता कर दी। पीड़ित अरुण का आरोप है कि ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर लाखों रुपये का गबन हुआ है। बताया कि डीएम से पूर्व में शिकायत की गई थी। जिसके आधार पर टीम गांव आई थी। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्होंने बार-बार ग्राम पंचायत में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई लेकिन उन्हें धमका कर शिकायती पत्र वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है। जिला कृषि अधिकारी शशांक चौधरी ने बताया कि जांच पूरी कर ली गई है। रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी। मामले को लेकर गांव में तनाव का माहौल है।

### अवैध रिक्शा कम्पनी हटवाई, ईओ ने दी चेतावनी

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** योग दिवस के मौके पर शनिवार को नमामि गंगे पार्क में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पालिका अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा ने सार्वजनिक शौचालय के सामने अवैध रूप से टट्टर लगाकर संचालित की जा रही रिक्शा कम्पनी को हटवाया। कार्यक्रम के बाद ईओ जब पार्क के सामने स्थित सामुदायिक शौचालय की ओर पहुंचे, तो वहां शौचालय और ट्रांसफार्मर के बीच की खाली जगह पर अवैध टट्टर और रिक्शे खड़े देखकर उनका पारा चढ़ गया। उन्होंने तुरंत अतिक्रमण हटाने वाली टीम को बुलवाया और अवैध ढांचे को हटाने का निर्देश दिया। इस दौरान कब्जा किए व्यक्ति से तीखी नोकझोंक भी हुई, लेकिन ईओ ने सख्ती दिखाते हुए उसे फटकार लगाई और कर्मचारियों से तत्काल अतिक्रमण हटवाया।

### जी कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी के बच्चों का विदाई समारोह संपन्न

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** जी कॉलेज ऑफ फार्मेसी (जीजीईएस) में बच्चों का विदाई समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर संस्था के सह अध्यक्ष संतोष गुप्ता, डीन (केआईएमएस) सौरभ गुप्ता, जीजीआईटी (विभागाध्यक्ष) कारवेंद्र सिंह, फार्मेसी (विभागाध्यक्ष) प्रज्ञेष पांडे आदि उपस्थित रहे। यह आयोजन डॉ. पीके जैन के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। जिसमें कॉलेज के छात्रों, शिक्षकों व कर्मियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें छात्रों ने अपने जूनियर व संकाय सदस्यों के साथ बिताए यादगार पलों को साझा किया। शुभारंभ कॉलेज के निदेशक डॉ. पीके जैन ने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। जूनियर छात्रों ने सीनियरों के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मीडिया प्रभारी असिस्टेंट प्रोफेसर सुयश यादव ने बताया कि डी-फ़ार्मा प्रथम वर्ष व बी-फ़ार्मा प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के छात्रों ने अपने सीनियर के लिए विशेष उपहार भी भेंट किया। अंत में डी-फार्मा मिस्टर फेयरवेल मोहम्मद अली और मिस फेयरवेल महिमा रावत को घोषित किया गया। वहीं, बी-फार्मा के मिस्टर फेयरवेल वेदांश द्विवेदी व मिस फेयरवेल नीलाक्षी सिंह रहीं। विजेताओं को कॉलेज प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया।

**समस्या** फीडर-2 और 3 से संबंधित इलाकों की विद्युत आपूर्ति भी रही बाधित, भीषण गर्मी में परेशान हुए लोग

# विष्णुपुरी में केबल कार्य बना मुसीबत, 300 घरों की 6 घंटे बिजली रही बंद

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)


विष्णुपुरी में एबीसी केबल डालने का काम करते बिजली कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर की बिजली व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह चरमराई हुई है। शुक्रवार रात से लेकर शनिवार शाम तक बिजली आपूर्ति बार-बार बाधित रही, जिससे हजारों परिवारों को उमस भरी गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

शुक्रवार रात सूर्या गैलेक्सी के पास एचटी लाइन में पेड़ की डाल टकराने से फीडर-3 की आपूर्ति रात 8:30 बजे से 11 बजे तक ठप रही। इसी तरह फीडर-2 की लाइन रात 9 बजे से साढ़े 11 बजे तक ब्रेक डाउन के कारण बाधित रही। दोनों फीडरों से जुड़े हजारों उपभोक्ता रातभर गर्मी में बेहाल रहे। शनिवार सुबह 4 बजे से आजाद नगर के पास गंगाधाम क्षेत्र में ट्रांसफार्मर रिपेयर का काम शुरू हुआ, जिसके कारण फीडर-3 की सप्लाई करीब साढ़े 11 बजे तक बंद रही। इसी दिन दोपहर 1 बजे से विष्णुपुरी में एवीसी केबल डालने का कार्य शुरू किया गया। इसके चलते 250 केवीए और 100 केवीए ट्रांसफार्मरों की आपूर्ति शाम 7 बजे तक बंद रही। इससे विष्णुपुरी और शारदा नगर क्षेत्र के लगभग 300 घरों की बिजली छह घंटे तक गायब रही। तेज गर्मी और उमस में बच्चों और बुजुर्गों की हालत ज्यादा खराब रही।

### देखरेख के अभाव में 'वेलकम टू गंगाघाट' सेल्फी प्वाइंट की लाइटें फिर हुईं खराब

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** नगर पालिका गंगाघाट द्वारा कोतवाली के बाहर फोरलेन किनारे बनवाया गया 'वेलकम टू गंगाघाट' सेल्फी प्वाइंट एक बार फिर उपेक्षा का शिकार हो गया है। फरवरी में कराई गई मरम्मत के बाद कुछ ही महीनों में इसकी लाइटें खराब हो चुकी हैं। गंगा तट पर बसे शुक्लागंज की पहचान को उभारने के लिए बनाए गए इस सेल्फी प्वाइंट में काशी, मथुरा के घाटों, मंदिरों और पौराणिक स्थलों की झलक दिखाई गई है। इसमें सफेद रंग से 'नमामि गंगे' और 'हर हर गंगे', जबकि लाल रंग से 'वेलकम टू गंगाघाट' लिखा गया है। फरवरी में नगर पालिका द्वारा इस प्वाइंट की मरम्मत कर सभी लाइटें ठीक कराई गई थीं। लेकिन अब एक बार फिर 'हर हर गंगे' और 'वेलकम टू गंगाघाट' की अधिकांश लाइटें बंद हो चुकी हैं, जबकि केवल 'नमामि गंगे' की लाइटें अभी भी जल रही हैं। साथ ही, वहां लगी पोक लाइटें भी उखड़ चुकी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात में यह स्थान पूरी तरह अंधेरे में डूबा रहता है, जिससे इसका सौंदर्य भी फीका पड़ गया है और राहगीरों को असुविधा होती है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि खराब लाइटों की जल्द मरम्मत कराई जाएगी ताकि सेल्फी प्वाइंट दोबारा आकर्षक रूप में नजर आ सके।



सेल्फी प्वाइंट की रात के समय जलती आधी लाइटें। अमृत विचार

## एक नजर

### राज्य का दर्जा बहाली में देरी पर फारूक जाएंगे कोर्ट

**अनंतनाग।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि यदि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने में अत्यधिक देरी हुई, तो उनकी पार्टी उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी। फारूक ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकेरनाग इलाके में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद कहा, चुनाव के बाद लोग चाहते थे कि उनके मुद्दों का तुरंत समाधान हो, लेकिन राज्य का दर्जा हमें ऐसा करने से रोक रहा है। लोगों की कई मांगें हैं जैसे कि वे चाहते हैं कि विधायक अल्ताफ कालू मंत्री बनें, लेकिन जब तक राज्य का दर्जा बहाल नहीं हो जाता, यह कैसे संभव है?

### सोनम-राज को 13 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**शिलांग।** मेघालय के शिलांग की अदालत ने इंदौर के व्यवसायी राजा रघुवंशी की हत्या में शनिवार को पत्नी सोनम रघुवंशी और उसके प्रेमी राज को 13 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अधिकारियों ने बताया कि दो मुख्य आरोपियों राजा की पत्नी सोनम और राज की पुलिस हिरासत शनिवार को समाप्त हो गई।

### नाबालिग की पहचान को लेकर भाजपा नेता को नोटिस

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डब्ल्यूबीसीपीसीआर) ने भाजपा नेता अमित मालवीय को नाबालिग लड़की की पहचान उजागर करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। लड़की का शव दक्षिण 24 परगना जिले के कैनिंग स्थित उसके घर से बरामद किया गया था। भाजपा की आईटी सेल के प्रभारी मालवीय ने एक्स पोस्ट किया था कि लड़की से सामूहिक दुष्कर्म हुआ और उसकी हत्या कर दी गई।

# ऑपरेशन सिंदूर से बताया भारत झुकेगा नहीं

## रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि आतंकवादी हमले हुए तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे

उधमपुर (जम्मू-कश्मीर), एजेंसी



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को पाकिस्तान को चेतावनी दी कि अगर भविष्य में कोई भी आतंकवादी हमले हुए तो उसे इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे क्योंकि 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी खत्म नहीं हुआ है और भारत आतंकवाद के खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई करने को तैयार है। रक्षा मंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उधमपुर स्थित उत्तरी कमान के जवानों के साथ योग किया।

राजनाथ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को यह संदेश दिया कि भारत को हजार घाव देने की उसकी नीति कभी सफल नहीं होगी। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भी इस सत्र में भाग लिया। सिंह शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर उधमपुर पहुंचे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह उनकी दूसरी यात्रा थी। उन्होंने 15 मई को कश्मीर का दौरा किया था, जिसके कुछ दिन पहले भारत और पाकिस्तान ने एक-दूसरे के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए सहमति जताई थी। रक्षा मंत्री ने कहा ऑपरेशन सिंदूर के जरिए हमने पाकिस्तान को बता दिया कि भारत आतंकवाद के आगे झुकेगा और इसका जवाब बद से बदतर होगा। ऑपरेशन सिंदूर 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 की एयर स्ट्राइक का ही विस्तारित रूप है। रक्षा मंत्री ने कहा, भारत की धरती पर कोई भी आतंकी हमला पाकिस्तान के लिए विनाशकारी साबित होगा। भारत आतंकवाद के खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई करने को तैयार है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने सीमा पार आतंकियों के ठिकानों को नष्ट कर दिया। रक्षा मंत्री ने इसका श्रेय योग को दिया जो क्रोध पर काबू पाने में मदद करता है, शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है और शक्ति को नियंत्रित करता है। सिंह ने कहा कि पहलगाम हमले की योजना सीमा पार बनाई गई थी और यह महज एक आतंकवादी घटना नहीं थी बल्कि इसका उद्देश्य भारत की सामाजिक और सांप्रदायिक एकता को बिगाड़ना था। उन्होंने कहा, हमने न केवल उनकी योजनाओं को विफल किया बल्कि जवाबी कार्रवाई भी की जिससे पाकिस्तान को घुटने टेकने पड़े और उसके बाद ही हमने ऑपरेशन सिंदूर रोका।

### सीमा सुरक्षा और अमरनाथ यात्रा की दी गई जानकारी

**जम्मू।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को शनिवार को सेना के शीर्ष अधिकारियों ने जम्मू कश्मीर में मौजूदा सुरक्षा स्थिति की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों, आतंकवाद रोधी अभियानों और अगले महीने शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा पर ध्यान केंद्रित किया गया। सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा और सभी इकाइयों के कमांडिंग अफसरों सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उधमपुर स्थित उत्तरी कमान मुख्यालय में बैठक में शामिल हुए। अधिकारियों ने बताया कि बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ अंदरूनी इलाकों में आतंकवाद विरोधी अभियानों पर ध्यान केंद्रित किया गया। तीन जुलाई से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के सुचारू संचालन के लिए की गई बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था का सेना हिस्सा है।

# राजस्व विभाग के संरक्षक नहीं हैं उच्च न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी



- बंबई हाईकोर्ट ने एक कंपनी को 256.45 करोड़ रुपये लौटाने के न्यायाधिकरण के निर्देश पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

सुप्रीम कोर्ट ने बंबई हाईकोर्ट के एक आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि हाईकोर्ट राजस्व विभाग के संरक्षक नहीं हैं। बंबई हाईकोर्ट ने एक कंपनी को 256.45 करोड़ रुपये लौटाने के न्यायाधिकरण के निर्देश पर रोक लगा दी है।

न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और मनमोहन की पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट यह मानते हुए न्यायाधिकरण के निर्देश पर रोक नहीं लगा सकता कि बेलापुर आयुक्तालय के सीजीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्त की ओर से दायर अपील विचारणीय नहीं थी। सुप्रीम कोर्ट ने बंबई हाईकोर्ट के 12 जून के आदेश पर रोक लगाते हुए कहा कि हाईकोर्ट राजस्व का संरक्षक नहीं है। शीर्ष अदालत की पीठ ने 20 जून के अपने आदेश में कहा, प्रथम दृष्टया, हाईकोर्ट अपील को विचारणीय नहीं मानने और यह दर्ज करने के बाद कि रिट याचिका तथा अपील अप्रयुक्त के रूप में निपटा दी गई हैं, स्थगन का आदेश पारित नहीं कर सकता था। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश फर्म द्वारा हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट ने एक रिट याचिका के साथ राजस्व विभाग की ओर से दायर अपील का भी निपटारा कर दिया है। इसने यह भी उल्लेख किया कि यह अपील केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944 की धारा 35जी के तहत मुंबई में सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सीईएसटीएटी) के जनवरी 2025 के आदेश के खिलाफ दायर की गई थी। न्यायाधिकरण ने फर्म की सेवा-कर अपील को अनुमति दी थी।

### सीमा पर योग



11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भारतीय सेना के जवानों ने ऊंचे पर्वतीय इलाकों से लेकर सीमावर्ती क्षेत्रों तक एकजुट होकर योगाभ्यास किया। यह वीडियो देशभक्ति और मानसिक-शारीरिक संतुलन का अद्भुत प्रतीक बना।। एजेंसी

# राहुल देश की प्रगति को कमतर आंकने में व्यस्त : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस नेता के मेक इन इंडिया को लेकर दिए बयान पर भाजपा ने किया पलटवार

भाजपा ने शनिवार को राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में हो रहे बदलाव कांग्रेस नेता को नहीं दिख रहे क्योंकि वह देश की प्रगति को कमतर आंकने में व्यस्त हैं। भाजपा का यह बयान राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री मोदी पर प्रहार करने के बाद आया है।

कांग्रेस नेता ने कहा था कि मोदी को नारे देने की कला में महारत हासिल है, लेकिन कोई समाधान नहीं दिया। उन्होंने दावा किया कि मेक इन इंडिया पहल के बावजूद भारत में विनिर्माण रिकॉर्ड निम्न स्तर पर है। इस पर पलटवार करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने एक्स पर कहा, राहुल, भारत में हर कोई परिवर्तन देख सकता है, सिवाय आपके। शायद इसलिए कि आप भारत की प्रगति को कमतर आंकने में इतने व्यस्त हैं कि आपको इस बारे में पता ही नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर भारत की विनिर्माण क्षमता का नवीनतम और ऐतिहासिक उदाहरण है। मेक इन इंडिया के तहत हुई प्रगति के आंकड़ों का हवाला देते हुए आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि राहुल गांधी के विमर्श पुराने, गलत सूचना वाले और वास्तविकता से दूर हैं। उन्होंने एक्स' कहा, भारत आगे बढ़ रहा है। भारत नेतृत्व कर रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आयातक से वैश्विक विनिर्माण महाशक्ति बन गया है। भंडारी ने कहा कि 2014 से प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इंजीनियरिंग निर्यात में 60% की वृद्धि हुई है, जबकि रक्षा निर्यात 686 करोड़ से बढ़कर 23,000 करोड़ से अधिक का हो गया है।

### नए विचारों के बिना प्रधानमंत्री ने सरेंडर कर दिया: राहुल गांधी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि देश में विनिर्माण रिकॉर्ड निचले स्तर पर है और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं को सिर्फ असेंबल और आयात किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस संदर्भ में नए विचारों के बिना सरेंडर कर दिया है। राहुल ने दिल्ली के नेहरू प्लेस में लैपटॉप और मोबाइल की दुकान का दौरा किया। इसका वीडियो उन्होंने साझा किया।

# भारत माता विवाद पर सड़कों पर प्रदर्शन

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- भारत माता की तस्वीर पर राज्यपाल आर्लेकर और एलडीएफ सरकार में तल्खी

केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को लेकर भारत माता की तस्वीर पर उठे विवाद के कारण शनिवार को विरोध प्रदर्शन और तीखी बयानबाजी हुई। इससे पहले प्रदेश में सत्तारूढ़ माकपा के आधिकारिक मुखपत्र में राजभवन के खिलाफ एक कड़ा संपादकीय प्रकाशित किया गया।

राजभवन के कार्यक्रमों के दौरान भारत माता की तस्वीर प्रदर्शित करने को लेकर राज्यपाल आर्लेकर और माकपा नेतृत्व वाले एलडीएफ सरकार में तल्खी दिखी है। राज्य में सत्तारूढ़ माकपा के मुखपत्र देशाभिमानी में लिखे संपादकीय में कहा गया है कि राजभवन आरएसएस की शाखा नहीं है। राजभवन से जारी ताजा तस्वीरों के अनुसार, राज्यपाल ने शनिवार को आयोजित योग दिवस समारोह के दौरान भारत माता की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की।

वामपंथी पार्टी के ट्रेड यूनियन संगठन सीटू (सीआईटीयू) ने राजभवन की ओर विरोध मार्च निकाला और राज्यपाल पर आरोप लगाया कि वे राजभवन को आरएसएस का केंद्र बनाने तथा संविधान का उल्लंघन करने की कोशिश कर रहे हैं। छात्र संगठन एसएफआई (स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) ने केरल विवि के संस्कृत कॉलेज के सामने बैनर लगाया, जिसमें लिखा था कि राजभवन आरएसएस की संपत्ति नहीं है। कोझिकोड में भाजपा की युवा शाखा, भाजयुमो ने सामान्य शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी के खिलाफ काले झंडे लहराए। मंत्री ने राजभवन में भारत माता की तस्वीर लगाने के विरोध में हाल ही में कार्यक्रम का बहिष्कार किया था। पुलिस ने संगठन के कार्यकर्ता को तुरंत हिरासत में ले लिया, लेकिन थोड़ी ही देर में पहुंचे एसएफआई कार्यकर्ताओं ने जिले के थाली इलाके में उसे धक्का दिया और मारपीट की।

# वायुसेना ने दान किए गए अंगों को पुणे से दिल्ली पहुंचाया

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना और सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं ने रात भर के अभियान के बाद एयरलिफ्ट करके दान किए अंगों - एक लीवर और दो गुर्दे को पुणे के कमांड अस्पताल से दिल्ली के आर्मी अस्पताल में पहुंचाया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।



अंगों को एक ब्रेन-डेड व्यक्ति द्वारा दान किया गया था, जो एक सेवारत सैनिक का आश्रित था। ब्रेन डेड होना उस शारीरिक अवस्था को कहते हैं, जब उसका दिमाग क्रिया और प्रतिक्रिया करना बंद कर देता है और कानूनन उसे मृत माना जाता है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, वायु सेना और सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं ने दान किए अंगों को एयरलिफ्ट कर कमांड अस्पताल, पुणे से दिल्ली के आर्मी अस्पताल (आर एंड आर) में पहुंचाया।

# 2029 के चुनाव में अपनी भूमिका पर बोले केंद्रीय मंत्री गडकरी- फिल्म अभी बाकी है

नागपुर, एजेंसी



- गडकरी ने कहा- पार्टी तय करेगी जिम्मेदारियां, उसे वह निभाएंगे

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को 2029 के आम चुनाव में अपनी भूमिका पर कहा कि 11 वर्षों में जो कुछ देखा गया वह सिर्फ एक न्यूज रील थी और असली फिल्म अभी आनी बाकी है। गडकरी ने कहा कि पार्टी ही जिम्मेदारियां तय करती है और जो भी जिम्मेदारी तय हो, उसे वह निभाएंगे।

उन्होंने मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि उनकी व्यक्तिगत इच्छा विदर्भ में किसानों की आत्महत्या रोकने की दिशा में काम करना है। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा, आजकल मैं सड़क निर्माण के बजाय कृषि और अन्य सामाजिक पहलों पर अधिक काम करता हूं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की प्रति व्यक्ति आय दुनिया में शीर्ष 10 में जनसंख्या के कारण नहीं है। जनसंख्या नियंत्रण विधेयक का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा कि यह कोई धार्मिक या भाषाई मुद्दा नहीं है। यह आर्थिक मुद्दा है। इतना विकास होने के बावजूद, परिणाम दिखाई नहीं दे रहे हैं। इसका कारण बढ़ती जनसंख्या है। गडकरी ने 2014 से सत्तासीन मोदी सरकार की विभिन्न उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

## कारोबार/कृषि

# शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 1.39% घटा

## सरकारी आंकड़ों के अनुसार कर संग्रह 4.59 लाख करोड़ रुपये रहा

- कर संग्रह में गिरावट और ज्यादा रिफंड के कारण अग्रिम कर संग्रह नरम रहा

नई दिल्ली, एजेंसी



चालू वित्त वर्ष (2025-26) में अब तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 1.39 प्रतिशत घटकर 4.59 लाख करोड़ रुपये रहा। सरकार द्वारा शनिवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। कर संग्रह में गिरावट और ज्यादा रिफंड के कारण अग्रिम कर संग्रह नरम रहा।

आंकड़ों के अनुसार, एक अप्रैल से 19 जून, 2025 के दौरान अग्रिम कर संग्रह मात्र 3.87% बढ़कर 1.56 लाख करोड़ रुपये रहा। पिछले साल में तुलनात्मक अवधि में, अग्रिम कर संग्रह में 27% की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई थी। कॉरपोरेट्स द्वारा चुकाया गया अग्रिम कर 5.86% की वृद्धि के साथ 1.22 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि व्यक्तियों, एचयूएफ और फर्मों सहित गैर-कॉरपोरेट द्वारा चुकाया गया कर 2.68% की गिरावट के साथ 33,928 करोड़ रुपये रह गया। अग्रिम कर का भुगतान चार किस्तों - जून, सितंबर, दिसंबर और मार्च में में किया जाता है।

### रिफंड जारी करने की राशि में 58% की वृद्धि

चालू वित्त वर्ष में 19 जून तक रिफंड जारी करने की राशि 58% बढ़कर 86,385 करोड़ रुपये हो गई। चालू वित्त वर्ष में अब तक सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 5 .45 लाख करोड़ रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि से 4 .86% अधिक है। कुल मिलाकर, शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह एक अप्रैल से 19 जून, 2025 के दौरान लगभग 4 .59 लाख करोड़ रहा, जो 2024 में इसी अवधि में एकत्र किए गए 4 .65 लाख करोड़ से 1.39% कम है।

### कॉरपोरेट कर संग्रह में 1.73 लाख करोड़ की मंदी

एक अप्रैल से 19 जून, 2025 के दौरान शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह में लगभग 1.73 लाख करोड़ रुपये की मंदी देखी गई, जो पिछले साल की तुलना में 5% से अधिक की गिरावट है। गैर-कॉरपोरेट कर संग्रह, जिसमें मुख्य रूप से व्यक्तिगत आयकर शामिल है, 0 .7% की मामूली वृद्धि के साथ 2 .73 लाख करोड़ रुपये हो गया। इस अवधि के दौरान प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) 12 प्रतिशत बढ़कर 13,013 करोड़ रुपये हो गया। चालू वित्त वर्ष (2025-26) में सरकार ने प्रत्यक्ष कर संग्रह 25 .20 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान लगाया है, जो पिछले साल की तुलना में 12 .7 प्रतिशत अधिक है। सरकार ने 19 जून तक अपने प्रत्यक्ष कर लक्ष्य का 18 .21 प्रतिशत संग्रह किया है। सरकार का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष में एसटीटी से 78,000 करोड़ रुपये एकत्र करना है।

# सरकार ने सौर ऊर्जा स्थापना में तेजी को स्टार्टअप किया शुरू

**नई दिल्ली।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने शनिवार को 2.3 करोड़ रुपये की स्टार्टअप नवाचार चुनौती शुरू करने की घोषणा की। इसका उद्देश्य देश में छत वाले सौर पैनल की स्थापना और नवीकरणीय ऊर्जा स्वीकार्यता में तेजी लाना है।

मंत्रालय ने कहा कि इस नवाचार चुनौती का उद्देश्य छत वाले सौर (रूफटॉप सोलर) और वितरित नवीकरणीय ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र के लिए सफल समाधानों की पहचान करना और उनका समर्थन करना है। नवीकरणीय ऊर्जा कार्यबल के लिए कौशल विकास पर राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान रूफटॉप सोलर (आरटीएस) और वितरित अक्षय ऊर्जा (डीआरई) प्रौद्योगिकियों पर अभिनव परियोजना 'स्टार्ट-अप चैलेंज' का शुभारंभ किया गया।

# डिबेंचर : सुरक्षित और स्थिर आय का स्रोत

डिबेंचर का उपयोग कंपनियां पूंजी जुटाने के लिए जारी करती हैं। यह निश्चित अवधि के लिए होता है और इस पर निवेशक को निश्चित ब्याज मिलता है। डिबेंचर में निवेश करने वाले व्यक्ति कंपनी के शेयरधारक नहीं होते, बल्कि वे कंपनी को उधार देने वाले होते हैं। निवेशक को परिपक्वता पर मूलधन लौटाया जाता है और नियमित ब्याज मिलता है। यह निवेश उनके लिए उपयुक्त है जो सुरक्षित और स्थिर आय चाहते हैं। हालांकि, इसमें कुछ जोखिम भी होते हैं जैसे डिफॉल्ट रिस्क, ब्याज दर में बदलाव आदि।



### क्या है डिबेंचर

- डिबेंचर लिखित वादा है, जिसमें कंपनी यह आश्वासन देती है कि वह एक निश्चित ब्याज दर पर तय समय में निवेशक को पैसा चुकाएगी। ये सिक्योर्ड और अनसिक्योर्ड हो सकते हैं, यानि कुछ डिबेंचर परिसंपत्तियों से सुरक्षित होते हैं और कुछ नहीं।

### कैसे करें निवेश

- निवेशक डिबेंचर को प्राथमिक बाजार से आईपीओ के जरिए या द्वितीयक बाजार से खरीद सकते हैं। डीमैट अकाउंट के जरिए डिबेंचर में निवेश करना होता है। रेटेड डिबेंचर (क्रिसिल, आईसीआरए जैसी एजेंसियों की ओर से रेटेड) को प्राथमिकता देना चाहिए।

### निवेशकों को लाभ

- **निश्चित आय :** डिबेंचर पर तय ब्याज मिलना।
- **जोखिम :** उच्च-रेटिंग वाले डिबेंचर सुरक्षित।
- **की सुरक्षा :** तय समय पर मूलधन मिलना।
- **डायवर्सिफिकेशन :** पोर्टफोलियो में विविधता।

### जोखिम पर भी रहे ध्यान

- **डिफॉल्ट रिस्क :** कंपनी दिवालिया हो जाए तो भुगतान नहीं हो सकता।
- **ब्याज दर :** मार्केट में ब्याज दर बढ़ने पर डिबेंचर की वैल्यू घट सकती है।
- **लिक्विडिटी रिस्क :** द्वितीयक बाजार में इन्हें बेचना कठिन हो सकता है।

### ध्यान देने योग्य बातें

- कंपनी की क्रेडिट रेटिंग की जांच करें। निवेश की अवधि और ब्याज दर को समझें। कर और परिपक्वता विकल्प का आकलन करें।

# म्यूचुअल फंड नियमों को निवेशकों, उद्योग के लिए अधिक अनुकूल बनाने की योजना: सेबी

कोलकाता, एजेंसी



भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) म्यूचुअल फंड नियमों की व्यापक समीक्षा कर रहा है ताकि उन्हें अधिक निवेशक-केंद्रित और उद्योग-अनुकूल बनाया जा सके। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

सेबी के कार्यकारी निदेशक मनोज कुमार ने इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) के 17वें म्यूचुअल फंड शिखर सम्मेलन में कहा, हम नियामक सहित सभी हितधारकों के लिए कारोबार को आसान बनाने के लिए संपूर्ण म्यूचुअल फंड नियामक ढांचे की समीक्षा कर रहे हैं। हितधारकों ने कहा कि इस क्षेत्र को नियंत्रित करने वाले मौजूदा नियम सबसे लंबे हैं और निवेशकों की उभरती जरूरतों और उद्योग के नवाचारों के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए सरलीकरण की जरूरत है। कुमार ने नए नियमों के लागू होने की कोई समयसीमा बताए बिना कहा, प्रक्रिया शुरू हो गई है और जल्द ही हम प्रतिक्रिया और परामर्श प्रक्रिया के लिए मसौदा नियम लेकर आएंगे। कुमार ने भारत के प्रतिभूति बाजार को मजबूत करने के लिए नियामक के रणनीतिक खाके को रेखांकित किया, जिसमें म्यूचुअल फंड को समावेशी वित्तीय विकास और निवेशक संरक्षण को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में स्थापित किया गया है।

# लॉजिस्टिक मंचों से गत वर्ष गिग भर्तियों में 92% वृद्धि

मुंबई, एजेंसी

- भर्ती मंच वर्कइंडिया की रिपोर्ट में दी गई जानकारी

पिछले साल गिग नौकरियों (ऑनलाइन मंच के लिए अस्थायी नौकरी) या फ्रीलांस (काम के आधार पर) अवसरों में सालाना आधार पर 92% की वृद्धि हुई है। भर्ती मंच वर्कइंडिया की रिपोर्ट में कहा गया कि यह ई-कॉमर्स, खानपान की आपूर्ति करने वाले (फूड डिलीवरी) और राइड-हेलिंग मंचों के विस्तार से मजबूत, मांग आधारित श्रम पर बढ़ती निर्भरता को दर्शाता है।

वर्कइंडिया के सीईओ नीलेश डूंगरवाल ने बताया, त्वरित वाणिज्य जैसी कंपनियों ने न केवल मांग पैदा की है, बल्कि उन्होंने आय के एक विश्वसनीय स्रोत के रूप में मान्यता दी है। कई उम्मीदवारों के लिए, विशेष रूप से छोटे शहरों में, डिलीवरी जॉब अब अस्थायी भूमिका नहीं रह गई है, बल्कि वे व्यवहार्य करियर विकल्प हैं। दिल्ली, अहमदाबाद और कोलकाता जैसे शहर लॉजिस्टिक्स नौकरियों के लिए केंद्र के रूप में उभरे हैं, जिनमें से प्रत्येक ने डिलीवरी से संबंधित नौकरी पोस्टिंग में वृद्धि दर्ज की है।

# संसदीय समिति ने दालों, तिलहनों का आयात बढ़ने पर चिंता जताई, सरकार ने कहा- बढ़ रहा है उत्पादन

नई दिल्ली, एजेंसी



- 156.6 लाख टन का आयात खाद्य तेलों की मांग का 56%

सरकार ने एक संसदीय समिति को बताया कि 10 वर्षों में दालों और खाद्य तेलों का घरेलू उत्पादन एक दशक पहले की तुलना में अधिक गति से बढ़ा है। दूसरी ओर सांसदों ने मांग को पूरा करने के लिए आयात पर भारत की निर्भरता पर चिंता जताई है।

कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण संबंधी संसद की स्थायी समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण में कहा गया कि 2023-24 में 156.6 लाख टन का आयात, खाद्य तेलों की घरेलू मांग का 56% है। सूत्रों ने कहा कि कृषि मंत्रालय ने 20 जून की बैठक में इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए किए जा रहे कार्यों पर जोर दिया और कहा कि 2014-15 और 2024-25 के बीच तिलहन उत्पादन में 55% की वृद्धि हुई है। तीसरे अग्रिम अनुमान में पिछले वित्त वर्ष में तिलहन उत्पादन 426.09 लाख टन होने का अनुमान है। इस तरह 2004-05 और 2014-15 के बीच 13% की वृद्धि हुई थी। सूत्रों ने कहा कि देश पाम तेल की मांग को पूरा करने के लिए पूरी तरह से आयात पर निर्भर है। कुछ सांसदों ने अपेक्षाकृत सस्ते खाद्य तेल से जुड़े स्वास्थ्य संबंधी खतरों का जिक्र किया। मंत्रालय ने कहा कि खाद्य तेल आयात पर भारत की भारी निर्भरता से सालाना 80,000 करोड़ रुपये से अधिक का भार पड़ रहा है।

# तीन शतकों के बावजूद भारतीय टीम 471 रन पर सिमटी

## पहले टेस्ट का दूसरा दिन : इंग्लैंड ने चायकाल तक एक विकेट पर बनाए 107 रन, बुमराह ने लिया एकमात्र विकेट




शतक बनाने के बाद जश्न मनाने के लिए कार्टव्हील करते हुए ऋषभ पंत। • एजेंसी

लीड्स, एजेंसी

रिषभ पंत (134) के शानदार शतक के बावजूद बेन स्टोक्स (66 रन पर चार विकेट) और जोश टोंग (86 रन पर चार विकेट) की अनुशासित गेंदबाजी के चलते इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को भारत की पहली पारी 471 रन पर सिमट गयी। इंग्लैंड ने चायकाल तक एक विकेट खोकर 107 रन बना लिए थे। बेन डकेट (53) और ओली पोप (48) के बीच 103 रन की शतकीय भागीदारी हो चुकी थी।

जसप्रीत बुमराह ने जैक क्राली (4) का विकेट पारी के पहले ही ओवर में चटका कर शानदार शुरुआत की थी मगर बाद में डकेट और पोप की जोड़ी ने इंग्लैंड को संभाल लिया। इससे पहले शुभमन गिल (147),यशस्वी जायसवाल (101) और पंत के शतक की बदौलत शनिवार को एक बड़े स्कोर की ओर बढ़ रहे भारत की पहली पारी को करारा झटका लगा जब लंच के 20 मिनट पहले एक के बाद एक मध्यक्रम के चार बल्लेबाज पवेलियन लौट गये। भारत की पारी को समेटने में स्टोक्स और टोंग की भूमिका अहम रही। के एल राहुल (42) और रविंद्र जडेजा (11) के अलावा अन्य पांच बल्लेबाज अपने निजी स्कोर को दहाई के अंक तक पहुंचाने में असफल रहे। करुण नायर और जसप्रीत बुमराह तो अपना खाता भी नहीं खोल सके वहीं प्रसिद्ध कृष्णा और शार्दुल ठाकुर ने एक एक रन का योगदान दिया।

भारत ने अपनी पहली पारी के कल के स्कोर तीन विकेट पर 359 से आगे खेलना शुरु किया और कप्तान गिल (147) के साथ रिषभ पंत ने खेल के पहले सत्र की शुरुआत शानदार तरीके से की। दोनो बल्लेबाजों ने मैदान के चारों ओर कई दर्शनीय शाट्स लगाये। दोनो के खेल को देख कर लग रहा था कि भारत एक विशाल स्कोर की पटकथा लिखने में सफल होगा। पंत ने इस बीच अपना अपने करियर का सातवों शतक छक्के के साथ पूरा किया। इंग्लैंड को आज पहली सफलता लंच के करीब 20 मिनट पहले मिली जब स्पिनर शोयब बशीर की गेद को उड़ाने के प्रयास में गिल डीप बैकवर्ड स्कैवयर लेग पर खड़े जोश टोंग के हाथों लपके गये। उन्होने अपनी शानदार शतकीय पारी में 227 गेंद खेलकर 19 चौके और एक छक्का लगाया। गिल के आउट होने के बाद करुण नायर बेन स्टोक्स की गेंद पर दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से एक्सट्रा कवर पर लपके गये। पोप ने हवा में उछल कर उनका कैच पकड़ा।



इंग्लैंड को बेन डकेट को आउट करने की जोरदार अपील करते हुए जसप्रीत बुमराह। • एजेंसी

### भारत पहली पारी

**471/10** (113 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो स्टोक्स | 101 |
| केएल राहुल का रूट बो कार्स | 42 |
| सुदर्शन का स्मिथ बो स्टोक्स | 00 |
| शुभमन गिल का टंग बो बशीर | 147 |
| ऋषभ पंत पगबाधा बो टंग | 134 |
| करूण नायर का पोप बो स्टोक्स | 00 |
| रविंद्र जडेजा बो टंग | 11 |
| शार्दुल ठाकुर का स्मिथ बो स्टोक्स | 01 |
| जसप्रीत बुमराह का ब्रूक बो टंग | 00 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 03 |
| प्रसिद्ध कृष्णा बो टंग | 01 |

**अतिरिक्त** : 31 रन, गेंदबाजी : वोक्स 24- 4-103-0, कार्स 22-5-96-1, टंग 20-0-86-4, स्टोक्स 20-1-66-4, बशीर 27-6-100-1

## सर्वाधिक टेस्ट शतक जड़ने वाले भारतीय विकेटकीपर बने पंत, धोनी को पछाड़ा

लीड्स, एजेंसी : ऋषभ पंत टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय विकेटकीपर बन गए हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को कैरियर का सातवां टेस्ट शतक लगाकर महेंद्र सिंह धोनी को पछाड़ा। इस उपलब्धि के लिए महान बल्लेबाजों सचिन तेंदुलकर और सुनील गावस्कर ने पंत की सराहना की। पंत ने भारतीय पारी के सौवें ओवर की पहली गेंद पर शोएब बशीर को छक्का लगाकर इस आंकड़े को छुआ। यह सितंबर 2024 के बाद उनका पहला शतक है जब उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ 109 रन बनाये थे। धोनी ने 90 टेस्ट में 4876 रन बनाये जिसमें छह शतक और 33 अर्धशतक शामिल हैं। पंत ने इस पारी के साथ ही 3000 टेस्ट रन भी पूरे किए। वह 44 टेस्ट में करीब 44 की औसत से 15 अर्धशतक भी लगा चुके हैं। इस सूची में तीसरा नाम रिधिमान साहा का है जिन्होंने दो शतक लगाये हैं। सैयद किरमानी और फारूख इंजीनियर ने भी दो-दो टेस्ट शतक लगाए हैं, जबकि नयन मोंगिया के नाम एक टेस्ट शतक है। पंत के प्रयास की तेंदुलकर ने सराहना की और उनके पैडल स्वीप खेलने को समझदारी भरा कदम बताया। तेंदुलकर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा ऋषभ अचानक पैडल स्वीप नहीं खेलने लगा। उसने यह जानबूझकर किया और काफी चतुराई भरा कदम था। इससे वह गेंद के नीचे आया गया और इसे नियंत्रण के साथ लेग स्लिप के ऊपर से स्कूप कर पाया। तेंदुलकर ने चौथे विकेट की 209 रन की साझेदारी के दौरान पंत और गिल द्वारा बशीर के खिलाफ अपनाई गई मनोवैज्ञानिक रणनीति पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा बशीर के स्पेल के दौरान एक और दिलचस्प बात देखने को मिली। शुभमन और ऋषभ गेंदों के बीच में जोर-जोर से हिंदी बोल रहे थे। तेंदुलकर ने कहा यह सिर्फ सामान्य बातचीत नहीं थी। वे गेंदबाज के साथ दिमागी खेल खेल रहे थे, उसकी लय को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे थे। ये छोटी-छोटी बातें स्कोरबोर्ड पर नहीं दिखती पर इनका खेल पर काफी असर हो सकता है।

### एक नजर

#### सप्तक तलवार ब्लॉट प्ले9 टूर्नामेंट में संयुक्त नौवें स्थान पर

**प्लेन्यूफ वैल आंद्रे (फ्रांस) :** सप्तक तलवार लगातार दूसरे दौर में एक अंडर 69 के स्कोर से यहां होटल प्लानर टूर के ब्लॉट प्ले9 टूर्नामेंट में संयुक्त नौवें स्थान पर हैं। सप्तक ने दूसरे दौर में अंतिम नौ होल से शुरुआत की और 11वें तथा 15वें होल में बर्डी की। उन्होंने 14वें और 16वें होल में बोगी भी की। सप्तक ने शुरुआती नौ होल के दौरान छठे होल में बर्डी करते हुए एक अंडर का स्कोर बनाया। इंग्लैंड के 40 साल के जेम्स मोरिसन ने बोगी रहित चार अंडर 66 के स्कोर से कुल 10 अंडर के स्कोर से तीन शॉट की बढ़त बना ली है।

#### बायर्न म्यूनिख ने क्लब विश्व कप के अगले दौर में जगह बनाई

**मियामी गार्डन्स (अमेरिका) :** माइकल ओलिस के 84वें मिनट में किए गए गोल की मदद से बायर्न म्यूनिख ने बोका जूनियर्स को 2-1 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में जगह बनाई। जर्मन चैंपियन बायर्न ने ग्रुप सी में दो जीत दर्ज की और एक मैच शेष रहते हुए अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। ओलिस ने हार्ड रॉक स्टेडियम में अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। उसकी तरफ से पहला गोल इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी हैरी केन ने 18वें मिनट में किया था। मिगुएल मेरेंटिएल ने हालांकि 66वें मिनट में शानदार गोल करके बोका को बराबरी पर ला दिया था।



**विदाई :** श्रीलंका के एंजेलो मैथ्यूज ने अपने करियर का अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच खेला। श्रीलंका के गॉल में श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के अंत में समर्थकों का अभिवादन स्वीकार करते हुए। • एजेंसी

#### फील्ड रैंच ईस्ट कोर्स में अदिति अशोक कट से चूकीं

**फ्रिस्टको (अमेरिका) :** भारत गोल्फर अदिति अशोक यहां फील्ड रैंच ईस्ट कोर्स में मुश्किल परिस्थितियों में 11 ओवर 83 के खराब प्रदर्शन के साथ केपीएमजी महिला पीजीए चैंपियनशिप में कट से चूक गईं। अदिति ने पहले दौर में भी 81 का स्कोर बनाया था। यह पहली बार है जब अदिति ने किसी मेजर टूर्नामेंट के लगातार दो दौर में 80 से अधिक का स्कोर बनाया। भारतीय गोल्फर ने दूसरे दौर में नौ बोगी और एक डबल बोगी की जबकि वह एक भी बर्डी नहीं लगा पाईं। वह दो दौर में एक भी बर्डी नहीं कर सकीं। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही 156 खिलाड़ियों में से सिर्फ सात ही दूसरे दौर के बाद अंडर-पार का स्कोर बना पाई हैं। दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी जीनो थिटिकुल दूसरे दौर में दो अंडर 70 के स्कोर से कुल छह अंडर 138 के स्कोर से शीर्ष पर हैं।

# गिल के फुटवर्क से प्रभावित हुए गांगुली

कोलकाता, एजेंसी

- कहा- अगर पैर का शानदार मूवमेंट कायम रखते हैं तो खूब रन बनाएंगे विदेश में शुभमन



इंग्लैंड की मुश्किल परिस्थितियों में शुभमन गिल के 'फुटवर्क' से बेहद प्रभावित पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली को उम्मीद है कि यदि लीड्स में मैच के पहले दिन की तरह ही उनके पैरों की मूवमेंट शानदार रही तो यह युवा भारतीय कप्तान विदेशी परिस्थितियों में भी ढेरों रन बनाएगा।

कप्तान के तौर पर अपना पहला टेस्ट खेल रहे गिल ने शतकीय पारी खेली। जिसमें कई बेहतरीन ड्राइव शामिल रहे। भारत ने पहले दिन का खेल तीन विकेट पर 359 रन पर समाप्त किया जिससे इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर नजर आया। घरेलू गेंदबाजों ने ज्यादातर 'मिडिल और ऑफ' स्टंप लाइन पर फुल लेंथ की गेंदबाजी की और गिल ने चुनौती का सामना शानदार तरीके से किया। साथ ही कुछ बेहतरीन ड्राइव लगाए। गांगुली ने पीटीआई को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा मैं विदेशी सरजमीं पर उनके पैरों की मूवमेंट देखकर बहुत खुश हूं। विदेशी धरती पर इसमें काफी सुधार हुआ है। शुभमन के पैर का मूवमेंट शानदार था, उन्होंने कोई गलती नहीं की।

इस पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा मुझे लगता है कि इंग्लैंड को उस विकेट पर (पहले) गेंदबाजी नहीं करनी चाहिए थी और उन्होंने अच्छी गेंदबाजी भी नहीं की। उनके (गिल के) पैरों का मूवमेंट शानदार था, मुझे उम्मीद है कि यह उनके लिए स्थायी बात होगी क्योंकि अगर वह इंग्लैंड और विदेशी परिस्थितियों में इसी तरह बल्लेबाजी करते रहे तो वह बहुत रन बनाएंगे। गांगुली ने कहा अगर वह इसी तरह खेलते रहे तो उनका औसत भी 40-45 तक बढ़ जाएगा।

### भारत को पहला टेस्ट जीतना चाहिए ऐसा मौका बार-बार नहीं मिलेगा

**कोलकाता, एजेंसी :** भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने शनिवार को कहा कि भारत को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में शानदार शुरुआत के बाद जीत दर्ज करनी चाहिए क्योंकि ऐसे मौके उन्हें हर रोज नहीं मिलेंगे। भारत ने यशस्वी जायसवाल, कप्तान शुभमन गिल और ऋषभ पंत के शतकों की मदद से पहली पारी में 471 रन बनाए। गांगुली को लगता है कि पहले दिन तीन विकेट पर 359 रन बनाने के बाद भारत 600 रन का आंकड़ा छूने की स्थिति में था। उन्होंने कहा किसी को भी उम्मीद नहीं थी कि हेडिंग्ले इतना सूखा रहेगा। लेकिन अगर वे (भारत) 600 रन बना लेते हैं तो गेंद को थोड़ा असमान उछाल मिलेगा। भारत को यह मैच जरूर जीतना चाहिए। उन्हें यह मौका फिर नहीं मिलेगा। लेग स्पिनर कुलदीप यादव और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली। गांगुली ने कहा कि वह प्रसिद्ध कृष्णा की जगह अर्शदीप को तरजीह देते। गांगुली ने कहा, ''कुलदीप धीरे-धीरे खेलेंगे। यह एक लंबी श्रृंखला है। मैं अर्श को खिलाता क्योंकि उनका कोण अलग है (बाएं हाथ का गेंदबाज होने के कारण)।

# साउथी ने स्टोक्स के फैसले का बचाव किया

**लीड्स :** इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी सलाहकार टिम साउथी ने हेडिंग्ले की सूखी विकेट पर पहले गेंदबाजी करने के कप्तान बेन स्टोक्स के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि शुरुआती सत्र में पिच गेंदबाजों के अनुकूल होगी, लेकिन भारत के युवा और प्रतिभाशाली बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करके उन्हें निराश कर दिया।

पांच मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का इंग्लैंड का फैसला गलत साबित हुआ। कप्तान शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल ने सुखी पिच पर शतक लगाए, जिससे भारत ने शुक्रवार को पहले दिन तीन विकेट पर 359 रन बना लिए।

# स्टोक्स के फैसले पर वॉन ने जताई हैरानी

लीड्स, एजेंसी



पूर्व कप्तान माइकल वॉन हेडिंग्ले के सूखे विकेट पर पहले गेंदबाजी करने के इंग्लैंड के फैसले से हैरान हैं। क्योंकि भारत ने इसका पूरा फायदा उठाकर पहले टेस्ट मैच के पहले दिन तीन विकेट पर 359 रन बना लिए।

वॉन ने कहा कि मौजूदा इंग्लैंड टीम का मजबूत पक्ष निश्चित रूप से उसकी बल्लेबाजी है, गेंदबाजी नहीं। उन्होंने बीबीसी टेस्ट मैच स्पेशल से कहा मैं पुराने जमाने का परंपरावादी हूं। यहां लीड्स में जब धूप खिली हो और मौसम शुष्क हो, तो आप बल्लेबाजी करते हैं। वॉन ने कहा इंग्लैंड की वर्तमान टीम का मजबूत पक्ष बल्लेबाजी है। उसकी गेंदबाजी में इस समय अनुभव की कमी है। बेन (स्टोक्स) को स्पष्ट रूप से अपनी अंदरूनी भावना का अहसास था और कभी-कभी यह कारगर भी रहा। स्टोक्स के 2022 में कप्तान और ब्रेंडन मैकुलम के कोच बनने के बाद से इंग्लैंड ने पहले क्षेत्ररक्षण करना पसंद किया है। स्टोक्स का निर्णय इस मैदान के हालिया रिकॉर्ड से भी प्रभावित हो सकता है, जहां पिछले छह टेस्ट मैचों में पहले क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम ने मैच जीता है।

# सबालेंका ने बर्लिन ओपन में रयबाकिना को हराया

**बर्लिन, एजेंसी :** शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका ने शुक्रवार को बर्लिन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में चार मैच प्वाइंट बचाकर एलेना रयबाकिना को 7-6, 3-6, 7-6 से हराया।

सबालेंका अंतिम सेट के टाईब्रेक में 6-2 से पीछे थीं, लेकिन उन्होंने जोरदार वापसी की तथा लगातार छह अंक जीतकर सत्र के अपने आठवें सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सबालेंका का अगला मुकाबला मार्केटा वोंद्रोसोवा से होगा, जिन्होंने ओन्स जाबेउर को 6-4, 6-1 से हराया। लियुडमिला सैमसोनोवा ने भी अमांडा अनिसिमोवा पर 6-1, 6-1 से जीत हासिल की। उनका अगला मुकाबला वांग झिन्यू या पाउला बाडोसा से होगा।



# महिला पहलवानों ने अंडर 23 एशियाई चैंपियनशिप में खिताब जीता

**वुंग ताऊ (वियतनाम) :** भारतीय महिला पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में चार स्वर्ण और पांच रजत सहित सभी 10 वर्गों में एक-एक पदक जीतकर टीम खिताब अपने नाम किया। प्रियांशी प्रजापत (50 किग्रा), रीना (55 किग्रा), सृष्टि (68 किग्रा) और प्रिया (76 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। भारत की पांच अन्य पहलवानों ने भी फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन आखिर में उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

नेहा शर्मा (57 किग्रा), तन्वी (59 किग्रा), प्रगति (62 किग्रा), शिक्षा (65 किग्रा) और ज्योति बेरवाल (72 किग्रा) ने रजत पदक जीते जबकि हिनाबेन खलीफा (53 किग्रा) ने कांस्य पदक हासिल किया। ग्रीको-रोमन शैली में सुमित ने 63 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि नितेश (97 किग्रा) और अंकित गुलिया (72 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते। पुरुषों की फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं में विक्की ने 97 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

### जीत की जंग



ग्रेट ब्रिटेन की जॉर्जिया हंटर बेल (बीच में) और केन्या की नेली चेपचिरचिर (दूसरी बाईं ओर) पेरिस के स्टेड चार्लेटी में मीटिंग डे पेरिस डायमंड लीग एथलेटिक्स मीट के दौरान महिलाओं की 1500 मीटर दौड़ में प्रतिस्पर्धा करती हुई। • एजेंसी

# नीरज ने जीता पेरिस डायमंड लीग का खिताब

पेरिस, एजेंसी

- 88.16 मीटर का थ्रो कर जूलियन वेबर को पछाड़ा
- नीरज चेक वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर के साथ ले रहे हैं प्रशिक्षण




नीरज चोपड़ा।

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने पेरिस डायमंड लीग 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 88.16 मीटर का थ्रो किया। उन्होंने जर्मनी के जूलियन वेबर को पछाड़ते हुए खिताब अपने नाम किया। नीरज ने बताया कि वह डायमंड लीग में 90 मीटर के पार फेंकने की कोशिश में थे, लेकिन रन-अप तेज हो जाने के कारण वह अपनी गति पर नियंत्रण नहीं रख पाए।

उन्होने ओलंपिक्स डॉट काम से कहा मैं आज 90 मीटर से ज्यादा की उम्मीद कर रहा था, लेकिन रन-अप बहुत तेज था और मैं कंट्रोल नहीं कर सका। फिर भी डायमंड लीग जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है क्योंकि काफी समय बाद खिताब हासिल हुआ है। इससे पहले नीरज ने मई में दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर का थ्रो कर न केवल अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ दूरी फेंकी थी, बल्कि भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ा था। हालांकि उस प्रतियोगिता में जूलियन वेबर ने 91.06 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो कर उन्हें दूसरे स्थान पर धकेल दिया था। नीरज इस सीजन में चेक गणराज्य के दिग्गज और वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर जान जेलेजनी के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं।

जेलेजनी ने अपने करियर में 90 मीटर की दूरी 50 से अधिक बार पार की है और 1996 में 98.48 मीटर का भाला फेंक विश्व रिकॉर्ड बनाया था, जो आज भी कायम है। नीरज ने कहा, हम तकनीकों पर काम कर रहे हैं और उनके साथ ट्रेनिंग करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। अगर मैं जान के साथ ट्रेनिंग कर रहा हूं, तो 90 मीटर पार करना जरूरी है। उन्होंने यह कई बार कर दिखाया है।

### वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप की तैयारी है मकसद : चोपड़ा

नीरज चोपड़ा की तैयारी का खास मकसद वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप है, जो सितंबर में टोक्यो में होगी। यही स्टेडियम है जहां नीरज ने 2021 ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीता था। नीरज ने कहा इस साल का सबसे बड़ा लक्ष्य वर्ल्ड चैंपियनशिप है। टोक्यो का स्टेडियम मेरे लिए खास है क्योंकि वहीं मैंने ओलंपिक गोल्ड जीता था। वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 13 से 21 सितंबर के बीच आयोजित की जाएगी। पिछली बार 2023 में बुडापेस्ट में नीरज चोपड़ा ने पहली बार इस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता था।

# भारतीय महिला हॉकी टीम बेल्जियम से 1-5 से हारी



एंटवर्प (बेल्जियम),एजेंसी

भारतीय महिला हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग में लचर प्रदर्शन यहां शनिवार को भी जारी रहा जब टीम को बेल्जियम के खिलाफ 1-5 की करारी हार का सामना करना पड़ा। टूर्नामेंट के यूरोपीय चरण में यह भारतीय टीम की लगातार पांचवीं हार है। टीम ने इससे पहले लंदन में ऑस्ट्रेलिया और अर्जेन्टीना के खिलाफ दो-दो मैच गंवाए। शनिवार को दीपिका (छठे मिनट) ने भारत को बढ़त दिलाई लेकिन मध्यांतर के बाद बेल्जियम की टीम पूरी तरह हावी रही और हेलेन ब्रेसेर (37वें और 55वें), लूसी ब्रेन (41वें मिनट), एंब्रे बेलेंगहीन (54वें मिनट) और चार्लोट एंगलबर्ग (58वें मिनट) के गोल की बदौलत आसान जीत दर्ज करने में सफल रही।



संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के लोग अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग करते हुए।

# पूरी दुनिया ने उत्साह से मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

## संरा मुख्यालय में आयोजित समारोह में 1,200 से अधिक योग साधकों, राजनयिकों, अधिकारियों ने की शिरकत

**न्यूयॉर्क/बीजिंग, एजेंसी**

दुनिया भर के हजारों लोगों ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भारत की इस प्राचीन विधा का अभ्यास किया और इस मौके पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जाने-माने चिकित्सक, लेखक एवं स्वास्थ्य गुरु दीपक चोपड़ा ने एक ध्यान सत्र का नेतृत्व किया।

इस कार्यक्रम की मेज़बानी संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने की। संयुक्त राष्ट्र में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में 1,200 से अधिक योग साधकों, राजनयिकों, संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों, राजनयिक दल के सदस्यों और प्रवासी समुदाय ने भाग लिया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि एवं राजदूत पी हरीश ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि इस वर्ष योग दिवस का विषय - 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' है जो 2023 में भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान प्रस्तुत किए गए 'वसुधैव कुटुंबकम' के दृष्टिकोण पर आधारित है।

इससे पूर्व न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने टाइम्स स्क्वायर एलायंस के साथ मिलकर टाइम्स स्क्वायर पर 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) मनाया। मशहूर अभिनेता अनुपम खेर ने टाइम्स स्क्वायर पर आयोजित इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लंदन के स्ट्रैंड क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित चौक पर सैकड़ों लोग एकत्र हुए, जहां भारतीय उच्चायोग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया गया। ब्रिटेन में उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने कार्यक्रम की शुरुआत की।



लंदन में भारतीय उच्चायोग द्वारा आयोजित योग सत्र में हिस्सा लेते लोग।

योग के प्रति अपनी रुचि के लिए प्रसिद्ध 76 वर्षीय चार्ल्स ने अपने संदेश में कहा कि यह वार्षिक उत्सव एकता, करुणा और कल्याण जैसे वैश्विक सिद्धांतों को बढ़ावा देता है।

चीन में हजारों लोगों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास किया और कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। यह प्राचीन भारतीय आध्यात्मिक व शारीरिक स्वास्थ्य पद्धति की बढ़ती लोकप्रियता का प्रतीक है।

बीजिंग में भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत ने अन्य राजनयिकों के साथ पुराने भारतीय दूतावास परिसर में एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। सिंगापुर में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 'सुपरट्री लॉन' में आयोजित किया गया।

## एक नजर

### नोट बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर में जाली भारतीय मुद्रा बनाने वाले एक गिरोह का शनिवार को भंडाफोड़ करके सात व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। नगर पुलिस अधीक्षक (गोहलपुर) सुनील नेमा ने संवाददाताओं को बताया कि अधारताल इलाके में एक मकान पर छापेमारी के बाद 18 लाख रुपये मूल्य के जाली नोट बरामद किए गए। उन्होंने कहा, यह गिरोह पूरे राज्य में मुनाफे के लिए 500 रुपये के जाली नोट का आदान-प्रदान कर रहा था। नरसिंहपुर जिले के मुख्य षड्यंत्रकर्ता ऋतुराज विश्वकर्मा ने पिछले एक महीने से अधारताल में किराये के मकान में जाली नोट छापने की बात कबूल की है।

### इजराइल से युद्ध के कारण जर्मन साइकिल चालक पकड़ा

**तेल अवीव।** ईरान ने जासूसी के आरोप में जर्मनी के एक साइकिल चालक को हिरासत में लेने की बात शनिवार को पहली बार स्वीकार की। संभवत: यह तेहरान द्वारा इजराइल के साथ युद्ध के दौरान जर्मनी पर दबाव बनाने का प्रयास है। अर्ध-सरकारी मेहर समाचार एजेंसी ने अनाम व्यक्ति की गिरफ्तारी का वीडियो फुटेज जारी किया। एजेंसी ने हालांकि यह नहीं बताया कि गिरफ्तारी कब हुई, लेकिन साइकिल चालक को मरकजी प्रांत से हिरासत में लेने की बात स्वीकार की गयी। मरकजी प्रांत में ही ईरान का अराक भारी जल रिएक्टर है।

### ट्रंप प्रशासन को फलस्तीन समर्थक के रिहाई के आदेश

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने शुक्रवार को राष्ट्रपति ट्रम्प प्रशासन को आदेश किया कि वह फिलिस्तीनी समर्थक कार्यकर्ता और कोलम्बिया विश्वविद्यालय के स्नातक महमूद खलील को आव्रजन हिरासत से जमानत पर रिहा करें। ट्रम्प प्रशासन ने उन्हें न्यूयॉर्क शहर में उनके विश्वविद्यालय के स्वामित्व वाले भवन से मार्च में हिरासत में लिया था और तीन महीनों तक लुइसियाना स्थित हिरासत केन्द्र में रखा था। फलस्तीन के समर्थन में चले प्रदर्शन में उनकी भूमिका के लिए ट्रंप प्रशासन उन्हें निर्वासित करना चाहता था। अमेरिका में खलील इकलौता बड़ी हैसियत वाला प्रदर्शनकारी था जिसे हिरासत में लिया गया था।

# ईरान के परमाणु अनुसंधान केन्द्र पर हमला

## तीन वरिष्ठ ईरानी कमांडरों की मौत, ईरानी और यूरोपीय अधिकारियों के बीच कूटनीतिक वार्ता विफल

**तेल अवीव, एजेंसी**

इजराइल की सेना ने शनिवार को कहा कि उसने बीती रात ईरान की परमाणु अनुसंधान सुविधा पर हमला किया और निशाना बनाकर किए गए हमलों में तीन वरिष्ठ ईरानी कमांडरों की मौत हो गई। दोनों देशों के बीच युद्ध दूसरे सप्ताह में प्रवेश कर गया है। शनिवार सुबह इस्फहान में एक पर्वत के निकट इलाके से धुआं उठता दिखाई दिया, जहां एक स्थानीय अधिकारी ने कहा कि इजराइल ने दो बार परमाणु अनुसंधन सुविधा पर हमला किया।

इजराइली सेना के एक अधिकारी के अनुसार निशाने पर दो सेंट्रिफ्यूज उत्पादन स्थल थे। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को तहस-नहस करने के इजराइल के लक्ष्य के तहत 24 घंटे में इस्फहान में हुआ यह दूसरा हमला था। इस्फहान प्रांत के सुरक्षा मामलों के डिप्टी गवर्नर अकबर सालेही ने पुष्टि की कि इजराइली हमलों में सुविधा को नुकसान पहुंचा है, लेकिन कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ। ईरान ने एक बार फिर इजराइल पर ड्रोन और मिसाइल दागे, लेकिन तत्काल कोई महत्वपूर्ण नुकसान की जानकारी नहीं मिली है। इजराइल की डेविड एडोम बचाव सेवा ने शनिवार को कहा कि उत्तरी इजराइल में दो मंजिला इमारत पर एक ईरान ड्रोन गिरा, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

इस बीच दोनों देशों के दरमियान तनाव कम करने के उद्देश्य से स्विटजरलैंड के जेनेवा में घंटों चली कूटनीतिक वार्ता बेनतीजा रही। यूरोपीय अधिकारियों ने भविष्य में वार्ता की आशा व्यक्त की जबकि ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने कहा कि वह आगे भी वार्ता के लिए तैयार हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इजराइल की ओर से लगातार हमले किए जाने के कारण ईरान को अमेरिका के साथ वार्ता करने में कोई रुचि नहीं है। उन्होंने पत्रकारों से कहा, यदि हमले बंद हो जाएं और हमलावर को उसके अपराधों के लिए जवाबदेह ठहराया जाए तो ईरान कूटनीतिक कदमों पर विचार करने के लिए तैयार है।

वार्ता के लिए कोई अगली तारीख तय नहीं की गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप संघर्ष में अमेरिकी सेना की सक्रिय भागीदारी पर विचार कर रहे हैं, जिसके बारे में अरागची ने शनिवार को कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण होगा। इस्तांबुल में इस्लामिक सहयोग संगठन की बैठक से इतर अरागची ने कहा, मुझे लगता है कि यह सभी के लिए बहुत खतरनाक होगा। इजराइल ने 13 जून को ईरान परमाणु और सैन्य ठिकानों, शीर्ष जनरलों और परमाणु वैज्ञानिकों को निशाना बनाकर हमले किए थे, जिसके जवाब में ईरान की ओर से हवाई हमले किए जाने के बाद दोनों देशों के बीच युद्ध छिड़ गया था। वाशिंगटन में स्थित ईरानी मानवाधिकार समूह के अनुसार, ईरान में 263 आम नागरिकों समेत कम से कम 657 लोग मारे गए हैं और 2,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं।



इजराइली हमले में ईरान की न्यूक्लियर साइंटिस्ट पर विस्फाट के बाद उठता धुआं।

### अमेरिका युद्ध में उतरा तो सभी के लिए खतरनाक होगा: ईरान

**तेल अवीव।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि अगर अमेरिका इजराइल के साथ युद्ध में सक्रिय रूप से शामिल होता है तो यह सभी के लिए बेहद खतरनाक होगा। ट्रंप अमेरिकी सैन्य भागीदारी पर विचार कर रहे हैं। अराघची ने इसी संदर्भ में कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण होगा। अराघची ने यह बात जिनेवा से वार्ता के बाद लौटते समय इस्तांबुल में पत्रकारों से बातचीत में कही। अराघची ने कहा कि वह आगे की बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि इजराइल की ओर से हमले जारी रहने के बीच तेहरान को अमेरिका के साथ बातचीत करने में कोई दिलचस्पी नहीं है।

### नेतन्याहू बोले- जब तक उनका देश चाहेगा तब तक ईरान में सैन्य अभियान चलेगा

**तेल अवीव।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि जब तक उनका देश चाहेगा तब तक ईरान में इजराइल का सैन्य अभियान चलेगा, जिसका मकसद ईरान के परमाणु कार्यक्रम और बैलिस्टिक मिसाइलों को खत्म करना है। इजराइल के एक शीर्ष जनरल ने भी इसी तरह की चेतावनी देते हुए कहा कि इजराइली सेना लंबे अभियान के लिए तैयार है। हालांकि नेतान्याहू अमेरिका की मदद के बिना यह लक्ष्य हासिल नहीं कर सकते। माना जा रहा है कि ईरान की फोरदो यूरेनियम संवर्धन सुविधा बंकरों को तबाह करने वाले अमेरिका के बमों से अभी बची हुई है। ट्रंप ने कहा है कि वह ईरान के खिलाफ इजराइल के अभियान में अमेरिका के शामिल होने को लेकर दो सप्ताह में फैसला लेंगे। इजराइल ने कहा कि कुद्स फोर्स के लिए फलस्तीन कोर के कमांडर सईद इज़ादी की कोम शहर के एक अपार्टमेंट में हत्या कर दी गई है। कुद्स फोर्स रिवॉल्यूशनरी गार्ड की एक विशिष्ट शाखा है जो ईरान के बाहर सैन्य व खुफिया अभियान चलाती है। इजराइल ने यह भी कहा कि उसने कुद्स फोर्स की हथियार हस्तांतरण इकाई के कमांडर को भी मार दिया है, जो हिज्बुल्ला और हमास को हथियार मुहैया कराने के लिए जिम्मेदार था। सेना ने कहा कि बेहनाम शाहरियारी की मौत पश्चिमी ईरान में यात्रा करते समय कार में हुई।

# ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक 517 भारतीय नागरिकों को लाया गया स्वदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विदेश मंत्रालय (एमईए) ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक 500 से अधिक भारतीय नागरिक ईरान से स्वदेश लौट आए हैं। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में निकासी अभियान की स्थिति के बारे में जानकारी साझा की।

इजराइल के साथ सैन्य टकराव तेज होने के बाद ईरान से निकाले गए छात्रों समेत भारतीय नागरिक शुक्रवार देर रात और शनिवार तड़के दिल्ली पहुंचे। भारत ने बुधवार को ईरान से अपने नागरिकों को निकालने के लिए ऑपरेशन सिंधु शुरू करने की घोषणा की थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर लिखा, ऑपरेशन सिंधु के तहत एक विमान भारतीय नागरिकों को स्वदेश ले आया है। भारत ने विशेष विमान से छात्रों और तीर्थयात्रियों समेत 290 भारतीय नागरिकों को ईरान से निकाला है। यह विमान 20 जून को रात साढ़े 11 बजे नई दिल्ली पहुंचा और सचिव (सीपीवी और ओआईए) अरुण चटर्जी ने वापस लौटे लोगों का स्वागत किया। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने तुर्कमेनिस्तान से आए एक निकासी विमान के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंधु जारी है। ईरान से भारतीयों को लेकर रवाना हुआ विशेष निकासी विमान बीती रात तीन बजे तुर्कमेनिस्तान के अश्गाबात से नयी दिल्ली पहुंचा। इसके साथ ही, ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से अब तक 517 भारतीय नागरिक स्वदेश लौट चुके हैं।



भारत लौटने के बाद परिजन के साथ छात्रा।

### ईरान में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को निकाल रहा है भारत

**तेहरान।** ईरान और इजराइल में जारी संघर्ष के बीच, भारत ईरान से अपने सभी नागरिकों को निकाल रहा है। यहां स्थित भारतीय दूतावास ने शनिवार को यह जानकारी दी। भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में आपातकालीन संपर्क नंबर और एक टेलीग्राम चैनल का लिंक प्रदान किया। पोस्ट में कहा गया है कि भारतीय दूतावास ईरान से सभी भारतीय नागरिकों को निकाल रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट की इमारत की भव्यता बनाए रखने के लिए शीशे हटाए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय की इमारत की मूल भव्यता और अन्य व्यवस्था सुलभ बनाने के मद्देनजर न्यायालय कक्षों के सामने लगे शीशे हटाने का फैसला पूर्ण न्यायालय ने लिया था। शीर्ष अदालत की ओर से शनिवार को कहा गया कि शीर्ष अदालत ने बार एसोसिएशनों के सुझाव पर हर पहलू से विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया।

कोर्ट ने कहा कि पूर्ण अदालत ने न्यायालय कक्ष संख्या एक से पांच के सामने लगाए गए शीशे (ग्लास ग्लेज़िंग) के संबंध में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) और सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन के सुझाव पर गौर किया। मूल भव्यता, दृश्यता, खूबसूरती और न्यायालय कक्ष तक आवाजाही संबंधी चिंताओं को लेकर उठाए गए मुद्दों पर सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद यह निर्णय लिया। गौरतलब है कि पिछले वर्ष तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के कार्यकाल के दौरान केंद्रीकृत एयरकंडीशन की व्यवस्था के उद्देश्य से शीशे के पैनल लगाए गए थे।



# ब्राजील में हॉट एयर बैलून में आग लगने से 8 की मौत, 13 घायल

**रियो डी जेनेरियो।** ब्राजील के दक्षिणी राज्य सांता कैटरीना में शनिवार को एक हॉट एयर बैलून में आग लगने से यह नीचे गिर गया, जिससे आठ लोगों की मौत हो गई। अग्निशमन कर्मियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय समाचार आउटलेट जी1 द्वारा साझा की गई वीडियो में 'हॉट एयर बैलून' आग की लपटों से घिरा हुआ और जमीन की ओर गिरता हुआ नजर आ रहा है तथा इससे धुएं का गुबार भी उठ रहा है। सांता कैटरीना के सैन्य अग्निशमन दल ने बताया कि इस हादसे में 13 लोग बच गए हैं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। 'हॉट एयर बैलून' में चालक सहित 21 लोग सवार थे।

# भारत-पाकिस्तान युद्ध रोकने के लिए मुझे नोबेल पुरस्कार नहीं मिलेगा : ट्रंप

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी**

राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि उन्हें भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोकने या रूस-यूक्रेन और इजराइल-ईरान संघर्षों में उनके प्रयासों के लिए नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा।

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर कहा, मैं चाहे कुछ भी करूं, लेकिन मुझे नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा। राष्ट्रपति ने अपने पोस्ट की शुरुआत इस बात से की कि उन्हें यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि वह विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ मिलकर कांगो और रवांडा के बीच संघर्ष रोकने के वास्ते एक अद्भुत संधि करा रहे हैं। इस संघर्ष को अन्य युद्धों की तुलना में कहीं अधिक हिंसक रक्तपात और मौतों के लिए जाना जाता है और दशकों तक यह जारी रहा। ट्रंप ने इस बात का उल्लेख किया कि रवांडा और कांगो के प्रतिनिधि इस संबंध में दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए सोमवार को वाशिंगटन में होंगे। उन्होंने इसे अफ्रीका के लिए और पूरी दुनिया के लिए एक महान दिन बताया। ट्रंप ने हालांकि कहा कि उन्हें उनके किसी भी प्रयास के लिए नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा।



- ट्रंप का झलका दर्द, कहा- मैं चाहे कुछ भी करूं, मुझे नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा

### ट्रंप को नोबेल के लिए नामांकित करेगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने शनिवार को कहा कि उसने हाल में भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान अपने निर्णायक कूटनीतिक हस्तक्षेप के लिए 2026 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की औपचारिक रूप से सिफारिश करने का फैसला किया है।

# ईरान के बारे में तुलसी गबार्ड की राय गलत थी: ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड की पूर्व में व्यक्त की गई इस राय को गलत बताया है कि अमेरिका के विचार में ईरान परमाणु हथियार नहीं बना रहा है। शुक्रवार को अपनी सुपर पॉलिटिकल एक्शन कमेटी के लिए धन जुटाने के वास्ते न्यूजर्सी पहुंचने पर ट्रंप से मार्च में कांग्रेस को दिए गए गबार्ड के बयान के बारे में पूछा गया।

दरअसल गबार्ड ने तब कहा था कि अमेरिकी जासूसी एजेंसियों का मानना है कि ईरान परमाणु हथियारों पर काम नहीं कर रहा है। इस पर राष्ट्रपति ने कहा, तो फिर, मेरा खुफिया समुदाय गलत है।

# 16 अरब लॉगइन लीक, एपल-गूगल जैसी कंपनियों के ग्राहकों को खतरा

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

- साइबर सुरक्षा संस्थान साइबर न्यूज के शोधकर्ताओं ने दी जानकारी

साइबर सुरक्षा संस्थान साइबरन्यूज के शोधकर्ताओं का कहना है कि अरबों की संख्या में लॉग-इन क्रेडेंशियल लीक होने के बाद ऑनलाइन डेटासेट में संकलित हो गए हैं, जिससे अपराधियों को हर दिन उपयोग किए जाने वाले उपयोगकर्ताओं के खातों तक अभूतपूर्व पहुंच मिल गई है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, शोधकर्ताओं ने हाल ही में 30 डेटासेट का पता लगा है, जिनमें से प्रत्येक में बड़ी संख्या में लॉग-इन जानकारी दी गई है। कुल मिलाकर 16 अरब से अधिक लॉग-इन जानकारियां लीक हुई हैं, जिनमें गूगल, फेसबुक और एप्पल समेत कई लोकप्रिय प्लेटफॉर्म के उपयोगकर्ताओं के पासवर्ड शामिल हैं। यह संख्या दुनिया की आबादी की तुलना में लगभग दोगुनी है, जिससे संकेत मिलता है कि प्रभावित उपभोक्ताओं के एक से अधिक खातों की जानकारी ली गई होगी। लीक होने की सूचना किसी एक स्रोत से नहीं आई है। यानी ऐसा नहीं है कि किसी एक कंपनी को निशाना बनाकर जानकारी लीक गई हो। अलग-अलग समय पर डेटा चुराया गया और फिर संकलित करके सार्वजनिक रूप से लीक किया गया। साइबरन्यूज ने कहा कि कई तरह के इन्फोस्टीलर्स इसके लिए सबसे अधिक जिम्मेदार हैं।




# नाइजीरिया के रेस्तरां में आत्मघाती हमला 10 लोगों की मौत

**अबूजा।** नाइजीरिया के पूर्वोत्तर राज्य बोर्नो स्थित रेस्तरां में हुए एक आत्मघाती विस्फोट में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई जबकि कई व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस प्रवक्ता नहूम दासो ने समाचार एजेंसी 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि कोनडुगा क्षेत्र में शुक्रवार देर रात यह विस्फोट हुआ था।

कोनडुगा निवासी इस्माइल अहमद ने बताया कि भारी बारिश के कारण आत्मघाती हमलावर किसी की नजर में नहीं आया। कोनडुगा बोर्नो राज्य की राजधानी माइदुगुरी से लगभग 30 किलोमीटर दूर है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि इस हमले में घायल हुए लोगों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**तैयारी** — ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले, राजनयिकों ने आतंकवाद से निपटने के लिए अधिक सहयोग का आह्वान किया

# ग्लोबल साउथ के हितों को मुख्यधारा में लाना प्रमुख लक्ष्य

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रियो डी जेनेरियो में अगले महीने होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले, समूह के प्रमुख सदस्य देशों के राजनयिकों ने आतंकवाद से निपटने पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता को रेखांकित किया और ग्लोबल साउथ के हितों और आकांक्षाओं को मुख्यधारा में लाने का आह्वान किया।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की आक्रामक शुल्क नीति के बीच राजदूतों ने अंतर-ब्रिक्स व्यापार के लिए राष्ट्रीय मुद्राओं के उपयोग के विस्तार का भी समर्थन किया और आर्थिक मुद्दों पर गहन सहयोग की वकालत की। वित्तीय समावेशन के तहत भारत ने ग्लोबल साउथ या विकासशील देशों की समस्याओं के समाधान को बढ़ावा देने में समूह के अहम महत्व पर जोर दिया और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में राष्ट्रीय मुद्रा के अधिक उपयोग की वकालत की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील के इस शहर की यात्रा कर सकते हैं। भारत के ब्रिक्स शेरपा और विदेश मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) दम्मू रवि ने कहा, ब्रिक्स को एकजुट होकर काम करना होगा और ग्लोबल साउथ के लिए समाधान खोजना होगा। इसके लिए प्रतिबद्धता, कड़ी मेहनत और भविष्य में उन मुद्दों पर गहराई से विचार करने की आवश्यकता है। रवि ने ब्रिक्स' को विकास मंच और भू-राजनीतिक शक्ति दोनों के रूप में आकार देने में भारत की बढ़ती हिस्सेदारी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, हम केवल भागीदार नहीं हैं - हम ब्रिक्स की राह की दिशा में योगदानकर्ता हैं।



### रियो में ब्रिक्स, विश्व व्यवस्था सम्मेलन का आयोजन

शुक्रवार शाम को रियो में ब्रिक्स: एक समावेशी और टिकाऊ विश्व व्यवस्था को आकार देना' नामक सम्मेलन को भरतीय विदेश मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) रवि ने संबोधित किया। सम्मेलन का आयोजन भारत में ब्राजील के दूतावास और वैश्विक मामलों पर केंद्रित एक प्रमुख थिंक टैंक सेंटर फॉर ग्लोबल इंडिया इनसाइट्स द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। रवि के अलावा, भारत में ब्राजील के राजदूत केनेथ फेलिक्स हैकिंस्की दा नोब्रेगा, रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव, इंडोनेशिया की राजदूत इना हग्निनिंग्ट्यास कृष्णमूर्ति और मिस्र के राजदूत कामेल जायद कामेल गलाल ने सम्मेलन में भाग लिया। राजदूतों ने आतंकवाद से निपटने के लिए ब्रिक्स देशों के बीच अधिक से अधिक सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर एक स्वर में बात की। उन्होंने आतंकवाद के प्रति समूह की प्रतिक्रिया की सराहना की और भारत में 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले का जिक्र करते हुए कहा, हमने कड़ी निंदा की। इससे पता चलता है कि ब्रिक्स प्रमुख मुद्दों पर एक स्वर में बोल सकता है।